# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

• बोकारो, सोमवार 28 सितम्बर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 133 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




धनबाद के हीरापुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में रविवार को ग्राहकों की भीड़

## संक्षिप्त समाचार

### झरिया एक्शन प्लॉन को लेकर समीक्षा बैठक 5 को दिल्ली में

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** केंद्र सरकार 5 अक्टूबर को झरिया एक्शन प्लान की समीक्षा करेगी। समीक्षा बैठक दिल्ली में होगी। बैठक में 13602 करोड़ रुपये के एक्शन प्लान में अब तक किये गये कार्यों की समीक्षा की जाएगी। दिल्ली में होने वाली समीक्षा बैठक में भाग लेने के लिए राज्य सरकार की ओर से तैयारियां की जा रही है। समीक्षा के दौरान राज्य सरकार की ओर से अब तक किये गये कार्यों की जानकारी दी जायेगी।

### दो घरों से साढ़े चार लाख की चोरी

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के देवरी थाना क्षेत्र के जमडीहाबागी गांव में शनिवार रात चोरों ने दो घरों का ताला तोड़कर करीब साढ़े चार लाख रुपए की संपत्ति चोरी कर ली। चोर इनरदेव हाजरा और सागर हाजरा के घर से नकदी, जेवरात और बर्तन ले गए। घटना की जानकारी रविवार सुबह परिवार के सदस्यों को हुई। इसके बाद गांव में चोरी की घटना को लेकर डर का माहौल है। इनरदेव हाजरा के घर से करीब दो लाख रुपये की संपत्ति चोरी होने की बात सामने आई है। वहीं सागर हाजरा के घर से करीब ढाई लाख रुपये की संपत्ति चोरी होने की बात बताई गई है।

### बरवाअड्डा में हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के भोलमारा गांव में शनिवार देर शाम जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। 25 से 26 हाथियों के झुंड ने खेतों में तैयार धान की फसल को रौंद दिया। इसके बाद हाथियों का झुंड गांव में घुस गया और पूर्व मुखिया स्वर्गीय प्रभु झांझी के घर की दीवार क्षतिग्रस्त कर दी। पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीण रतजगा कर अपने घर और गांव की निगरानी करने को मजबूर हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**जामताड़ा(नबिटा ब्यूरो)।** जामताड़ा व बोदमा रेलवे केबिन के बीच डाउन मेन लाइन पर रविवार तड़के ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान तेलईपाड़ा निवासी मोहित किस्कू (43) के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। जानकारी के अनुसार बोदमा केबिन से करीब 200 मीटर की दूरी पर रेल पटरी के पास मोहित किस्कू का शव पड़ा मिला। आशंका जतायी जा रही है कि किसी ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हुई है।

### बाइक सवार की मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** पचम्बा थाना क्षेत्र के कल्याणडीह के पास देर रात हुए सड़क हादसे में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार सौरभ साहू की मौत हो गई जबकि उसका साथी कुलदीप साहू गंभीर रूप से घायल हो गया।

## दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए पीवीयूएनएल और एलिम्को में समझौता

# दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी गतिशीलता बढ़ाने में मिलेगी सहायता : सीइओ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पतरातू(रामगढ़)।** दिव्यांगजनों के कल्याण, सशक्तीकरण और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) और आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एलिम्को) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ए.के. सहगल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. शिप्रा रानी तथा मानव संसाधन विभाग के प्रमुख जियाउर रहमान उपस्थित रहे। समझौते के तहत पीवीयूएनएल की ओर से पतरातू और आसपास के क्षेत्रों में जरूरतमंद दिव्यांगजनों की पहचान के लिए आकलन शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में पात्र एवं जरूरतमंद लोगों का पंजीकरण करने के साथ उनकी आवश्यकताओं का आकलन किया जाएगा। आकलन और चिकित्सकीय परीक्षण के आधार पर लाभार्थियों को उनकी जरूरत के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इन उपकरणों से दिव्यांगजनों को दैनिक जीवन के कार्यों में अधिक आत्मनिर्भर बनने और उनकी गतिशीलता बढ़ाने में सहायता मिलेगी। पीवीयूएनएल की यह पहल अपने परिचालन क्षेत्र के आसपास रहने वाले समुदायों के समग्र विकास और सामाजिक कल्याण के प्रति निगम की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने, उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने तथा सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन जीने के अवसर प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। पीवीयूएनएल अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर में सुधार तथा समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है।



## एलआइसी बिल्डिंग मे लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शहर के बिष्टुपुर इलाके में एलआइसी बिल्डिंग में अचानक आग लग गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बिष्टुपुर थाना प्रभारी ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में स्थित एलआइसी बिल्डिंग में आधी रात के बाद आग लगी। इसकी शुरुआत चौथी मंजिल से हुई। आग इतनी भीषण थी कि इसने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया और चौथी मंजिल पर मौजूद सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बिष्टुपुर थाने की पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बिल्डिंग में गेल इंडिया के दो कर्मचारी नाइट ड्यूटी पर थे। टाटा स्टील फायर डिपार्टमेंट ने दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। गौरतलब है कि एलआइसी बिल्डिंग बाजार और बैंकों के पास स्थित है। इस घटना में चौथी मंजिल पर मौजूद कंप्यूटर समेत सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। आग लगने की खबर मिलते ही एलआइसी के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है। बिष्टुपुर थाना प्रभारी निरंजन कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। आग लगने के सही कारणों की जांच की जाएगी।


## सीआरपीएफ कैंप में हवलदार की मौत

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी के तिरिल स्थित कैंप में सीआरपीएफ हवलदार ने आत्महत्या कर ली। हवलदार की खुद की राइफल से गोली चली है। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक जवान की पहचान भुवनेश्वर पाल के रूप में हुई है। वह डालटनगंज के रहने वाले थे और रांची स्थित सीआरपीएफ के तिरिल कैंप में पदस्थापित थे। जानकारी के मुताबिक गोली चलने की आवाज के बाद कैंप में मौजूद जवान और अधिकारी मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। सीआरपीएफ के आईजी साकेत सिंह ने जवान की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जवान की गोली लगने से मौत हुई है। फिलहाल घटना के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जवान की ड्यूटी, घटना से पहले की गतिविधियों और अन्य परिस्थितियों की जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस और सीआरपीएफ के अधिकारी मामले की जांच के बाद ही घटना के कारणों के संबंध में स्पष्ट जानकारी देने की बात कह रहे हैं। जवान के शव को आवश्यक प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है।

# देश के सम्मान को नुकसान पहुंचा रहे कांग्रेस नेता : भाजपा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने संवाददाता सम्मेलन कर इंडिया ब्लॉक, कांग्रेस और राहुल गांधी पर जोरदार निशान साधा है। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस के स्वभाव में लूट, झूठ और फरेब शामिल है। उन्होंने चुनाव आयोग पर कांग्रेस के आरोप को मनगढ़ंत और निराधार बताते हुए कहा कि उसके नेता राहुल गांधी देश-विदेश में भारत की छवि खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की ज्वाइंट प्रेस कार्फ्रेंस से यह साबित हो गया कि एसआइआर पर सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए थे। उन्होंने राहुल गांधी को मंदबुद्धि और मानसिक दिवालियापन का शिकार बताते हुए कहा कि वह विदेश जाकर देश की संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाते हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि ये लोग झूठ और फरेब की कैसी राजनीति करते हैं इसका उदाहरण है कि जहां और जिन राज्यों के चुनाव में कांग्रेस और उसके सहयोगी गठबंधन की जीत होती है, वहां-वहां ईवीएम ठीक और जहां-जहां ये चुनाव हार जाते हैं, वहां इवीएम खराब हो जाती है। ये लोग कभी सेना पर, कभी सेना की शौर्य गाथा पर, कभी सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों पर, कभी चुनाव आयोग पर सवाल उठाकर भारत की छवि खराब कर रहे हैं लेकिन इन्हें पता नहीं है कि कांग्रेस और इनके सहयोगी दल जनता की नजर से उतर चुके हैं। पीसी के दौरान आदित्य साहू के साथ प्रवक्ता अजय साह, राफिया नाज, नीरज सिंह और सतीश सिन्हा उपस्थित थे। गौरतलब हो कि भारतीय निर्वाचन आयोग की कल हुई बैठक और उसके बाद तीनों चुनाव आयुक्तों की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद से भारतीय जनता पार्टी आक्रामक हो गई है। इसके पूर्व झारखंड प्रदेश भाजपा कार्यालय में कांग्रेस के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने और अलग-अलग जगहों पर अन्य नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को स्क्रीन पर देखा।



## अलग-अलग हादसे में चार की मौत, पुलिस जवान समेत छह जख्मी

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के 12 किलोमीटर के दायरे में शनिवार की रात 8:00 बजे से लेकर रविवार की सुबह 8:00 बजे तक तीन अलग-अलग हादसे हुए हैं। इन हादसों में चार लोगों की मौत हो गई जबकि पुलिस जवान समेत छह लोग जख्मी हैं। तीनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा गया है। दरअसल शनिवार की रात 8:00 के बाद चैनपुर थाना क्षेत्र के रानीलाल के पास सड़क हादसा हुआ। दो बाइकों के बीच टक्कर में रामगढ़ थाना क्षेत्र के रहने वाले रंजीत कुमार नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हुए थे। सभी को इलाज के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भर्ती करवाया गया। एक जख्मी को दूसरे अस्पताल रेफर किया गया था जिसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में दो बाइकों के बीच हुई टक्कर में 32 वर्षीय सोनू कुमार की मौत हो गई जबकि इस घटना में एक पुलिस जवान भी गंभीर रूप से जख्मी है। पुलिस जवान ड्यूटी करके वापस लौट रहा था, इसी बीच बाइक की टक्कर हुई थी। तीसरी घटना चैनपुर थाना क्षेत्र के आंकड़ाही के इलाके की है जहां रविवार की सुबह 8:00 बजे के करीब एक पानी प्लांट के पास से 25 वर्षीय सोनू राम का शव बरामद हुआ है। सोनू राम का शव पानी के टंकी के पास पड़ा हुआ था। पुलिस के अनुसार सोनू राम शराब का अत्यधिक सेवन करता था।

## पलामू से लापता तीन नाबालिग लड़कियां गोपालगंज से बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर से लापता तीन नाबालिग लड़कियों को पुलिस ने बिहार के गोपालगंज से बरामद किया है। तीनों नाबालिग बिहार के गोपालगंज में नेपाल से सटे हुए इलाकों में मजदूरी का कार्य कर रही थीं। दरअसल मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र से 24 सितंबर को तीन नाबालिग लड़कियां गायब हो गई थी। परिजनों ने पूरे मामले में पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू किया। तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पलामू पुलिस को सूचना मिली कि तीनों नाबालिग बिहार के गोपालगंज के इलाके में हैं। इसी सूचना के आलोक में मेदिनीनगर टाउन थाना की पुलिस की एक स्पेशल टीम बिहार के गोपालगंज के एक इलाके में गई। वहां से तीनों नाबालिग का रेस्क्यू किया गया। बरामद तीन लड़कियों में दो चचेरी बहने हैं। दरअसल नाबालिग लड़कियों के गायब होने के दर्ज मामले 24 घंटे के बाद अपहरण के मामले में तब्दील हो जाते हैं। घटना से पहले तीनों लड़कियां मेदिनीनगर के गांधी पार्क घूमने के लिए गई हुई थीं। उसके बाद वह घर वापस आ गई थीं जहां पर तीनों को डांट पड़ी थी। डांट से नाराज होकर तीनों लड़कियां घर से बाहर चली गई थीं।

# गिरिडीह के बनियाडीह में फिर धंसी जमीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो


**गिरिडीह।** जिले के बनियाडीह स्थित लंकास्टर अस्पताल परिसर में शनिवार रात एक बार फिर जमीन धंस गई। भू-धंसान की चपेट में आने से परिसर का रसोईघर और जनरेटर रूम पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था जिससे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जमीन धंसने की घटना के बाद अस्पताल परिसर में रह रहे परिवारों और कर्मचारियों में दहशत फैल गई। शनिवार रात से ही कई लोग अपने घर खाली कर सुरक्षित स्थानों की ओर जाने लगे। रविवार सुबह परिवारों ने टेंपो और अन्य वाहनों की मदद से घरेलू सामान भी सुरक्षित जगहों पर पहुंचाना शुरू कर दिया। लंकास्टर अस्पताल परिसर में करीब एक महीने पहले भी भू-धंसान की घटना हुई थी। इसके बाद अस्पताल को बनियाडीह ऑफिसर्स क्लब में शिफ्ट कर दिया गया था। सीसीएल प्रबंधन ने परिसर को डेंजर जोन घोषित करते हुए वहां रहने वाले लोगों को मकान खाली करने का नोटिस जारी किया था। नोटिस के बाद स्टाफ और उनके परिवारों को दूसरे क्वार्टर में शिफ्ट करने की प्रक्रिया चल रही थी। इसी बीच शनिवार रात दोबारा जमीन धंसने से परिसर में रह रहे लोगों की चिंता और बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि डेंजर जोन घोषित क्षेत्र में रहना लगातार जोखिम भरा होता जा रहा है। लगातार हो रही बारिश के बीच दोबारा भू-धंसान की घटना से आसपास के लोगों में भी चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने सीसीएल प्रबंधन से पूरे परिसर की तत्काल जांच कराने और वहां रह रहे परिवारों को जल्द सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि पहले भी जमीन धंसने की घटना सामने आ चुकी है। दोबारा भू-धंसान ने खतरे की गंभीरता बढ़ा दी है। ऐसे में प्रभावित परिसर में रह रहे परिवारों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जल्द ठोस कदम उठाने की जरूरत है।



# टूटते रिश्तों को संवार रहा पलामू का सखी वन स्टॉप सेंटर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** टूटे और बिखरते रिश्ते को पलामू सखी वन स्टॉप सेंटर जोड़ रही है। वैसे महिलाएं या लड़कियां जो घर से बेघर हो गई हैं और घरेलू हिंसा से पीड़ित हैं, उनकी भी मदद की जा रही है। 2019 के बाद से सखी वन स्टॉप सेंटर ने 764 परिवारों को आपस में मिलाया है जबकि दर्जनों लड़कियों और महिलाओं को बिछड़े परिवार से मिलाया गया है। 2019 के बाद से सखी वन स्टॉप सेंटर में 183 महिलाओं को आश्रय दिया गया है जिनमें से 174 महिलाओं को उनके परिवार से मिलावाया गया है। दरअसल सखी वन स्टॉप सेंटर को 2015 में निर्भया फंड के तहत शुरू किया गया था। पलामू में 2019 से सखी वन स्टॉप सेंटर का संचालन किया जा रहा है। इसे चलाने की जिम्मेदारी परिवार एवं समाज कल्याण विभाग की है। संकट या हिंसा से पीड़ित महिलाओं की मदद के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर 24 घंटे कार्य करती है। पीड़ित महिला 181 पर कॉल करके या इससे संपर्क करके सखी वन स्टॉप सेंटर से मदद ले सकती है। पीड़ित महिलाओं के पास अगर रहने के लिए घर नहीं है या जगह नहीं है तो वह पांच दिनों तक सखी वन स्टॉप सेंटर में रह सकती हैं। जिन महिलाओं या लड़कियों को लंबे समय तक रहने की जरूरत होती है उन्हें स्वधार गृह भेजा जाता है। सखी वन स्टॉप सेंटर में हिंसा, घरेलू हिंसा या सामाजिक प्रताड़ना से पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता दी जाती है और परिवार के बीच मध्यस्थता भी करवाई जाती है। पलामू की एक महिला की शादी राजस्थान के रतनगढ़ में हुई थी। 2024 में बच्चे होने के बाद उसका पति उसे ससुराल नहीं ले जा रहा था। महिला ने सखी वन स्टॉप सेंटर से संपर्क किया जिसके बाद सेंटर ने उसके पति को नोटिस भेजा। बाद में दोनों परिवारों के बीच समझौता कराया गया, फिर पति महिला को अपने साथ वापस ले गया। बिहार की औरंगाबाद की रहने वाली 27 वर्षीय मूक बधिर लड़की चार-पांच महीने पहले अपने परिवार से बिछड़ गई थी। महिला के रेस्क्यू के बाद सखी वन स्टॉप सेंटर में रखा गया था। सखी वन स्टॉप सेंटर ने पूरे मामले में पहल करते हुए लड़की को उसके परिवार से मिलाया। राजस्थान के अलवर के किशनगढ़ की रहने वाली एक 18 वर्षीय लड़की विषम परिस्थितियों में सखी वन स्टॉप सेंटर में पहुंची थी। लड़की के पिता का निधन हो गया था जबकि मां ने दूसरी शादी कर ली थी। परिवार से बिछड़ने के बाद वर्षों तक लड़की बालिका गृह, उज्ज्वला गृह में रह रही थी। पलामू में बालिका गृह बंद होने के बाद लड़की को सखी वन स्टॉप सेंटर में रखा गया जहां लड़की के बारे में जानकारी इकट्ठा की गई और परिवार से संपर्क किया गया। इस दौरान लड़की के भाई और भाभी के बारे में जानकारी मिली लेकिन दोनों आर्थिक रूप से इतना कमजोर थे कि वह पलामू आ नहीं सकते थे। सखी वन स्टॉप सेंटर ने पूरे मामले में पहल करते हुए लड़की को उसके परिवार से मिलवाया। पलामू सखी टूटे हुए रिश्तों को जोड़ने का काम कर रही हैं। साथ ही हिंसा की शिकार महिलाओं को कानूनी और सामाजिक सहायता भी प्रदान कर रही है। सेंटर की केंद्रीय प्रशासक श्वेता शर्मा बताती हैं कि 2019 के बाद से सखी वन स्टॉप सेंटर में 783 मामले पहुंचे हैं जिसमें 764 का निष्पादन किया गया है। सखी वन स्टॉप सेंटर 24 घंटे कार्य करती है। कोई भी महिला 181 पर कॉल करके इससे मदद ले सकती है। सेंटर ने कई बिछड़े हुए परिवारों को आपस में मिलाया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान लगातार मॉनिटरिंग करते हैं और उनकी सहायता भी मिलती है। वहीं, सखी वन स्टॉप सेंटर में केस स्टडी का डाटा तैयार करने वाली आशना खातून बताती हैं कि कई मामले उन तक पहुंचते हैं जिसमें कई नाबालिग के मामले शामिल होते हैं। कुछ मामले साइबर क्राइम से भी जुड़ा होता है। कई घरेलू प्रताड़ना से भी जुड़े हुए रहते हैं। सभी का डाटा तैयार किया जाता है और जरूरत के हिसाब से उन्हें मदद पहुंचाई जाती है। सखी वन स्टॉप सेंटर की कानूनी सलाहकार सुप्रिया रंजन बताती हैं कि महिलाओं को कानूनी सलाह दी जाती है और उन्हें कानूनी सहायता भी उपलब्ध करवाई जाती है। साथ ही लोगों को उनके परिवारों से जोड़ने के लिए मध्यस्थता की सुविधा दी जाती है।

## समाचार सार

### आजादी से पहले शिक्षक बने विष्णुदेव सिंह का 115 वर्ष की उम्र में निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता सिकंदरा /जमुई।** प्रखंड क्षेत्र के कुमार गांव निवासी वयोवृद्ध शिक्षाविद एवं भूतपूर्व शिक्षक विष्णुदेव सिंह का रविवार को 115 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे इलाके के सबसे उम्रदराज लोगों में शामिल थे और अपने लंबे जीवन के साथ शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए भी जाने जाते थे। बताया जाता है कि विष्णुदेव सिंह आजादी से पहले ही शिक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे। उन्होंने कई दशकों तक बच्चों को शिक्षा दी और वर्ष 1986 में सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका जीवन अनुशासित और सक्रिय रहा। वे पिछले करीब 40 वर्षों से सरकारी पेंशन का लाभ ले रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार, बढ़ती उम्र के बावजूद वे सामाजिक गतिविधियों और क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख से जुड़े रहे। उनके निधन पर मां नेतुला मंदिर के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष हरदेव सिंह, पूर्व सचिव कृष्णनंदन सिंह, वर्तमान उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, उमाशंकर सिंह, अनुज सिंह समेत कई बुद्धिजीवियों ने गहरी संवेदना व्यक्त की। लोगों ने कहा कि उनके लंबे शिक्षक जीवन और सामाजिक सरोकारों को हमेशा याद किया जाएगा। लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना जताई।

### पुस्तकालय सामग्री घर ले जाने पर पंचायत सचिव घिरे, प्रमुख ने बीडीओ से की शिकायत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता चकाई/जमुई।** प्रखंड में पेटर पहाड़ी पंचायत के पंचायत सचिव शंकर कुमार पर पंचायत भवन से पुस्तकालय की सरकारी सामग्री अपने निजी आवास में रखने और कार्यों में मनमानी बरतने का आरोप लगा है। प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने बीडीओ मनीष आनंद को लिखित आवेदन सौंपकर सचिव के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की मांग की है।प्रमुख उर्मिला देवी ने पत्र में कहा कि 24 सितंबर को बालागोजी स्थित पंचायत भवन में ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों ने पुस्तकालय सामग्री गायब होने की शिकायत की थी। जांच के दौरान मौके पर सिर्फ फर्नीचर मिला, जबकि इनवर्टर, बैटरी सहित अन्य उपकरण नदारद पाए गए।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चारपहिया वाहन से सामान ले जाया गया है। प्रमुख का कहना है कि फोन पर संपर्क करने पर सचिव ने सामान लौटाने का भरोसा दिया था, लेकिन अब तक सामग्री नहीं पहुंचाई। साथ ही जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, वृद्धा पेंशन व राशन कार्ड सत्यापन कार्य में जनता को दौड़ाने और दुर्व्यवहार का भी आरोप है।इधर पंचायत सचिव शंकर कुमार ने कहा कि खराब मौसम और बारिश के कारण सामान पहुंचाने में विलंब हुआ था। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख को पहले ही जानकारी दे दी गई थी और सोमवार तक सामग्री पंचायत भवन में व्यवस्थित कर दी जाएगी।

**सचिव ने कहा- बारिश के कारण सामान पहुंचाने में हुई देरी**

### टिहिया में युवक पर जानलेवा हमले के मामले में चार गिरफ्तार, देवघर से पकड़े गए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता खैरा/जमुई।** खैरा थाना क्षेत्र के टिहिया गांव में 8 सितंबर की रात युवक देवेश्वर कुमार उर्फ दिलखुश कुमार पर तलवार और लोहे की रॉड से कथित जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चंदन सिंह, गणेश सिंह, वासुकी सिंह और गौतम सिंह को देवघर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मामले में नामजद कुछ आरोपित देवघर में मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चारों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।बता दें कि 8 सितंबर की रात करीब 9:30 बजे टीहिया गांव में सड़क पर खड़े देवेंद्र कुमार के साथ मारपीट का मामला सामने आया था। पीड़ित ने खैरा थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि विवाद के दौरान उस पर तलवार और लोहे की रॉड से हमला किया गया, जिससे उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई। पीड़ित ने कुछ लोगों पर गला दबाने तथा सोने की चेन और बजरंगबली का लॉकेट छीनने का भी आरोप लगाया था। आवेदन में जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया था। मामले में खैरा थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### जमुई में 1499.38 करोड़ की लागत से श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम का होगा कायाकल्प , बाजीगरों को मिलेगी नई सुविधाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई।** डीएम श्री नवीन ने बताया कि बिहार सरकार , खेल विभाग ने श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम की बदहाली दूर करने के लिए धनराशि स्वीकृत कर दी है। अब शीघ्र ही स्टेडियम का कायाकल्प होगा। सरकार ने कुल 1499.38 करोड़ रुपये की लागत से स्टेडियम जीर्णोद्धार कराए जाने की स्वीकृति दी है। नक्शा के मुताबिक गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य संपन्न कराया जाएगा। जीर्णोद्धार के अंतर्गत गैलरी, प्रवेश द्वार, पवेलियन रूम, चहारदीवारी, पार्किंग, एथलेटिक्स ट्रैक, क्रिकेट पीच, वर्षा जल संचय, नाली निर्माण, बागवानी, विद्युत आदि से जुड़े कार्य कराए जाएंगे।

# दुर्गापूजा को लेकर बटिया थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

**मूर्ति विसर्जन सूर्यास्त से पहले करने और मेले में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध का निर्देश**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता सोनो/जमुई।** दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर रविवार को बटिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष सुजाता कुमारी ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक, दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित रहे। आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष सुजाता कुमारी ने पूजा समितियों एवं उपस्थित लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से पूजा एवं मेला आयोजित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मूर्ति विसर्जन सूर्यास्त से पहले नदी में कर दिया जाए। साथ ही मेले के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने पूजा समितियों को सभी आवश्यक लाइसेंस एवं संबंधित कागजात थाना में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

थाना अध्यक्ष ने कहा कि मेले में आने वाले लोगों की सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे मेले के दौरान अपनी बच्चियों एवं परिजनों पर विशेष ध्यान दें। साथ ही भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अनावश्यक भीड़ से बचने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।बैठक में पुलिस पदाधिकारियों ने पूजा समितियों से भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा।

सभी उपस्थित लोगों ने शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में दुर्गा पूजा संपन्न कराने में प्रशासन को सहयोग करने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर बटिया थाना के एसआई रमेश प्रसाद यादव, एसआई रामप्रकाश राम, एसआई ललन राम, दहियारी पैक्स अध्यक्ष राजेंद्र यादव, नैयाडीह पंचायत के पंचायत समिति सदस्य निरंजन सिंह, झुमराज बाबा मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष लालू बरनवाल, कमेटी सदस्य प्रमोद बरनवाल, एवं रोहित माथुरी, बटिया दुर्गा मंदिर अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, बौझायत दुर्गा मंदिर अध्यक्ष अनुज सिंह, सद्दाम हुसैन, समसुद्दीन अंसारी, मजहर हुसैन, रमेश सिंह, पवन सिंह समेत बड़ी संख्या में पूजा समिति के सदस्य एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

# महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने अलीगंज चौक पर किया मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन

**इस्तीफे की मांग को लेकर सौपा बीडीओ को ज्ञापन**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अलीगंज/जमुई।** मतादाता सुची मे अनियमिताए व धांधली को लेकर महागठबंधन के कार्यकर्ताओ ने अलीगंज अस्पताल चौक पर मुख्य चुनाव आयोग ज्ञानेश्वर कुमार का पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व सीपीआईएम के नेता डा दिनेश कुमार ने किया।

पुतला दहन के पहले महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने अलीगंज बाजार मे घुमकर केन्द्र सरकार व चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया और अविलंब इस्तीफे की मांग किया। डा दिनेश कुमार ने बताया कि केन्द्र सरकार मिलकर चुनाव आयोग ने मतदाता सूची एव चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच कराने की मांग किया है।अगर नही किया गया तो हम सभी महागठबंधन दल के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा आर पार की लडाई होगी। मौके पर डा दिनेश कुमार,सीपीएम के जिला सचिव कामरेड सुनील सिंह,काग्रेस जिला महासचिव राजेश पासवान,परमेश्वर यादव,राजेन्द्र यादव,अमित कुमार,सुजीत कुमार,संजय कुमार,रवि कुमार,प्रखंड अध्यक्ष मकेश्वर यादव,अवधेश यादव,मनोज यादव,रामबालक यादव,मनोज राम के अलावे कई महागठबंधन कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विश्व पर्यटन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**पर्यटन को बढ़ावा देने का लिया संकल्प**

**खूंटी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में रविवार वार को भागीरथी पर्यटन विकास मित्र संघ के तत्वावधान में भगतसिंह चौक पर पर्यटन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भागीरथी पर्यटन विकास मित्र संघ के अध्यक्ष डॉ दीपक कुमार घोष ने कहा कि हर व्यक्ति प्रकृति प्रेमी होता है।झारखंड प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर राज्य है। यहां जलप्रपात, घने जंगल और पहाड़ पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यहां के जंगलों में मयूर,रंग बिरंगी जल पक्षी यहां के आने वाले पर्यटकों का मन मोह लेते हैं।मुरहू के समाजसेवी डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि प्राकृतिक छटाओं से परिपूर्ण कश्मीर से कन्याकुमारी तक पर्यटन के लिए पूरा भारत है,झारखंड में भी खूंटी एवं अन्य जिलों के कई स्थलों में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें विकसित करने की जरूरत है। अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तपन घोष ने कहा कि युवाओं को अपने क्षेत्र के पर्यटन स्थलों को साफ-सुथरा रखने, अतिथियों का सम्मान करने और भारतीय कला-संस्कृति को बढ़ावा देने की जरूरत है । युवा सामाजिक कार्यकर्ता ध्रुवेन्द्र भास्कर ने कहा कि बताया कि पर्यटन से न सिर्फ मनोरंजन होता है, बल्कि रोजगार बढ़ता है।

# जमुई में महिला जदयू सम्मेलन को ले जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जमुई।** रविवार को जदयू जिला कार्यालय के कपूर्री सभागार में आगामी 2 अक्टूबर 2026 को न्यू द्वारिका भवन में होने वाले जिला महिला जदयू सम्मेलन को लेकर एक तैयारी सह समीक्षा बैठक रखी गई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र महतो ने की।

इस बैठक में प्रदेश महिला उपाध्यक्ष ऊषा सिन्हा, जमुई महिला प्रभारी रेखा सिंह चौहान उपस्थित होकर अधिक से अधिक महिलाओं को इस सम्मेलन में शामिल होकर इसे सफल करने की बात कही। इस बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र महतो ने कहा कि बिहार में जीविका का गठन 2 अक्टूबर 2006 को हुआ और इसके 20 साल पूरे हो जाने के उपलक्ष्य में बीस साल बेमिशाल के तहत जो कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

**जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र महतो ने कहा कि बिहार में जीविका का गठन 2 अक्टूबर 2006 को हुआ और इसके 20 साल पूरे हो जाने के उपलक्ष्य में बीस साल बेमिशाल के तहत जो कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है**

उसमें जीविका दीदीयों के साथ हजारों हजार की संख्या में महिलाएं शामिल होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।इस बैठक का समापन जिला महिला अध्यक्षा रंजू देवी ने किया और इस बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर चौधरी जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता सुनील वर्णवाल, दलित प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अरुण भारती, जिला महासचिव दीपक कुमार, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सोनू रावत, जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश पीयूष, जदयू नगर अध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा, जमुई प्रखंड जिलाध्यक्ष जमील अहमद, बरहट प्रखंड अध्यक्ष भीष्म देव मंडल, खैरा प्रखंड अध्यक्ष रामानंद सिंह, अलीगंज प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार मेहता, सिकंदरा प्रखंड अध्यक्ष सुभाष महतो, लक्ष्मीपुर प्रखंड अध्यक्ष सरिता देवी, जमुई प्रखंड महिला अध्यक्ष रुकसार प्रवीण, पिंटू मंडल, विभा देवी गोलू कुमार के साथ साथ सैकड़ों महिला कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# थाना से महज एक किलोमीटर दूर चोरी

**घर का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी ले उड़े चोर**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता झाझा/जमुई।** झाझा थाना से महज एक किलोमीटर की दूरी पर सोहजाना स्थित डाक बंगला के समीप चोरों ने एक सूने आवास को निशाना बनाया। अज्ञात चोरों ने इंद्रदेव साव के घर का ताला तोड़कर बक्से और गोदरेज को खंगाला और करीब डेढ़ लाख रुपये के जेवरात सहित हजारों रुपये नकद लेकर फरार हो गए। चोरी की घटना से आसपास के लोगों में पुलिस गश्ती को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

पीड़िता आशा देवी ने बताया कि वह अपने भाई के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने बीते 22 तारीख को आसनसोल गई थीं। शनिवार की सुबह जब वह घर लौटीं तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला।

अंदर जाकर देखा तो बक्से और गोदरेज के ताले भी टूटे हुए थे।सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर सोने का मांगटीका, मंगलसूत्र, अंगूठी, सोने का बाला, तीन जोड़ी पायल सहित अन्य जेवरात और हजारों रुपये नकद गायब मिले।घटना की लिखित सूचना झाझा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घर का जायजा लेकर मामले की छानबीन शुरू की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की भी कवायद की जा रही है।

**सोहजाना डाक बंगला के समीप सूने आवास को बनाया निशाना, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शुरू की छानबीन**

समाजसेवी ने गश्ती पर उठाया सवालःसमाजसेवी गौरव सिंह राठौड़ ने कहा कि जिले में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग लगातार की जा रही है, लेकिन इस दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने प्रशासन से गश्ती दल बढ़ाने और शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों की सघन जांच कर चोरों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

# गूगल ने ज्ञान को घर-घर पहुंचाकर समाज में लाई सकारात्मक क्रांति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई।** गूगल दिवस के अवसर पर गूगल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राजकीय डिग्री महाविद्यालय इस्लामनगर अलीगंज के प्राचार्ज डॉ गौरी शंकर पासवान ने कहा कि हर वर्ष 27 सितंबर को विश्व गूगल डे (बर्थडे) मनाया जाता है।



गूगल ने ज्ञान को घर-घर पहुंचाकर समाज में सकारात्मक क्रांति लाने का काम किया है। इसने ज्ञान को केवल पुस्तकालयों और विशेषज्ञों तक सीमित नहीं रहने दिया, बल्कि उसे आम आदमी की उंगलियों तक पहुंचा दिया है। गूगल छात्रों के लिए अध्ययन और शोध का माध्यम बन चुका है। शिक्षक नई जानकारी शोध सामग्रियों और शैक्षणिक संसाधनों तक आसानी से पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक तभी मानव कल्याण का माध्यम बन सकती है, जब उसका उपयोग ज्ञान, विवेक और सकारात्मक उद्देश्य के साथ किया जाए। गूगल ने विश्व के समक्ष ज्ञान की दुनिया का द्वार खोल दिया है। उसे ज्ञान का सही और जिम्मेदार उपयोग करना समाज की जिम्मेदारी गूगल ने दुनिया को सूचना दी है सूचना तक पहुंचाने की गति और दृष्टि को बदल दिया है। आज ज्ञान की दूरी किलोमीटर में नहीं बल्कि एक क्लिक में मापी जाने लगी है।

डॉ.गौरी शंकर ने कहा कि गूगल के बिना दुनिया अधूरी है। गूगल शिक्षा और संचार का विश्वसनीय साथी है. गूगल केवल सर्च इंजन नहीं बल्कि, ज्ञान और संवाद का सेतु है. जिसने मानव सभ्यता को नई दिशा दी है.तकनीक की दुनिया में किसी ने सबसे अधिक बदलाव लाया है तो वह है गूगल। गूगल के बढ़ते प्रभाव के साथ चुनौतियां भी सामने आई हैं जैसे फेक न्यूज का प्रसार, निजता की सुरक्षा, और डिजिटल व्यसन आदि।

उन्होंने कहा कि आधुनिक युग की सबसे बड़ी तकनीकी उपलब्धियां में गूगल का नाम सर्वोपरि है। सन 1998 में लैरी पेज अमेरिका और सरगोई ब्रिन रूस द्वारा स्थापित किया गया था। गूगल ने आधुनिक सभ्यता को नई दिशा और नई सोच प्रदान की है।

उन्होंने कहा कि पहले किसी भी प्रश्न का उत्तर खोजने में समयके आज गूगल मात्र चंद सेकंड में लाखों विकल्प प्रस्तुत कर देता है। उन्होंने कहा कि गूगल ज्ञान का महासागर है। इसका ज्ञान कभी समाप्त नहीं होता है गूगल ने समस्या समाधान के लिए और सरल बना दिया गूगल ज्ञान की क्रांति और जिज्ञासा की कुंजी है। यह केवल एक सर्च इंजन नहीं, बल्कि हमारे जीवन शैली का हिस्सा है। गूगल 21वीं सदी की सूचना क्रांति का ध्वजवाहक है। एक क्लिक में पूरी दुनिया को हमारे सामने रख देता है।

# निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली और एसआईआर को लेकर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**28 सितंबर को जिला मुख्यालय पर विरोध मार्च**




**हजारीबाग, ब्यूरो।** निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली, विशेष गहन पुनरीक्षण (स्क्रक्रा), मतदाता सूची में बदलाव तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के संबंध में उठ रहे सवालों को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने मोर्चा खोल दिया है। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस की ओर से 28 सितंबर को हजारीबाग जिला मुख्यालय से कलेक्ट्रेट तक विरोध मार्च निकालने की घोषणा की गई है। कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से संबंधित आरोपों की स्वतंत्र जांच और उनके कार्यकाल में लिए गए निर्णयों की व्यापक समीक्षा की मांग की है। कांग्रेस के देशव्यापी विरोध कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर भी प्रदर्शन प्रस्तावित है। 27 सितंबर को हजारीबाग में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह जिला प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता जकाउल्ला तथा जिलाध्यक्ष जे.पी. पटेल ने संयुक्त रूप से पार्टी का पक्ष रखा। मौके पर बरही के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला तथा जिला कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष निसार खान भी मौजूद थे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। ऐसे में स्क्रक्रा के तहत मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधित करने की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत होनी चाहिए। पार्टी ने मतदाता सूची में किए गए बदलावों की स्वतंत्र समीक्षा कराने तथा उसके निष्कर्ष सार्वजनिक करने की मांग की।

# सनातन धर्म में पितृपक्ष का विशेष महत्व

**खूंटी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

सनातन धर्म में पितृपक्ष का विशेष महत्व है। आश्विन कृष्ण पक्ष के ये 15 दिन पितरों को याद करने, उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और तर्पण-श्राद्ध करने के दिन हैं। मान्यता है कि इस दौरान हमारे पूर्वज पितृलोक से धरती पर आते हैं और तर्पण से प्रसन्न होकर परिवार को सुख-समृद्धि और शांति का आशीर्वाद देते हैं। मुरहू के समाजसेवी डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि पितृपक्ष केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि उन संस्कारों को याद करना है जो हमारे पितरों ने हमें दिए। पिता ही परिवार की नींव होते हैं।ग्रामीण सह पड़ोसी विष्णु देव चौधरी ने कहा कि स्वर्गीय वशिष्ठ मुनि तिवारी जी का जीवन आज प्रेरणा बन गया है।उन्होंने कहा कि वशिष्ठ मुनि तिवारी ने जीवन भर समाजसेवा, शिक्षा औरधार्मिक मूल्यों को आगे बढ़ाया। वे कहते थे - "जीवित रहते माता-पिता की सेवा और जाने के बाद सच्चे कर्मों से उनका तर्पण ही सबसे बड़ा श्राद्ध है।"उनके दोनों पुत्रों धर्मेंद्र और सत्येन्द्र और परिजनों द्वारा पितृपक्ष में किया गया पिंडदान, ब्राह्मण भोज और गरीबों को दान उनके बताए आदर्शों का ही प्रतीक है। ग्रामीणों का कहना है कि तिवारी जी ने अपने जीवन से सिखाया कि पितर तभी प्रसन्न होते हैं जब उनके वंशज समाज के लिए कुछ अच्छा करते हैं। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि आज पितृपक्ष पर पिताजी को जल तर्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। परिजनों ने संकल्प लिया कि उनके सेवा, सादगी और परोपकार के मार्ग पर चलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पिता जी अपने पिता स्वर्गीय रामप्यारे तिवारी को तर्पण किया करते थे।वे कहा करते थे कि पितरों का तर्पण जल से ही नहीं, उनके आदर्शों को जीवन में उतारने से भी होता है।

**कर्म और सेवा से अमर हुए व्यक्तित्व**

### गिद्धौर में सघन वाहन जांच, 4 हजार रुपये जुमार्ना वसूला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता गिद्धौर/जमुई।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार को गिद्धौर-झाझा मुख्य राजमार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व थानाध्यक्ष राशि मलिक ने किया। इस दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को रोककर उनके कागजातों की गहन जांच की गई। जांच के क्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से कुल 4 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। अभियान में अवर निरीक्षक मनीष कुमार सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे। थानाध्यक्ष राशि मलिक ने बताया कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया है।

# विकसित भारत-जी रामजी की योजनाओं को गति देने के लिए समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई।** डीडीसी शिप्रा विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में 'विकसित भारत-जी राम जी' कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित विभिन्न जन- कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।




राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम के निदेशक , जिला कार्यक्रम पदाधिकारी , कार्यपालक अभियंता , कनीय अभियंता , सभी प्रखंडों के कार्यक्रम पदाधिकारी आदि ने समीक्षा बैठक में हिस्सा लिया और यथोचित जानकारी साझा की।

डीडीसी ने प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर जारी विकास कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग और तकनीकी मानकों के अनुसार अद्यतन अभिलेख संधारण पर विशेष बल देते हुए कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की तकनीकी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कार्यक्रम अधिकारी सतत अनुश्रवण सुनिश्चित करें। ग्रामीण बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण हेतु सभी पंचायतों में प्राथमिकता के आधार पर आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कराया जाए। यदि किसी चिन्हित स्थल पर भू-विवाद या अवैध कब्जे की स्थिति है तो उसका कारण सहित विस्तृत प्रतिवेदन अविलंब जिला कार्यालय को समर्पित करें ताकि आवश्यक कार्रवाई कर निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जा सके।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी प्रखंडों में ग्रामीण हाट का निर्माण कराया जाना है। इसके लिए पूर्व से संचालित पारंपरिक या स्थानीय बाजारों को चिन्हित कर प्रस्ताव भेजा जाए। मुक्तिधाम निर्माण की प्रक्रिया को गति देने हेतु सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को पंचायत रोजगार सेवकों , तकनीकी सहायकों एवं अंचल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र उपयुक्त स्थलों का चयन पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# जमुई एसपी ने सिमुलतला थानाध्यक्ष को उत्कृष्ट कार्य के लिये प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता सिमुलतला/जमुई।** जमुई के पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने उत्कृष्ट पुलिसिंग के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



सिमुलतला थानाध्यक्ष रूबी कुमारी सिमुलतला में पहली बार थानाध्यक्ष के रूप में अपनी कार्य भार सम्भालते ही, क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना ली, यहाँ तक कि शराब माफियाओं में सिमुलतला थानाध्यक्ष का एक अलग ही खोप बना रहता है।

झारखण्ड से बिहार में अंग्रेजी शराब की बड़ी बड़ी खेप की डीलिंग करने वाले माफिया सिमुलतला थानाध्यक्ष के चंगुल से बचने में नाकाम हो गया और लगातार कई बार सिमुलतला थानाध्यक्ष रूबी कुमारी के नेतृत्व में अंग्रजी शराब की बड़ी खेप फिल्मी अंदाज में बरामद किया गया।

यहां बता दें कि,सिमुलतला थ्सनाध्यक्ष रूबी कुमारी को बेहतर पुलिसिंग, हकीकत अनुसन्धान, लंबित काण्डों का त्वरित निष्पादनएवं थाना क्षेत्र में आम अवाम से अच्छा बनाव एवं माफियाओं पर शिकंजा जौसे उत्कृष्ट कार्यो के लिये प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करते हुए, नकद राशि से पुरष्कृत भी किया गया।

# नोटिस की सुनवाई के लिए मतदाताओं को इआरओ कार्यालय आने की जरूरत नहीं



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह व्यवस्था की गई है कि विशेष परिस्थितियों को छोड़कर नोटिस की सुनवाई के लिए मतदाताओं को इआरओ कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। वर्तमान एसआइआर के दौरान जिन व्यक्तियों को अनमैप्ड अथवा लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी के संबंध में नोटिस जारी किया गया है, उनके घर पर बीएलओ द्वारा स्वयं जाकर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर इसीआइएनइटी पर अपलोड किए जाएंगे, ताकि इआरओ द्वारा नियमानुसार निर्णय लिया जा सके। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आवश्यकतानुसार बीएलओ को घर-घर सत्यापन के दौरान बीएलओ सुपरवाइजर के द्वारा सहयोग किया जाए, साथ ही वैसे बीएलओ जो तकनीकी रूप से इसीआइएनइटी पर दस्तावेजों को अपलोड करने में कमजोर हैं, उनकी सहायता हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी आवश्यकतानुसार वॉलेंटियर एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं। के. रवि कुमार ने कहा कि एसआइआर के दौरान जिन व्यक्तियों को अनमैप्ड अथवा लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी सूची में नोटिस प्राप्त है, ऐसे व्यक्तियों को सामान्यतः इआरओ/एइआरओ कार्यालय में व्यक्तिगत सुनवाई हेतु बुलाने की आवश्यकता नहीं होगी। केवल असाधारण परिस्थितियों में, इआरओ के निर्णयानुसार, सुनवाई आयोजित की जाएगी, जिसे ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर निर्वाचक द्वारा परिवार के किसी वयस्क सदस्य को अपनी ओर से सुनवाई में उपस्थित होने के लिए अधिकृत किया जा सकेगा। साथ ही, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ऑनलाइन सुनवाई की सुविधाओं को सुदृढ़ एवं पर्याप्त रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन मतदाताओं को पूर्व में नोटिस की सुनवाई के लिए निर्धारित स्थल पर आने की सूचना दी जा चुकी है और वे स्वयं सुनवाई स्थल पर पहुंचते हैं, ऐसी स्थिति में वहां संबंधित पदाधिकारी उपलब्ध रहें। कोई भी मतदाता सुनवाई के लिए आए और उसे संबंधित पदाधिकारी उपलब्ध न मिले, ऐसी स्थिति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी आवश्यकतानुसार राहत शिविर/आश्रय स्थलों में रहने वाले व्यक्तियों, श्रमिकों, गरीब, बेघर एवं अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए पर्याप्त संख्या में हेल्प डेस्क/विशेष शिविर आयोजित करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर सुनवाई की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है वहां कैंप मोड में डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा करें। इसके साथ-साथ आउटरीच प्रोग्राम के तहत मतदाताओं को फॉर्म 6 के माध्यम से मतदाता सूची में जोड़ने एवं वर्तमान में मतदाताओं से प्राप्त फॉर्म 6, 6ए, 7 एवं 8 द्वारा प्राप्त आवेदनों का डिजिटाईजेशन एवं जिन मामलों में सुनवाई की आवश्यकता है, उनके लिए नोटिस जेनरेट करने की प्रक्रिया में भी तेजी लाएं। के. रवि कुमार ने विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत मतदाताओं को जारी नोटिस की सुनवाई के दौरान पदाधिकारियों को ठोस, स्पष्ट एवं कारणयुक्त स्पीकिंग ऑर्डर पारित करने का निर्देश दिया है।उन्होंने कहा कि प्रत्येक मामले में यह स्पष्ट रूप से देखा जाए कि संबंधित व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल होने की पात्रता पूरी करता है या नहीं। इसके लिए मुख्य रूप से यह सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित व्यक्ति भारत का नागरिक है, 1 अक्टूबर 2026 को उसकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है तथा वह संबंधित मतदान केंद्र क्षेत्र में सामान्य रूप से निवास करता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि एसआइआर की प्रक्रिया के दौरान कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा कोई भी अपात्र अथवा विदेशी नागरिक मतदाता सूची में शामिल न हो।

# बाढ़ पीड़ितों के बीच निजी कोष से बांटा सूखा राशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनिहारी /कटिहार।** मनिहारी नगर पंचायत क्षेत्र में बाढ़ का पानी धीरे-धीरे कम होने के बावजूद प्रभावित परिवारों की परेशानी अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। इसी को देखते हुए मनिहारी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद राजेश कुमार उर्फ लाखों यादव की ओर से निजी कोष से लगातार बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री और सूखा राशन का वितरण किया जा रहा है। सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव की मौजूदगी में नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 के विभिन्न टोलों में बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच सूखा राशन एवं राहत सामग्री वितरित की गई। इस दौरान वार्ड नंबर 9 के पंडित टोला, ब्राह्मण टोला, आजमपुर गोला, रविदास टोला, मुस्लिम टोला, चौधरी टोला, यादव टोला एवं पासवान टोला में जरूरतमंद बाढ़ पीड़ित परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाई गई। राहत सामग्री मिलने पर प्रभावित परिवारों ने राहत की सांस ली। मौके पर कटिहार सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने कहा कि मनिहारी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद राजेश कुमार उर्फ लाखों यादव बाढ़ आने के बाद से ही लगातार प्रभावित लोगों के बीच पहुंचकर उनकी मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य पार्षद की ओर से विशेष रूप से निजी कोष से सूखा राशन और अन्य राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

# मन की बात में सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर अशोक सिंघल के योगदान तक चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 138वें संस्करण को रविवार को बूथ संख्या 243 के अध्यक्ष टिंकू राम के साथ गिरिडीह के निवर्तमान महापौर सुनील पासवान ने अपने आवासीय कार्यालय में सुना। कार्यक्रम के बाद सुनील पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की सुरक्षा, जनगणना की शुरुआत और राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में सर्जिकल स्ट्राइक का उल्लेख करते हुए कहा कि एक दशक पूर्व भारतीय जवानों ने पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की थी। पासवान के अनुसार, प्रधानमंत्री ने इससे पहले देश में होने वाली आतंकी घटनाओं का भी जिक्र किया और सर्जिकल स्ट्राइक के बाद आतंकवादी घटनाओं में कमी आने की बात कही। सुनील पासवान ने बताया कि 'मन की बात' में उत्तराखंड के माना गांव का भी उल्लेख किया गया, जिसे भारत का पहला गांव कहा जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वहीं से देश की जनगणना की शुरुआत किए जाने की बात कही। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय अशोक सिंघल के 100वें जन्मदिवस का भी स्मरण किया गया। पासवान ने कहा कि अशोक सिंघल ने राम जन्मभूमि पर भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के लिए लंबे समय तक संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण उनके संघर्ष से जुड़े प्रमुख प्रसंगों में से एक है। इस अवसर पर अशोक राम, वासुदेव राम, दिलीप ठाकुर, टिंकू राम, जितेंद्र राम, प्रेम सिंह, संजय कुमार, सुनील रजक, शुभम पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।

## लंकास्टर अस्पताल परिसर में फिर धंसी जमीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सीसीएल गिरिडीह कोलियरी अंतर्गत बनियाडीह स्थित लंकास्टर अस्पताल परिसर में शनिवार की रात करीब नौ बजे एक बार फिर भू धंसान की घटना से हड़कंप मच गया। अचानक जमीन धंसने से अस्पताल परिसर स्थित रसोईघर और जनरेटर रूम पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। भू धंसान की जोरदार घटना के बाद अस्पताल परिसर में रह रहे परिवारों और कर्मचारियों के बीच दहशत फैल गई। खतरे की आशंका को देखते हुए लोग आनन-फानन में अपने घरों से बाहर निकल आए। कई परिवारों ने रात में ही अपना सामान टेंपो पर लादकर सुरक्षित स्थान की ओर निकलना शुरू कर दिया। इससे देर रात तक परिसर में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। एक महीने में दूसरी बार भू धंसान बताया जाता है कि करीब एक माह पहले भी लंकास्टर अस्पताल परिसर में भू-धंसान की घटना हुई थी। लगातार हो रही भू-धंसान की घटनाओं को देखते हुए सीसीएल प्रबंधन ने सुरक्षा के मद्देनजर अस्पताल का संचालन बनियाडीह ऑफिसर्स क्लब में शिफ्ट कर दिया था। इसके साथ ही सीसीएल प्रबंधन ने अस्पताल परिसर को डेंजर जोन घोषित करते हुए वहां रह रहे लोगों को परिसर खाली करने का नोटिस भी दिया था। इसके बावजूद परिसर में कई परिवार और अस्पताल कर्मचारी रह रहे थे। शनिवार रात फिर जमीन धंसने की घटना के बाद लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता और बढ़ गई है।

## 60 दिन से जारी धरने के बीच पहुंचीं जनप्रतिनिधि

**गिरिडीह।** जमुआ प्रखंड मुख्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर पिछले करीब 60 दिनों से जारी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के बीच जनप्रतिनिधि ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलनकारियों से मुलाकात की। उन्होंने धरने पर बैठे गौतम सागर राणा एवं उनके साथियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और मांगों की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इस दौरान आंदोलनकारियों ने अपनी मांगों से संबंधित समस्याओं को उनके समक्ष रखा। जनप्रतिनिधि ने संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर मामले में आवश्यक कार्रवाई एवं उचित समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जनता की जायज मांगों और समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। जनहित से जुड़े मुद्दों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास किया जाता रहेगा। उन्होंने आंदोलनकारियों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से पहल की जाएगी।

# 24 घंटे में दुरुस्त हुई कोर्रा थाना जाने वाली सड़क

## नवबिहार टाइम्स में छपी खबर का असरः

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना जाने वाली जर्जर सड़क को लेकर प्रकाशित खबर का असर महज 24 घंटे में देखने को मिला। सड़क की बदहाल स्थिति, कीचड़ और जलजमाव के कारण हो रही परेशानी को प्रमुखता से सामने लाए जाने के बाद थाना प्रभारी नेमधारी ने पहल करते हुए सड़क को दुरुस्त कराया। बारिश के बाद सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और कीचड़ जमा हो जाने से पैदल राहगीरों के साथ-साथ दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भी काफी परेशानी हो रही थी। थाना तक पहुंचने वाले आम लोगों, पुलिसकर्मियों और अन्य वाहन चालकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। समस्या की जानकारी सामने आने के बाद थाना प्रभारी नेमधारी ने तत्परता दिखाते हुए सड़क पर आवश्यक मरम्मत कार्य कराया। गड्ढों को भरने तथा कीचड़ से प्रभावित हिस्सों को आवागमन योग्य बनाने की पहल की गई। इससे लोगों को तत्काल राहत मिली और थाना आने-जाने वाले लोगों के लिए रास्ता पहले की तुलना में सुगम हो गया। स्थानीय लोगों ने सड़क की समस्या पर त्वरित संज्ञान लेने और तत्काल पहल करने के लिए थाना प्रभारी के प्रति आभार जताया। लोगों का कहना है कि समय रहते सड़क की मरम्मत होने से बारिश के दौरान होने वाली परेशानी काफी हद तक कम हुई है।



# सरिया में भारी बारिश से ओवरब्रिज के पास सड़क धंसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बगोदर-सरिया (गिरिडीह)।** भारी बारिश के कारण सरिया स्थित निर्माणाधीन रोड ओवरब्रिज के पास का रास्ता पूरी तरह से धंस गया है। सड़क धंसने के कारण इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। इस स्थिति को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सह अनुमंडल दंडाधिकारी, बगोदर-सरिया (गिरिडीह) ने आधिकारिक आदेश जारी कर ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया है। प्रशासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, सड़क का निर्माण और मरम्मत कार्य पूरा होने तक इस रूट पर चलने वाले सभी वाहनों को वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करना होगा। जारी किए गए नए निर्देशः बगोदर से राजधनवार जाने वाले या राजधनवार से बगोदर आने वाले सभी वाहन वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करेंगे। भरकट्टा से सरिया या बगोदर आने-जाने वाले वाहनों को भी डायवर्ट किए गए वैकल्पिक रास्तों से ही गुजरना होगा। प्रशासन ने आम नागरिकों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें।

# शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराना सुनिश्चित करें : डीडीसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा को लेकर उप विकास आयुक्त डा.नेहा कुमारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मातृत्व स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, प्रसव पूर्व जांच,अति जोखिम भरे रोगियों की पहचान, परिवार नियोजन, एनसीडी, इएचआर एवं एम्बुलेंस सेवाओं की गहन समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक एवं बीसीएम को शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व चारो जांच जिसमें विशेषकर चौथी के बाद नियमित फॉलोअप तथा जोखिम भरे गर्भावस्था के रोगियों की विशेष निगरानी करने का निर्देश दिया। ताकि समय पर रेफरल एवं सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित कराया जा सके। बैठक में सभी स्वास्थ्य संस्थानों के आइपीडी एवं ओपीडी के मरीजों की इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड में प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मातृत्व स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार लाने के साथ-साथ जिले में अपेक्षाकृत अधिक टीएफआर को ध्यान में रखते हुए परिवार नियोजन कार्यक्रम को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। डीडीसी ने परिवार नियोजन की समीक्षा को लेकर अलग से बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी के निर्देश पर बलरामपुर एवं बारसोई में संचालित पायलट प्रोजेक्ट की भी समीक्षा हुई। जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग, आइसीडीएस एवं जीविका के समन्वय से सभी प्रखंडों में तीन-तीन पंचायतों का चयन कर तीन माह के पायलट प्रोजेक्ट के दौरान होम डिलीवरी को शून्य एवं संस्थागत प्रसव को शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराने के लिए प्रयास किये जाने का निर्देश दिया गया। वहीं प्रत्येक बुधवार आयोजित संध्या चौपाल को इस अभियान के प्रभावी संवाद एवं जन-जागरूकता का माध्यम बनाने पर भी जोर दिया गया।

# बघार पंचायत में पीएम आवास योजना की सूची पर उठे सवाल

## सर्वे में 823 पात्र, अंतिम सूची में 367 नाम आने से वंचित लोगों में नाराजगी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनिहारी।** प्रखंड की बघार पंचायत में रविवार को आयोजित विशेष ग्रामसभा में प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभुक सूची को लेकर लोगों ने नाराजगी जतायी। ग्रामसभा में पंचायत के विभिन्न वार्डों से पहुंचे लोगों ने पूर्व में कराये गये सर्वेक्षण और अंतिम रूप से प्रकाशित सूची में पात्र लाभुकों की संख्या में बड़े अंतर का मुद्दा उठाते हुए मामले की जांच की मांग की। विशेष ग्रामसभा में मुखिया पिन्टू यादव, पंचायत के सभी वार्डों के वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य एवं आवास सहायक मौजूद थे। ग्रामसभा के दौरान आवास सहायक ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूर्व में कराये गये सर्वेक्षण में पंचायत क्षेत्र में 823 लोगों को पात्र पाया गया था। वहीं, अंतिम रूप से प्रकाशित सूची में महज 367 लाभुकों के नाम शामिल किये गये हैं। सर्वेक्षण में पात्र पाये जाने के बावजूद सूची से नाम गायब होने को लेकर बड़ी संख्या में वंचित लोगों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। ग्रामीणों ने कहा कि यदि सर्वेक्षण के दौरान पात्र पाये गये लोगों की संख्या 823 थी तो अंतिम सूची में मात्र 367 लोगों को ही शामिल किये जाने का आधार स्पष्ट किया जाना चाहिए। लोगों ने पात्रता के बावजूद नाम सूची में नहीं आने की स्थिति में पारदर्शी तरीके से पुनः जांच कराकर वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ दिलाने की मांग की। इस दौरान मुखिया पिन्टू यादव ने बघार पंचायत के साथ अधिकारियों पर सौतेला व्यवहार किये जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पंचायत के कई जरूरतमंद परिवार आवास योजना के लाभ से वंचित हैं, जबकि पूर्व के सर्वेक्षण में बड़ी संख्या में लोगों को पात्र पाया गया था। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामले की गंभीरता से जांच कर पात्र लाभुकों के नाम सूची में शामिल करने की मांग की।

# 302 लीटर विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोढा /कटिहार।** कोढ़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 302 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के हरिश्चंद्रपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शदीली चौक निवासी अब्दुल बारीक (28) रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 27 सितंबर 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि बसगढ़ा स्कूल के समीप एक व्यक्ति तीन पहिया जुगाड़ गाड़ी में लकड़ी के बीच छिपाकर अवैध विदेशी शराब लेकर जा रहा है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए कोढ़ा थाना पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और छापेमारी की। पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति मौके से भागने का प्रयास करने लगा। हालांकि पुलिस बल के सहयोग से उसे खदेड़कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अब्दुल बारीक बताया। इसके बाद पुलिस ने विधिवत तलाशी ली, जिसमें जुगाड़ गाड़ी में छिपाकर रखी गई कुल 302 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। बरामद शराब में 20 कार्टून किंगफिशर बियर ,चार कार्टून इंपीरियल ब्लू और तीन कार्टून रॉयल स्टैग शामिल बताए गए हैं। शराब बरामद होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में कोढ़ा थाना में मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। कार्रवाई में एसआई संजीत कुमार, अपर थानाध्यक्ष कुणाल कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल शामिल रहे।

# 50 हजार सिक्योरिटी मनी और बढ़े किराये पर दुकानदारों का विरोध, नगर निगम को कोर्ट जाने की चेतावनी

## दुकानदार संघ की बैठक में फैसला



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह नगर निगम दुकानदार संघ की ओर से रविवार को गिरिडीह टैक्सी स्टैंड स्थित मुसाफिरखाना में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संघ के सचिव हरमिंदर सिंह बग्गा मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान दुकानदारों ने नगर निगम द्वारा जारी नोटिस में सिक्योरिटी मनी और अप्रत्याशित रूप से बढ़ाए गए भाड़े की मांग पर नाराजगी जताते हुए अपने अपने विचार रखे। दुकानदार संघ ने कहा कि नगर निगम की ओर से दुकानदारों को जारी नोटिस में 50 हजार रुपये सिक्योरिटी मनी जमा करने तथा बढ़े हुए किराये की जानकारी दी गई है, जिसका संघ विरोध करता है। संघ के अनुसार, वर्ष 2023 में भी इसी प्रकार किराये में अप्रत्याशित वृद्धि की गई थी। उस समय दुकानदार संघ ने तत्कालीन नगर आयुक्त से मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत कराया था। संघ के अनुसार, नगर आयुक्त के हस्तक्षेप के बाद किराया वृद्धि और सिक्योरिटी मनी के मुद्दे पर विचार किया गया था। उस समय स्पष्ट निर्णय लिया गया था कि दुकानदारों से किसी प्रकार की सिक्योरिटी मनी नहीं ली जाएगी। साथ ही किराये में 100 से 150 रुपये तक की वृद्धि कर नई दर तय की गई थी। इसके अलावा लिखित रूप से तीन वर्षों में 10 प्रतिशत किराया वृद्धि का प्रावधान तय किया गया था। दुकानदार संघ का कहना है कि पूर्व में लिए गए निर्णय के बावजूद वर्ष 2026 में नगर निगम द्वारा फिर से नोटिस जारी कर 50 हजार रुपये सिक्योरिटी मनी और अप्रत्याशित भाड़े की मांग की जा रही है। बैठक में दुकानदारों ने इस निर्णय का विरोध करते हुए कहा कि पूर्व में तय व्यवस्था के विपरीत नई मांग स्वीकार नहीं की जाएगी। संघ ने निर्णय लिया कि पूरे मामले से नगर आयुक्त को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया जाएगा और पूर्व में तय नियमों के अनुसार समस्या का समाधान करने की मांग की जाएगी। संघ ने चेतावनी दी कि यदि मामले पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो नगर निगम के खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम की होगी। बैठक में बसंत कुमार, राजेश कुमार, चंदन केसरी, गणेश कुमार, धनंजय सिंह समेत कई दुकानदार मौजूद थे।

# सर्राफा व्यवसायी से लूट का पर्दाफाश, आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** देवरी थाना क्षेत्र के चतरो में सर्राफा व्यवसायी से हुई लूट की घटना का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को देवघर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संतोष पासवान उर्फ चरकू (27 वर्ष) के रूप में हुई है, जो बिहार के जमुई जिले के चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के बेलाटांड़/माधोपुर का रहने वाला बताया गया है। पुलिस ने उसके पास से लूटे गए चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन तथा घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। 16 अगस्त की शाम हुई थी वारदातः पुलिस के अनुसार, 16 अगस्त 2026 की शाम करीब 7:15 बजे चतरो स्थित न्यू स्वर्ण शांति ज्वेलर्स के संचालक श्याम सुंदर सोनार दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान सुनसान स्थान पर अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। पीड़ित के आवेदन पर देवरी थाना कांड संख्या 81/26 दर्ज करते हुए बीएनएस की धारा 309(4) एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की गई थी।तकनीकी साक्ष्य से पहुंची पुलिसः घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर खोरीमहुआ एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्य और आसूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए संतोष पासवान को देवघर से गिरफ्तार कर लिया। लूट की बाइक से ही वारदात को दिया अंजामः जांच में पुलिस को यह भी पता चला कि घटना में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल पहले किसी अन्य व्यक्ति से लूटी गई थी। अपराधियों ने बाइक का नंबर प्लेट बदलकर उसका इस्तेमाल सर्राफा व्यवसायी से लूट की वारदात में किया था।

# अंतर्राष्ट्रीय इनर व्हील प्रेसिडेंट के हाथों जरूरतमंद बुजुर्ग महिला को मिली ट्राइसाइकिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** इनर व्हील क्लब ऑफ़ गिरिडीह सनशाइन ने एसोसिएशन गोल "सीनियर केयर – टच थे रोओट्स , स्प्रेड थे जॉय " के तहत चलने में असमर्थ एक जरूरतमंद बुजुर्ग महिला को ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराकर सेवा और संवेदना की मिसाल पेश की। पटना में आयोजित 'मैत्री संध्या' कार्यक्रम में इंटरनेशनल इनर व्हील प्रेसिडेंट इंगेलोग व्यधामन, एसोसिएशन प्रेसिडेंट वीनूठा हरीश एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन प्रियका कुमार ने रिबन काटकर बुजुर्ग महिला को ट्राइसाइकिल भेंट की। इस अवसर पर क्लब की ट्रेअसुरेर रश्मि गुप्ता भी मौजूद रहीं। ट्राइसाइकिल मिलने के बाद बुजुर्ग महिला भावुक हो उठीं। उन्होंने क्लब के सदस्यों और उपस्थित पदाधिकारियों को ढेरों आशीर्वाद दिया। इंटरनेशनल इनर व्हील प्रेसिडेंट इंगेलोग व्यधामन एवं एसोसिएशन प्रेसिडेंट वीनूठा हरीश ने क्लब के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए जरूरतमंदों के लिए इस तरह के सार्थक प्रयास लगातार जारी रखने को प्रोत्साहित किया। प्रेसिडेंट राखी झुंझुवाला के नेतृत्व में इनर व्हील क्लब ऑफ़ गिरिडीह सनशाइन लगातार जरूरतमंद लोगों की सहायता और सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में सक्रिय है। क्लब का उद्देश्य सेवा परियोजनाओं के माध्यम से जरूरतमंदों को सहयोग देने के साथ-साथ उन्हें सम्मान और आत्मनिर्भरता का अवसर प्रदान करना है।

# लंबित कार्यो को 15 दिनों के अंदर निष्पादित करे : जयंतकांत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** समाहरणालय स्थित पुलिस अधीक्षक के कार्यालय कक्ष में जयंत कांत पुलिस उप-महानिरीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग बिहार पटना-सह-प्रभारी नोडल पदाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार कटिहार की उपस्थिति में लंबित कांडों की समीक्षा की। उन्होंने कांडों के शीघ्र निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस दौरान अपराध शाखा, हिन्दी शाखा, लेखा शाखा,डीसीबी शाखा, अभियोजन शाखा, त्वरित विचारण शाखा एवं डीआईयू शाखा के कार्यों की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । साथ ही पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय -सह-यातायात एवं सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन एवं पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान मोबाइल छिनतई की घटनाओं का गहन अवलोकन किया गया तथा घटनाओं में शामिल अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई एवं सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया। आर्म्स एक्ट एवं अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कटिहार पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की सराहना करते हुए आगे भी इसी प्रकार प्रभावी कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया गया।विशेषकर पूरे जिले में महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों को वायरलेस संचार व्यवस्था 24×7 सुचारू रूप से संचालित रखने का निर्देश दिया गया। गश्त प्रभारियों पर नियंत्रण हेतु उनके जीपीएस रूट की प्रतिदिन समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। जिले के सभी थानाध्यक्षों को वाहन चेकिंग अभियान चलाकर विशेष रूप से बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों को जब्त करने हेतु निर्देशित किया गया। आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई करने तथा पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु सभी संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान छः पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया तथा लंबित कार्यो को 15 दिनों के अंदर निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# दो वर्षीय बच्चे की संदिग्ध मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरारी /कटिहार।** बरारी प्रखंड के पश्चिमी बारीनगर पंचायत के वार्ड संख्या 15 में दो वर्षीय बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान मो. तस्लीम के दो वर्षीय पुत्र मो. फहीम के रूप में हुई है। बच्चे का शव घर से कुछ दूरी पर परवल के खेत में पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मृतक के पिता मो.तस्लीम ने बताया कि शनिवार की सुबह वह मजदूरी करने के लिए खेत में चले गए थे। बच्चे की मां बीबी संतरा खातून भी पटुआ छोड़ने के काम से बाहर गई हुई थीं। घर पर उनका दो वर्षीय पुत्र फहीम था। करीब 11 बजे उन्हें सूचना मिली कि उनका बच्चा घर के बगल में कुछ दूरी पर स्थित परवल के खेत में मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद वे तत्काल मौके पर पहुंचे। घटना के बाद बच्चे की मौत को लेकर तरह तरह की चर्चा होने लगी। कुछ ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई जबकि कुछ लोगों का कहना है कि बच्चे की मौत किसी अन्य कारण से भी हो सकती है। फिलहाल मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।बरारी पुलिस के अनुसार घटनास्थल से बच्चे की हत्या से संबंधित कोई स्पष्ट साक्ष्य फिलहाल नहीं मिला है।

# गैराज मालिक को गोलियों से भूना

अमालोगें में रोष व दहशत व्याप्त
राजद ने सरकार पर बोला हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के भूपतिपुर इलाके में शनिवार रात बाइक सवार बदमाशों ने एक गैराज मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान अंजनी नंदन कुमार के रूप में हुई है। वह भूपतिपुर में नंदन ऑटोमोबाइल नाम से गैराज चलाते थे। वारदात के बाद इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि अंजनी नंदन कुमार शनिवार रात गैराज बंद करने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन पर अचानक फायरिंग कर दी। गोली लगने के बाद वह सड़क पर गिर पड़े। हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद बाइक से फरार हो गए।

गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से घायल अंजनी नंदन कुमार को कंकड़बाग स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया गया कि उन्हें तीन गोलियां लगी थीं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना की सूचना मिलते ही रामकृष्ण नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और वहां से तीन खोखे बरामद किए हैं। जांच के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके।

गैराज मालिक की हत्या के बाद बिहार में राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। राजद ने इस मामले को लेकर सीएम सम्राट चौधरी पर हमला बोला है। राजद ने कहा कि जब तक राज्य भर से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हत्या, बलात्कार, छेड़छाड़, लूट, छिनतई, गोलीबारी, हत्या की कोशिश, चोरी, ठगी, साइबर फ्रॉड, घूसखोरी... इत्यादि के कुल 300-400 मामले नहीं सुन लेते हैं, नींद ही नहीं आती है। बिहार में लगातार बढ़ रहे अपराध पर वह मौन हैं। वहीं वामदल ने एनडीए सरकार को संरक्षण देने का आरोप लगाया है।

# अपनी ही सरकार पर चिराग ने जतायी नाराजगी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध और बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर राज्य की राजनीति गरमा गई है। अब चिराग पासवान भी मीडिया के सामने इस मुद्दे पर खुलकर बोल रहे हैं। विभिन्न जिलों से आ रही आपराधिक घटनाओं की तस्वीरों ने महिला सुरक्षा के दावों पर सवालिया निशान लगा दिए हैं, जिससे प्रदेश की छवि पर भी बुरा असर पड़ रहा है।लगातार हो रही इन वारदातों से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के अहम सहयोगी और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान नाराज नजर आ रहे हैं।

एक इंटरव्यू और मीडिया से बात करते हुए चिराग पासवान ने अपनी ही सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। एनडीए के साथी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि राज्य में अपराध के जो हालात हैं, उसे देखकर उन्हें मौजूदा सरकार का सहयोगी होने पर शर्मिंदगी महसूस होती है।

एक इंटरव्यू के दौरान जब उनसे बिहार की वर्तमान स्थिति और उनके रुख को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रदेश का कोई भी नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहा है। चिराग ने स्पष्ट किया कि चूंकि उनकी पार्टी सरकार में शामिल है, इसलिए वे इस नाकामी की जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकते। उन्होंने कहा कि सरकार का हिस्सा होने के नाते मैं इस सच्चाई से मुंह नहीं मोड़ सकता। मुझे खुद इस बात पर शर्म आती है कि हम ऐसी व्यवस्था के साथ खड़े हैं जहां इस तरह की घटनाएं लगातार घट रही हैं। इन मामलों को किसी भी स्थिति में हल्के में नहीं लिया जा सकता।

# चौदह वर्षों बाद लौटी बेटी, परिजन हुए भावुक

**15 वर्षीय किशोरी मानसिक अस्वस्थता में गयी थी भटक, अब हो गयी लगभग 30 की**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** चौदह वर्ष पहले लापता हुई और जिसे परिजन मृत मान चुके थे, वह बेटी आखिरकार अपने घर लौट आई है। मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण वर्ष 2011 में घर से भटकी युवती का लंबे समय तक इलाज कराया गया। चिकित्सा और परामर्श के बाद याददाश्त वापस आने पर उसे परिजनों से मिलाया गया। परिवार के अनुसार, उसकी आयु अब करीब 30 वर्ष हो चुकी है। वर्ष 2011 में गढ़वा जिले के रमना प्रखंड स्थित चटनिया गांव की रहने वाली करीब 15 वर्षीय किशोरी मानसिक अस्वस्थता के कारण भटकते हुए पश्चिम बंगाल के हावड़ा पहुंच गई थी। हावड़ा बाल कल्याण समिति ने उसे अपने संरक्षण में लेकर एक वर्ष तक बाल गृह में रखा। शुरूआती दिनों में वह ठीक से बोल नहीं पा रही थी। पूछताछ में वह केवल इतना बता पाती थी कि वह झारखंड की रहने वाली है। इसके बाद वर्ष 2012 में उसे देवघर स्थित बालिका गृह में स्थानांतरित कर दिया गया। यहां उसकी देखभाल जारी रही और परिवार से जुड़ी जानकारी हासिल करने का प्रयास किया जाता रहा। देवघर बालिका गृह में रहने के दौरान युवती का रांची स्थित रिनपास में नियमित इलाज कराया गया। इसके साथ ही संस्था में उसकी लगातार काउंसलिंग भी की जाती रही। शुरूआती वर्षों में उसकी मानसिक स्थिति ऐसी थी कि वह अपने परिवार के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही थी।

लगातार इलाज, परामर्श और देखभाल के बाद उसकी स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होने लगा। समय बीतने के साथ उसने अपने पिता का नाम, जिला और भाई-बहनों के नाम बताने शुरू किए। इन जानकारियों के आधार पर उसके परिवार की तलाश शुरू की गई।

बाल कल्याण समिति देवघर ने रमना थाना प्रभारी और क्षेत्र के मुखिया से संपर्क किया। स्थानीय स्तर पर छानबीन और सत्यापन के बाद युवती के परिवार का पता लगाया गया। लंबे समय से बेटी की कोई खबर नहीं मिलने के कारण परिजनों ने उसे मृत मान लिया था। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद 25 सितंबर को देवघर बालिका गृह में युवती को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। 14 साल बाद बेटी को सामने देखकर परिवार में भावुक माहौल रहा।

## क्रॉम्पटन की नई फेस्टिव लाइट्स रेंज से घरों को मिलेगा रोशनी और सजावट का नया अंदाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** फेस्टिव सीजन को खास बनाने के लिए क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने गैलेक्सी फेस्टिव लाइट्स रेंज पेश की है। नई रेंज में आकर्षक डिजाइनों के साथ अलग-अलग लाइटिंग इफेक्ट और कलर ऑप्शन दिए गए हैं, जिन्हें घर की विभिन्न जगहों को सजाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। रेंज में गैलेक्सी लीफ, स्नोबॉल, डायमंड, पिक्सेल और स्पार्कल शामिल हैं। इनमें वार्म वाइट, आरजीबी और मल्टीकलर जैसे लाइटिंग विकल्प उपलब्ध हैं। इनका इस्तेमाल घर के प्रवेश द्वार, खिड़कियों, बालकनी, रेलिंग, शेल्फ और अन्य सजावटी जगहों पर किया जा सकता है। क्रॉम्पटन के अनुसार, लाइट्स को आसान उपयोग, भरोसेमंद प्रदर्शन और कम बिजली में अच्छी रोशनी के लिए तैयार किया गया है। इनमें टिकाऊ प्लग, बीआईएस मानकों के अनुरूप इनपुट वायर और भारतीय सॉकेट व जॉइंटर्स के साथ इस्तेमाल होने वाले पिन दिए गए हैं। लॉन्च के अवसर पर क्रॉम्पटन में लाइटिंग बिजनेस के हेड शालीन नायक ने कहा कि फेस्टिव लाइटिंग अब केवल रोशनी तक सीमित नहीं है, बल्कि उत्सव और घर की सजावट का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई है। उन्होंने कहा कि गैलेक्सी फेस्टिव लाइट्स रेंज में डिजाइन, प्रदर्शन और विश्वसनीयता का संयोजन दिया गया है।

## नदी से लाश बरामद

**मुजफ्फरपुर।** जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र में बूढ़ी गंडक नदी में तैरता हुआ एक लापता किशोर का शव मिला है। मृतक किशोर की पहचान पूर्वी चंपारण के राजेपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले मदन शाह के पुत्र संकेत आर्य (16) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, मृतक छात्र दो दिन पहले अपने दोस्तों के साथ फिल्म देखने के लिए निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। रविवार को शव मिलने के बाद परिजन आक्रोशित हो गए और हत्या की आशंका जताते हुए जमकर हंगामा किया। मृतक के परिजनों के आक्रोश को देखते हुए आनन-फानन में पुलिस और एसडीपीओ टाउन-1 सुरेश कुमार मौके पर पहुंचे और मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

## नेपाल में भारी बारिश से गंडक उफान पर

**वाल्मीकिनगर।** बारिश ने एक बार फिर से लोगों की चिंताए बिहार में बढ़ा दी है। वहीं, पटना में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि नेपाल में गंडक नदी के जल अधिग्रहण क्षेत्र में पिछले 24 घंटों में वषार्पात सामान्य से काफी अधिक रहा है। वर्तमान में गंडक नदी पर स्थित वाल्मीकिनगर बराज पर 27 सितंबर 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे 4,24,000 क्यूसेक जलश्राव प्रवाहित हुआ और इसकी प्रवृत्ति बढ़ने की है। उक्त प्रवाहित जलश्राव के मद्देनजर सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट मोड में रखा गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वाल्मीकिनगर बराज से लगभग 80 किलोमीटर ऊपर नेपाल के देवघाट गेज स्थल पर दर्ज वर्तमान जलस्तर के अनुरूप वाल्मीकिनगर बराज पर लगभग 5 लाख क्यूसेक या उससे अधिक जलश्राव शाम तक आने की संभावना है। ज्ञातव्य है कि यह जलश्राव वर्ष 2024 के अधिकतम जलश्राव 5,62,500 क्यूसेक की तुलना में कम रहने की संभावना है। इसके बावजूद विभाग द्वारा सतत निगरानी एवं चौकसी बरती जा रही है।

## पुस्तकालयाध्यक्ष पात्रता परीक्षा, 2026 का नोटिफिकेशन जारी

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष पात्रता परीक्षा, 2026 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया एक अक्तूबर से शुरू होगी, जबकि अभ्यर्थी 21 अक्तूबर तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के लिए वेबसाइट निर्धारित की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने बताया कि विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष पात्रता परीक्षा में कुल 150 अंकों के प्रश्न पूछे जाएंगे। इनमें 100 अंक पुस्तकालय विज्ञान विषय से और 50 अंक सामान्य ज्ञान से संबंधित होंगे। परीक्षा कंप्यूटर आधारित टेस्ट मोड में आयोजित की जाएगी। परीक्षा की अवधि 150 मिनट यानी ढाई घंटे होगी। प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे और प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

## बारिश से बिगड़े हालात, खाट पर ले जायी गयी प्रसूता

**नरकटियागंज।** पश्चिम चंपारण के नरकटियागंज क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण स्थिति तेजी से बिगड़ने लगी है। उफनाई पंडई नदी का पानी सड़कों पर आ गया है, जिससे स्वाधीनता सेनानी पं. राजकुमार शुक्ल की कर्मभूमि मुरली भरहवा गांव का संपर्क पूरी तरह कट गया है। गांव की मुख्य सड़क पर करीब चार फीट तक पानी बह रहा है, जिससे गाड़ियों का आना-जाना ठप हो गया है। रविवार को मुरली भरहवा गांव के वार्ड आठ निवासी विशाल शुक्ल की गर्भवती पत्नी गंगाजल देवी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। मुख्य सड़क पर चार फीट पानी होने के कारण कोई भी वाहन चालक गांव के भीतर जाने को तैयार नहीं हुआ। इसके बाद ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए महिला को खाट पर लिटाया और पानी के बीच से मुख्य सड़क तक पहुंचाया, जहाँ से ऑटो द्वारा अस्पताल भेजा गया।

## 152 से बढ़कर करीब 230 तक हो सकती है पंचायतों की संख्या

**जमुई।** जिले के सिकंदरा और अलीगंज क्षेत्र में प्रशासनिक सीमाओं और पंचायतों का भूगोल तो कई बार बदला, लेकिन पंचायतों की कुल संख्या का चुनावी गणित पिछले 57 सालों से लगभग एक ही जगह पर थमा रहा। वर्ष 1969 और 1978 के दौर में भी एकीकृत सिकंदरा में 27 से 28 पंचायतें थीं और आज भी दोनों प्रखंडों को मिलाकर लगभग वही संख्या कायम है।

हालांकि, अब दशकों पुराने इस संख्यात्मक गणित को नया परिसीमन पूरी तरह बदलने जा रहा है। पंचायती राज विभाग द्वारा वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर प्रति 7,000 की ग्रामीण आबादी पर नई ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन की कवायद शुरू हो चुकी है। इस नए फामूर्ले के लागू होते ही जमुई जिले में पंचायतों की कुल संख्या 152 से बढ़कर करीब 230 तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि सिकंदरा और अलीगंज प्रखंडों में यह आंकड़ा संयुक्त रूप से 38 से 40 तक पहुंच सकता है। प्रशासनिक अभिलेख भले ही हर दौर के पूरी तरह उपलब्ध न हों, लेकिन उस समय पंचायतों का नेतृत्व करने वाले पूर्व मुखियाओं की गवाही इसकी पुष्टि करती है।

# चित्रगुप्त पूजा के साथ कायस्थ महासम्मेलन शुरू

**वैवाहिक वेबसाइट का किया गया शुभारंभ**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद चित्रांश महासभा, गाजियाबाद द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन, लोहिया नगर गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में आयोजित कायस्थ महासम्मेलन चित्रगुप्त पूजन के साथ गणेश वंदना और चित्रगुप्त वन्दना के साथ शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉक्टर अरूण कुमार सक्सैना ने किया, उद्घाटन भाषण के दौरान मंत्री ने कहा कि आप नौकरी माँगने के वजाए व्यवसाय में आए और नौकरी देने का कार्य करें। इसके पश्चात मंत्री ने कायस्थ शादी-विवाह. कॉम के नाम से वैवाहिक वेबसाइट का अपने हाथों शुभारंभ किया। महर्षि यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति सह अध्यक्ष अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि कि आप शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाए।

गाजियाबाद के विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कहा कि कायस्थ समाज के बगैर समाज अधुरा है, कायस्थ परिवार सिर्फ अपना चिन्ता नहीं करता बल्कि और समाज का भी चिन्तन करता है। आज अगर सनातन जिन्दा है तो इसका मुख्य कारण चित्रगुप्त परिवार है। नन्दग्राम के नगर पार्षद विरेन्द्र त्यागी ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने में आज भी चित्रगुप्त परिवार का योगदान है। महासम्मेलन में 18 प्रदेश पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, महाराष्ट्र,



मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, तेलंगाना, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के कई शहरों से कायस्थ संगठन के पदाधिकारी का आगमन हुआ।

महासम्मेलन में आने वाले सभी आगंतुक को गाजियाबाद चित्रांश महासभा के अध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव ने सम्मान और अभिनन्दन किया और कार्यक्रम के अंत में सफल आयोजन के लिए महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नूपुर श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## एकजुट होकर संघर्ष का आह्वान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** भूसंडा पशु मेला के लगभग 92 एकड़ जमीन तथा सलेमपुर पईन के अतिक्रमण होने से राज्य सरकार द्वारा वर्षों से प्रस्तावित स्टेडियम, किसानों की मंडी के निर्माण नहीं होने तथा जगजीवन कॉलेज सहित नारायण नगर, सिद्धार्थपुरी में जल जमाव से आमजन त्राहि- त्राहि कर रहे हैं, जिससे निजात दिलाने हेतु मानपुर वासियों को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।

बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, रंजीत कुमार सिंह, शंभू शरण सिंह, मदन सिंह, सुरेश प्रसाद यादव, प्रो दीना नाथ, डॉ मदन कुमार सिन्हा आदि ने कहा कि भूसंडा पशु मेला के बाजार समिति बिहार सरकार के अधिपत्य वाली 92 एकड़ जमीन जिसके दक्षिण छोर पर 13 एकड़ जमीन स्टेडियम के निर्माण हेतु वर्षो से अधिग्रहित है तथा इसके निर्माण हेतु 2023 से ही स्टेडियम के निर्माण हेतु 05 करोड़ रुपया भी निर्गत किया गया। इस मैदान में वर्षों से साल में दो बार कार्तिक एवं चैत्र मास में पशु मेला लगते आ रहा था।

## अखिल भारत सर्वोदय मंडल कार्य समिति की दो दिवसीय बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** अखिल भारत सर्वोदय मंडल की कार्य समिति की दो दिवसीय बैठक बाबा आबा कांबले की अध्यक्षता में हिसारिया विवाह भवन सीतामढ़ी बिहार में संपन्न हो गया। बैठक में 6 राज्यों के करीब 62 प्रतिनिधियों ने भाग लेकर देश भर में बढ़ रहे महिलाओं के प्रति अपराध की घटना पर रोक लगाने,बिहार भूदान यज्ञ समिति कोअविलंब पुनर्गठन करने,भूदान एवं महाराष्ट ग्रामदान अधिनियम की और सक्रिय बनाने,उड़ीसा में नशाबंदी लागू करने ,अदानी ग्रुप के द्वारा सामाजिक कार्यकताओं को झूठे मुकदमा में फसाने का निंदा एवं विरोध करने,चुनाव आयोग द्वारा लोकतंत्र की हत्या करने,सेटेलाइट सिटी योजना का किसानों के द्वारा विरोध करने,खादी संस्थाओं के समक्ष उत्पन्न स्थिति वो संकट, गांधी स्मृति यात्रा का राज्य स्तर पर आयोजन करने आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक में 8राज्यों में गांधी स्मृति यात्रा का आयोजन, देश भर के 200 साथियों की एक टीम बनाकर सर्वोदय समाज का मजबूत करने का कार्य करना,60गांवों में महिलाओं के बीच शांति सेना शिविर का आयोजन करना,भूदान एवं खादी ग्रामोद्योग की समस्या को लेकर मुख्य मंत्री बिहार से मिलने का कार्यक्रम बनाया गया।

इस अवसर पर गुजरात से महादेव विद्रोही,मध्य प्रदेश के अरुण भारतीय,महाराष्ट से बाबा कामले, एवं धर्मेंद्र सिंह राजपुर,झारखंड से विश्वनाथ,आजाद,विनोद स्वरूप, उड़ीसा से कैलाश साहू,रमाकांत भाई,बिहार से डॉ आनंद किशोर, विजय भाई,सीमा कुमारी,नंद किशोर मंडल,चंद्र भूषण,राम प्रमोद मिश्रा,संजीव कुमार,सूर्य नारायण भारती,मुनीश ओम प्रकाश सिंह अधिवक्ता, प्रवीण सिंह,डॉ दीपक कुमार सिंह, के अलावे कई जिलों के सर्वोदय के अध्यक्ष, लोकसेवक, सर्वोदय मित्र उपस्थित थे। बैठक में अगला अधिवेशन उड़ीसा, और कार्य समिति की बैठक सतना मध्यप्रदेश में आयोजित करने का तय किया गया।

# 10 करोड़ की ठगी के आरोप में पंचायत सचिव गिरफ्तार

**एक साल में बदले थे 132 सिम कार्ड, साथ ले गयी रायगढ़ पुलिस**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** करीब 10 करोड़ की साइबर ठगी और 132 सिम कार्ड के इस्तेमाल से जुड़े मामले में मध्य प्रदेश की रायगढ़ पुलिस ने पटना एसटीएफ और कलेर थाना पुलिस के सहयोग से शनिवार की रात कलेर प्रखंड के पंचायत सचिव टोनी कुमार को गिरफ्तार किया है।

टोनी कुमार पिता संजय राम गोपालगंज जिले के छपिया गांव के निवासी बताए जाते हैं। कलेर प्रभारी थानाध्यक्ष गुड्डू कुमार ने बताया कि पंचायत सचिव टोनी कुमार को रायगढ़ पुलिस साइबर क्राइम के मामले में गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है।

उसके खिलाफ रायगढ़ थाने में कांड संख्या 282/26 दर्ज है। पुलिस जांच में एक वर्ष के दौरान टोनी कुमार द्वारा 132 अलग-अलग सिम कार्ड इस्तेमाल किए जाने की बात सामने आई है।

कलेर बीडीओ सुशील कुमार के अनुसार शनिवार की रात मध्य प्रदेश पुलिस के साथ पटना एसटीएफ की टीम टोनी कुमार को गिरफ्तार करने कलेर पहुंची थी।

कलेर थाना पुलिस के सहयोग से कार्रवाई पूरी की गई और गिरफ्तारी के बाद रायगढ़ पुलिस उसे अपने साथ ले गई। पंचायत सचिव के रूप में काम करने वाले व्यक्ति के खिलाफ इतने बड़े साइबर अपराध के आरोप में गिरफ्तारी के बाद प्रखंड स्तर पर भी मामला चर्चा का विषय बन गया है।

पंचायत सचिव कलेर में प्रखंड कर्मियों के आवास में रह रहा था और काले रंग की थार से घूमता था, महंगे मोबाइल फोन का इस्तेमाल करता था। अब जांच एजेंसियों की नजर साइबर नेटवर्क से जुड़े मोबाइल नंबरों, सिम कार्ड, बैंक खातों, डिजिटल लेनदेन और अन्य संदिग्ध लोगों पर है। पुलिस जांच में यदि आरोपों की पुष्टि होती है तो मामले में साइबर ठगी के नेटवर्क की पूरी तस्वीर सामने आ सकती है।

## कई मीडिया अकाउंट पुलिस राडार पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** जिले के भीतर लगातार हो रहे वीडियो प्रसारित मामले में पुलिस की रडार पर इस समय 40 से अधिक इंटरनेट मीडिया अकाउंट है। पुलिस इन अकाउंट की निगरानी कर रही है। अकाउंट की हर एक गतिविधियों पर पैनी निगाह रख रही। लगातार बढ़ रहे वीडियो की संख्या से पुलिस हलकान है। पूर्व में वायरल हुए वीडियो जिसमें पीड़िता का चेहरा स्पष्ट हो रहा, उन सभी अकाउंट पर कार्रवाई की तैयारी भी की जा रही। कपूरींग्राम के वीडियो मामले में दो दर्जन से अधिक अकाउंट की निगरानी की जा रही है। इसमें अलग-अलग प्लेटफार्म के अकाउंट शामिल है। उक्त वीडियो को शूट करने वाले की पुलिस ने पहचान कर ली है। वह भी नाबालिग बताया जा रहा। वहीं मामले में पुलिस अब तक पीड़िता तक अपनी पहुंच नहीं बना सकी है। पुलिस की टीम पीड़िता से अब भी संपर्क करने के प्रयास में ही जुटी है। पीड़िता बालिग है या नाबालिग यह भी पुलिस अब तक स्पष्ट नहीं कर सकी है।

**जब बच्चों के पीछे चले अधिकारीगण**

# बच्चों ने ठानी डीएम से शिकायत करने की जिद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** जिले के केसठ प्रखंड के रामपुर चकौड़ा स्थित राजकीय अंबेडकर छात्रावास में मूलभूत सुविधाओं की कमी और कथित अव्यवस्था के विरोध में रविवार को करीब 150-200 छात्र-छात्राएं अचानक सड़क पर उतर आए।

छात्रावास से करीब 30 किलोमीटर दूर बक्सर जिला मुख्यालय के लिए बच्चों ने पैदल मार्च शुरू कर दिया। बच्चों का कहना था कि वे अपनी समस्याएं सीधे जिलाधिकारी के सामने रखना चाहते हैं।

उन्हें रास्ते में रोकने और समझाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की पूरी टीम लगी रही, लेकिन बच्चे डीएम से मिलने की जिद पर अड़े रहे।

सुबह छात्रावास परिसर में हंगामे के बाद बच्चे बाहर निकलने लगे। सूचना मिलने पर बासुदेवा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन बच्चे नहीं माने। इसके बाद वे पैदल आगे बढ़ते हुए कोरानसराय पहुंचे।

यहां कोरानसराय थाने की पुलिस भी उनके साथ हो गई। बाद में डुमरांव एसडीओ, जिला कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

बच्चे जिला मुख्यालय पहुंचकर आंबेडकर चौक के पास रेलवे स्टेशन मार्ग को जाम करते हुए धरना पर बैठ गए हैं। सदर अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश कुमार ने बच्चों से कहा कि वह समाहरणालय में चले और वहां चलकर बात करें उनकी सभी जायज मांगे पूरी कर दी जाएंगी।

लेकिन बच्चे वहां से आगे बढ़ने के लिए तैयार नहीं हैं। आंबेडकर चौक पर उनके पहुंचने की सूचना के बाद सदर प्रखंड के महदह स्थित आंबेडकर छात्रावास के बच्चे और अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग की राजनीति करने वाले छात्र नेता और स्थानीय युवा भी वहां पहुंचने लगे हैं।

बच्चे आंबेडकर की प्रतिमा से हटकर अब रोड जाम कर दिए। ये अपनी मांगें पूरी करने और डीडब्ल्यूओ को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं।

अधिकारी लगातार बच्चों से उनकी समस्याएं जानने और उन्हें समझाने का प्रयास करते रहे। उन्हें यह भी कहा गया कि वे पैदल जाने के बजाय गाड़ियों में बैठ जाएं, प्रशासन उन्हें सुरक्षित बक्सर पहुंचा देगा। हालांकि बच्चे अपनी मांग पर कायम रहे और कहते रहे कि वे अपनी बात जिलाधिकारी के सामने ही रखेंगे।

## स्टंटबाजों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, दो पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सड़क को स्टंट का मैदान समझने वालों की अब खैर नहीं। जेपी गंगा पथ डसे लेकर शहर के दूसरे प्रमुख मार्गों पर खतरनाक तरीके से वाहन चलाकर वीडियो बनाने और उसे इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने वालों पर यातायात पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।

प्रसारित वीडियो के आधार पर दो अलग-अलग मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दोनों मामलों में बीएनएस की धारा 281 के तहत कार्रवाई हुई है।

संबंधित वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जेपी गंगा पथ पर वाहन से स्टंटबाजी का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था। वीडियो यातायात पुलिस की नजर में आने के बाद इसकी जांच की गई। इसके बाद गांधी मैदान यातायात थाना में संबंधित वाहन चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस वीडियो के आधार पर चालक की पहचान और अन्य साक्ष्य जुटाने में लगी है। इसी तरह दूसरा मामला बाईपास यातायात थाना क्षेत्र का है। कच्ची दरगाह से राघोपुर पुल के बीच सड़क पर वाहन से स्टंट करने का वीडियो सामने आया था।

पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेकर जांच शुरू की और प्राथमिकी दर्ज की। यहां भी संबंधित चालक के लाइसेंस पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

कुछ दिन पहले जेपी गंगा पथ पर थार से खतरनाक स्टंट का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था। यातायात पुलिस की नजर वीडियो पर पड़ी तो पंजीयन नंबर के जरिए वाहन मालिक की पहचान की गई। यातायात नियमों के उल्लंघन पर चार हजार रुपये का चालान किया गया। पुलिस ने कार्रवाई को सार्वजनिक करते हुए स्टंट के मूल वीडियो के साथ चालान की रसीद भी इंटरनेट मीडिया पर डाल दी।

## गांजे की खेप के साथ तस्कर धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** उत्तर प्रदेश और नेपाल सीमा से सटे जिलों में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मुजफ्फरपुर पुलिस को सफलता मिली है।

अहियापुर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बैरिया बस स्टैंड में छापेमारी कर 28.06 किलोग्राम गांजा के साथ एक अंतरजिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान वैशाली जिले के भगवानपुर निवासी मिथुन कुमार के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपित के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। नगर एसडीपीओ टू के निर्देश पर गठित अहियापुर पुलिस की विशेष टीम को सूचना मिली थी कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले कुछ लोग बस से दूसरे राज्यों में जाने की तैयारी में हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने बैरिया बस स्टैंड परिसर में घेराबंदी कर जांच शुरू की।

पुलिस को देखकर एक युवक भागने लगा। जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उसे खदेड़कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके बैग और पैकेटों से 28.06 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।साइबर डीएसपी हिमांशु कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपित के पास से बरामद मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है। पुलिस की तकनीकी सेल मोबाइल के काल रिकार्ड और वाट्सएप चैट की जांच कर रही है।

इससे गांजे की खेप कहां से लाई गई थी और इसे मुजफ्फरपुर समेत आसपास के किन इलाकों में पहुंचाया जाना था, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस को आशंका है कि गिरफ्तार आरोपित के तार अंतरप्रांतीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह से जुड़े हो सकते हैं।

जांच के आधार पर इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## दुर्घटनाग्रस्त छात्रा को गन्ना मंत्री ने पहुंचाया अस्पताल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** गढ़पुरा-हसनपुर पथ पर मालीपुर सुंदरवन के समीप रविवार सुबह करीब 9 बजे सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार छात्रा घायल हो गई। इसी दौरान उधर से गुजरते बखरी विधायक सह गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने मानवता की मिसाल पेश की। सड़क पर पड़ी छात्रा को देखते ही काफिला रुकवाया और तत्काल उसे अपनी गाड़ी से इलाज के लिए हसनपुर भेज दिया।

बताया गया कि मालीपुर पंचायत के वार्ड संख्या 13 निवासी शत्रुघ्न पासवान की 18 वर्षीय पुत्री स्वीटी कुमारी बीए की छात्रा है। वह रविवार को साइकिल से कोचिंग क्लास करने गढ़पुरा जा रही थी। इसी दौरान मालीपुर सुंदरवन से पहले मुसहरी के समीप एक अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में जोरदार ठोकर मार दी। दुर्घटना में छात्रा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। इसी बीच मालीपुर मुखिया के यहां पितृशोक में सांत्वना देने जा रहे मंत्री उधर से गुजरे। अचानक उनकी नजर घायल छात्रा पर पड़ी। उन्होंने बिना देर किए अपना वाहन रुकवाया और घायल छात्रा की स्थिति देखकर स्वयं मदद के लिए आगे आए।

उन्होंने सहयोग देते हुए छात्रा को अपनी गाड़ी में बैठाकर इलाज के लिए हसनपुर भेजा। मंत्री के इस संवेदनशील कदम की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

लोगों ने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल जनसमस्याओं को सदन में उठाना ही नहीं, बल्कि जरूरत के समय लोगों के साथ खड़ा होना भी है।

घायल छात्रा को देखकर तत्काल मदद के लिए आगे आना जनप्रतिनिधि के मानवीय सरोकार और संवेदनशील सोच को दशार्ता है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भी मानवीय संवेदना और सहयोग की भावना की चर्चा की जा रही है।

# भारतीय संस्कृति और विरासत से जुड़ने का सशक्त माध्यम है 'नमस्ते न्यूजीलैंड': डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड दौरे के क्रम में बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भारतीय महावाणिज्य दूतावास, ऑकलैंड की ओर से श्री स्वामीनारायण मंदिर परिसर, पापाटोएटो में आयोजित 'नमस्ते न्यूजीलैंड 2026' सांस्कृतिक महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विदेशों में आयोजित ऐसे सांस्कृतिक आयोजन भारतीय संस्कृति, परंपराओं और विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि हजारों वर्षों की सभ्यता, संस्कृति और परंपराओं की विरासत है। भारतीय भाषाएं, त्योहार, संगीत, नृत्य, पारिवारिक मूल्य और जीवनशैली देश की विशिष्ट पहचान हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के लोग अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहते हुए न्यूजीलैंड की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना विशेष रूप से जरूरी है। भारतीय संगीत, नृत्य, भाषाओं और परंपराओं से जुड़ाव बच्चों और युवाओं में अपनी पहचान और विरासत के प्रति गर्व की भावना विकसित करता है। आर्थिक प्रगति और आधुनिकता के साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत का महावाणिज्य दूतावास, ऑकलैंड भारतीय संस्कृति, भाषाओं और मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। ऐसे आयोजन भारत और न्यूजीलैंड के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्यों, विविधता के सम्मान और बहुसांस्कृतिक समाज की भावना में विश्वास रखने वाले मित्र देश हैं। न्यूजीलैंड में रह रहा भारतीय समुदाय दोनों देशों के बीच मैत्री और सहयोग का महत्वपूर्ण सेतु है। अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने आयोजन की सफलता के लिए कलाकारों, स्वयंसेवकों, सामुदायिक संगठनों और आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कामना की कि यह आयोजन आने वाले वर्षों में और व्यापक रूप ले तथा भारतीय संस्कृति की विरासत को नई पीढ़ियों तक पहुंचाने का माध्यम बना रहे। इस अवसर पर ऑकलैंड के महावाणिज्य दूत डॉ. मदन मोहन सेठी, न्यूजीलैंड की सांसद डॉ. परमजीत परमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।ग

## 'मन की बात' जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने न्यूजीलैंड प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम की 138वीं कड़ी को ऑनलाइन माध्यम से सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, पोषण, खेल प्रतिभाओं की खोज और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर देशवासियों का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने जनगणना में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का भी आह्वान किया। 'मन की बात' सामान्य नागरिकों के सकारात्मक प्रयासों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने का प्रभावी माध्यम बन गया है। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में जनभागीदारी को इससे नई प्रेरणा मिल रही है। अध्यक्ष ने श्रद्धेय अशोक सिंहल की जन्मशती पर प्रधानमंत्री द्वारा उन्हें स्मरण किए जाने पर खुशी जताते हुए कहा कि उनका जीवन समाज और भारतीय संस्कृति के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने बिहारवासियों से 'मन की बात' में दिए संदेशों को आत्मसात करते हुए स्वच्छता, पर्यावरण, नशामुक्ति, पोषण, खेल और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी और 'सबका प्रयास' की भावना से ही विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नं.-2, बेली रोड में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नं.-2, बेली रोड, पटना में 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत 'थीम के अंतर्गत' विकसित भारत 2047 विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दोनों पालियों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रथम पाली से छात्र आदित्य एवं छात्रा नव्या तथा द्वितीय पाली से छात्रा आकांक्षा और छात्र अलख ने अपने ओजस्वी विचारों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य मिथिलेश कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर प्रथम पाली की उप-प्राचार्या मधु कुमारी एवं द्वितीय पाली के उप प्राचार्य राजीव रंजन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वाद-विवाद कौशल का विकास करना तथा उन्हें विकसित भारत 2047 के संकल्प से जोड़ना था। कार्यक्रम का आयोजन केन्द्रीय विद्यालय संगठन के दिशा-निर्देशों के अनुसार सफलतापूर्वक किया गया। इसी अवसर पर विद्यालय परिसर में चित्रकला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# प्रकृति और संस्कृति के संगम का प्रतीक करम महोत्सव : मंत्री श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमशेदपुर/पटना।** ग्रामीण विकास एवं जनसंपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा कि करम पर्व केवल एक त्योहार नहीं है, बल्कि यह प्रकृति, भाईचारे और संस्कृति से जुड़ने का महापर्व है। कुड़मी समाज ने अपनी संस्कृति और परंपरा को आज भी जीवित रखा है जो पूरे समाज के लिए प्रेरणा है। मंत्री ने यह बातें रविवार को जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में कुड़मी सेना राष्ट्रीय कमिटी की ओर से आयोजित विशाल करम महोत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होते हुए कहीं। मंत्री ने आगे कहा कि करम डाली भाई-बहन के अटूट प्रेम, प्रकृति की रक्षा और समृद्धि का प्रतीक है। यह पर्व हमें सिखाता है कि हम अपनी जड़ों से जुड़े रहें और प्रकृति का सम्मान करें। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार सभी समाज और वर्गों की संस्कृति के संरक्षण और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कुड़मी सेना राष्ट्रीय कमिटी को इस सफल और भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक एकता को मजबूत करते हैं।

**करम महोत्सव एक समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा: राज्यपाल**

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने संदेश में कहा कि कुड़मी सेना चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित राष्ट्रीय करम महोत्सव एक समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा है जो लोगों, प्रकृति और उनकी सांस्कृतिक विरासत के बीच गहरे संबंध को दर्शाती है। यह महोत्सव कृतज्ञता, सद्भाव, सामुदायिक भावना तथा प्रकृति के प्रति सम्मान जैसे मूल्यों को अभिव्यक्त करता है। ऐसी परंपराएं न केवल हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करती हैं, बल्कि सामाजिक संबंधों को मजबूत करने और पर्यावरण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने आयोजकों एवं सभी प्रतिभागियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए महोत्सव के सफल होने की कामना की। कार्यक्रम में करम डाली की विधि-विधान से पूजा की गई। इसके साथ ही पारंपरिक लोक संस्कृति, लोक गीत-संगीत और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में कुड़मी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम में कुड़मी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र महतो, राष्ट्रीय महासचिव अरविन्द महतो, प्रदेश अध्यक्ष विशाल महतो, सलाहकार डॉ. सनत महतो, लालचंद महतो, त्रिनयन कुमार, सदस्य रोहित कुमार, प्रवीण महतो आदि मौजूद रहे।

### मगध सम्राट जरासंध महाराज की जयंती सह स्वाभिमान रैली की तैयारी को लेकर राज्यस्तरीय बैठक

# एनडीए सरकार में चंद्रवंशी समाज के हित में हुए कार्य : प्रमोद चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** पटना के हार्डिंग रोड स्थित सभागार में आज मगध सम्राट जरासंध महाराज की जयंती सह स्वाभिमान रैली की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। आगामी 28 नवंबर को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में प्रस्तावित इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए बिहार के 32 जिलों से अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी चेतना परिषद एवं अति पिछड़ा चेतना परिषद के लगभग 300 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने की। बैठक का शुभारंभ मगध सम्राट जरासंध महाराज एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बैठक में चार महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें प्रमोद सिंह चंद्रवंशी को चंद्रवंशी समाज के सर्वमान्य नेता के रूप में स्वीकार करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही आगामी जयंती सह स्वाभिमान रैली की तैयारी के लिए प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में तैयारी समिति के गठन का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में राजगीर में एनडीए सरकार द्वारा मगध सम्राट जरासंध महाराज की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने, जरासंध स्मारक पार्क के निर्माण तथा प्रत्येक वर्ष मगध सम्राट जरासंध महाराज का राजकीय सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित करने के निर्णय के लिए सरकार के प्रति आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि केंद्र एवं बिहार की एनडीए सरकार के कार्यकाल में चंद्रवंशी समाज एवं अति पिछड़ा समाज के हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। पंचायती राज एवं नगर निकायों में आरक्षण, जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने सहित अनेक महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इतने कम समय के आह्वान पर बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों का पटना पहुंचना चंद्रवंशी समाज के एकजुटता और सामाजिक चेतना का परिचायक है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि समाज का स्नेह, प्रेम और अपनापन उन्हें निरंतर ऊर्जा प्रदान करता है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि 'मैं विधायक या सांसद बनूं या न बनूं, लेकिन चंद्रवंशी समाज और अति पिछड़ा समाज के साथ जब भी अन्याय और अत्याचार होगा, मैं हमेशा उनके साथ खड़ा रहा हूं और आगे भी खड़ा रहूंगा।' उन्होंने सभी प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 28 नवंबर की स्वाभिमान रैली को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बनाने के लिए आज से ही पूरी तैयारी में जुट जाएं।

# बिहार में निःशुल्क इसीजी जांच का लगातार विस्तार, 11.43 लाख से अधिक जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार में आम लोगों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निःशुल्क ईसीजी जांच की सुविधा का लगातार विस्तार किया जा रहा है। अप्रैल 2025 से 26 सितंबर 2026 तक राज्य में 11.43 लाख से अधिक ईसीजी जांच की जा चुकी हैं। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क ईसीजी जांच कराने वाले मरीजों को 10 मिनट के भीतर तकनीकी व्याख्या के साथ जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा रही है। इसका उद्देश्य हृदय संबंधी संभावित समस्याओं की समय पर पहचान कर मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और उपचार उपलब्ध कराना है। ईसीजी जांच की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। अप्रैल-जून 2025 में 15,086, जुलाई-सितंबर में 57,440, अक्टूबर-दिसंबर में 1,43,943 तथा जनवरी-मार्च 2026 में 2,57,605 जांच हुईं। वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही अप्रैल-जून में 3,11,903 और जुलाई से 26 सितंबर 2026 तक 3,57,928 ईसीजी जांच दर्ज की गईं। वर्तमान में जिला अस्पताल से लेकर प्रखंड स्तर तक 606 सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क ईसीजी जांच की सुविधा उपलब्ध है। इनमें जिला अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों को अपने नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में जांच की सुविधा मिल रही है और निजी अस्पतालों तक जाने, समय तथा अतिरिक्त यात्रा खर्च से राहत मिल रही है। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि निःशुल्क ईसीजी सेवा का विस्तार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में मरीजों को नजदीकी सरकारी संस्थानों में आवश्यक जांच उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण है। इससे हृदय संबंधी संभावित समस्याओं की समय पर जांच और पहचान में सहायता मिल रही है। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य राज्य के प्रत्येक नागरिक तक स्वास्थ्य सेवाएं आसानी, समय पर और प्रभावी तरीके से पहुंचाना है। 606 संस्थानों में सुविधा और 11.43 लाख से अधिक जांच सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती पहुंच को दर्शाती है।

# कस्तूरी नृत्यांगन चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया माता की चौकी सह डांडिया महोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कस्तूरी नृत्यांगन चैरिटेबल ट्रस्ट के 5वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को द ऑरम बैंक्वेट, पाटलिपुत्र में माता की चौकी सह डांडिया महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पटना की मेयर सीता साहू, विशिष्ट अतिथि उर्मिला मिश्रा, आकांक्षा चित्रांश, ट्रस्ट की चेयरपर्सन एवं संयोजक डॉ. मौसम शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्था के बच्चों गायक विजय कुमार और गायिका पापिया गांगुली ने अपने शानदार प्रस्तुति से सबको झुमाया। भक्ति और संगीत से सराबोर माहौल में आयो रे शुभ दिन आयो रे, माँ काली से मिलकर कहना गरबा खेलेंगे, मीठे रस से भरो री राधा रानी लागे, नगाड़े संग ढोल बाजे, उड़ी उड़ी जाए, वाग्यो रे ढोल, कृष्णा गोविंदा हरे मुरारी और पल्लो लटके रे म्हारो पल्लो लटके जैसे गीतों पर डांडिया-गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट से जुड़े बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पटना की मेयर सीता साहू ने कहा कि कस्तूरी नृत्यांगन चैरिटेबल ट्रस्ट का यह आयोजन सेवा, संस्कृति और बच्चों की प्रतिभा का सुंदर संगम है। जरूरतमंद बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर देना सराहनीय पहल है। मैं संस्था के स्थापना दिवस पर पूरी टीम को शुभकामनाएं देती हूं। वहीं ट्रस्ट की चेयरपर्सन एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. मौसम शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा और कला के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है।

## मन की बात का 138 वां एपिसोड पूर्व उप मुख्यमंत्री ने सुना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मन की बात का 138 वां एपिसोड पूर्व उप मुख्यमंत्री सह विधायक कटिहार ने अपने आवासीय कार्यालय में लोगों के साथ सुना। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ने मन की बात में आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए सर्जिकल स्ट्राइक के 10 साल पूरे होने पर इस संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक देश की साहसिक नीति का बड़ा उदाहरण है। वार्ताक्रम में प्रधानमंत्री ने विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंघल के जन्म जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन मां भारती की सेवा में समर्पित रहा। श्री राम जन्मभूमि आंदोलन से लेकर समाज जागरण तक उनका दृढ़ नेतृत्व और अटूट संकल्प राष्ट्र के पुनर्जागरण में महत्वपूर्ण रहा। प्रधानमंत्री ने गुजरात के मोटेरा सूर्य मंदिर की चर्चा करते हुए उसके विध्वंस के 1000 साल पूरे होने की बात कहते हुए मोटेरा को देश का पहला सोलर विलेज बताया। उन्होंने जनगणना को राष्ट्रीय जिम्मेदारी बताते हुए लोगों से ऑनलाइन पंजीकरण की भी अपील की और उत्तराखंड के माना गांव से इसके जुड़ाव का जिक्र किया।

# 'इंडियाज बेस्ट 100 इंस्टीट्यूट अवॉर्ड शो' में डॉ. आनंद रंजन झा को मिला 'बेस्ट इंस्टीट्यूट ऑफ' सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मुंबई।** 'इंडियाज बेस्ट 100 इंस्टीट्यूट अवॉर्ड शो 2026' का भव्य आयोजन मुंबई में किया गया जिसमें देशभर के 100 उत्कृष्ट संस्थानों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा, वैशाली, बिहार के निदेशक एवं संस्थापक डॉ. आनंद रंजन झा को 'बेस्ट इंस्टिट्यूट ऑफ 2026' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में मोटिवेशनल स्पीकर एवं ट्रेनर सोनू शर्मा तथा हैलो डिजिटल इंडिया के डायरेक्टर अमजद साठे ने डॉ. आनंद रंजन झा को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दीप प्रज्वलन समारोह में कैरियर मिशन की ट्रस्टी किरण कुमारी भी सम्मिलित रहीं। कार्यक्रम के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. आनंद रंजन झा ने सफलता के लिए तीन महत्वपूर्ण बातों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा अगर भविष्य सुधारना है तो वर्तमान को सुधारना होगा। उनके अनुसार व्यक्ति को अपने आज के समय, कार्य और प्रयासों पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि वर्तमान में किए गए बेहतर प्रयास ही भविष्य की दिशा निर्धारित करते हैं। दूसरे सूत्र के रूप में उन्होंने स्किल डेवलपमेंट पर जोर देते हुए कहा कि कुछ बेहतर करने के लिए अपने कौशल को लगातार विकसित करना जरूरी है। बदलते समय के साथ नई तकनीक और नई क्षमताओं को सीखना सफलता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तीसरे सूत्र के रूप में उन्होंने विजुअलाइजेशन की चर्चा की। उन्होंने कहा कि अपनी उपलब्धियों और सकारात्मक अनुभवों को दूसरों के साथ साझा करना व्यक्ति को आगे बेहतर करने के लिए उत्साहित करता है और उसके आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान मोटिवेशनल स्पीकर एवं ट्रेनर शशिश कुमार तिवारी, सोनू शर्मा, अमजद साठे, बिहार से आए विकास कुमार, तरुण सिन्हा, मुंबई के यश आहीर, ज्योति, प्रीति सहित कई लोगों ने डॉ. आनंद रंजन झा से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ सेल्फी लेकर पल को यादगार बनाया गया। डॉ. आनंद रंजन झा ने सभी अतिथियों, शुभचिंतकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान कैरियर मिशन की पूरी टीम और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का सम्मान है।

# सड़क सुरक्षा के संदेश के साथ 800 प्रतिभागियों ने लगाई स्केटिंग मैराथन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, युवाओं में यातायात अनुशासन एवं जिम्मेदार सड़क व्यवहार को प्रोत्साहित करने और बिहार में रोलर स्केटिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज जेपी गंगा पथ, पटना में रोड सेफ्टी स्केटिंग मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें 800 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उस आयोजन बिहार के अलावा नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र के भी 105 खिलाड़ियों ने शिरकत किया। कार्यक्रम का आयोजन कम्युनिटी ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात पुलिस, पटना के तत्वावधान में किया गया। मैराथन में 10 किमी, 5 किमी और 3 किमी की श्रेणियां रखी गईं। मुख्य अतिथि अपर महानिदेशक यातायात, बिहार सुधांशु कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल यातायात पुलिस की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं को सड़क सुरक्षा से जोड़ने के लिए खेल और फिटनेस को प्रभावी माध्यम बताया।

# सरस मेले में बिखरी बिहार की हुनर की खुशबू, सात दिनों में कारोबार ढाई करोड़ पार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** सरस मेला अब समापन की ओर रुख कर चुका है। 20 सितंबर 2026 से जारी इस मेले का 29 सितंबर को समापन होने वाला है। लिहाजा शिल्प, स्वाद और कलाकृतियों के शौकीन जमकर खरीददारी कर रहे और लजीज खाद्य व्यंजनों का लुत्फ उठा रहे हैं। रविवार को सप्ताहांत की छुट्टी के दिन खरीददारों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ। छुट्टी का दिन और सरस मेले के समापन के महज दो दिन शेष रहने के कारण लोगों ने जमकर खरीददारी की और देशी व्यंजनों का लुत्फ उठाया। ज्ञान भवन परिसर सुबह से ही आगंतुकों से खचाखच भरा रहा। मेला में देश के विभिन्न प्रदेशों की लोककलाओं पर आधारित परिधानों की खूब मांग है। बावनबूटी, सिक्की कला, सुजनी, काथा, भरवा कला से बने परिधानों की जमकर बिक्री हुई। सारण जिला के दिघवारा प्रखंड से आई रीता देवी इस बार के मेले की स्टार उद्यमियों में से एक बन गई हैं। रीता देवी ने अकेले एक लाख रुपये से अधिक की कुर्ती और सलवार सूट की बिक्री की है। रीता देवी श्याम जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं। जीविका के सहयोग से इन्हें अपने परिधानों की बिक्री के लिए सरस मेला जैसा बड़ा राष्ट्रीय प्लेटफार्म मिला है। रीता देवी ने मायके से मिली सिलाई मशीन और उनकी मां से मिले हुनर को स्वरोजगार से जोड़ा। उन्होंने अपनी मिनी परिधान फैक्ट्री में 18 जीविका दीदियों को रोजगार भी उपलब्ध कराया हुआ है। रीता देवी की सबसे बड़ी खासियत है कि वे कपड़ों के कतरन से भी उत्पाद बनाती हैं। उन्होंने सुजनी, काथा, गुदरी और भरवा कला को कुर्ती और सलवार सूट पर बखूबी उकेरा है और इसी तरह के परिधानों की मांग सरस मेला में सबसे ज्यादा है।

## शिक्षा और रोजगार बढ़ाना युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी : डॉ. संतोष कुमार सुमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, रोजगारपरक और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा लगातार महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा सरकारी विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा को अनिवार्य करने की दिशा में योजना तैयार करने का निर्देश स्वागतयोग्य है। डिजिटल युग में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ तकनीकी ज्ञान देना समय की आवश्यकता है। सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर शिक्षा, आधुनिक सुविधाओं और बेहतर शैक्षणिक वातावरण का विस्तार बिहार के विद्यार्थियों को बदलती दुनिया की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा।

# प्रसिद्ध कथाकार बलराम को दिया जाएगा 'उदयराज सिंह स्मृति सम्मान'



बलराम | गिरीश पंकज | रूबी भूषण | प्रशान्त रमण रवि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** चर्चित साहित्यिक पत्रिका 'नई धारा' द्वारा वर्ष-2026 का 20वां उदयराज सिंह स्मृति सम्मान प्रसिद्ध कथाकार बलराम को दिया जाएगा जिसके तहत उन्हें एक लाख रुपए सहित सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न आदि अर्पित किए जाएंगे। इसके साथ ही चर्चित व्यंग्य लेखक गिरीश पंकज (रायपुर), चर्चित कथा लेखिका रूबी भूषण (पटना) एवं युवा कवि प्रशान्त रमण रवि (चम्बा, हिमाचल प्रदेश) वर्ष -2026 के 'नई धारा रचना सम्मान' से नवाजे जाएंगे जिसके तहत सभी लेखकों को 25-25 हजार रुपए सहित सम्मान पत्र, प्रतीक चिह्न आदि अर्पित किए जाएंगे। इस आशय की घोषणा रविवार को एक 'नई धारा' के प्रधान संपादक डॉ. प्रमथराज सिंह ने की। उन्होंने बताया कि इन सम्मानों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध लेखक पद्मश्री डॉ. अशोक चक्रधर की अध्यक्षता में एक चयन समिति बनाई गई थी जिसके अन्य सदस्य थे प्रसिद्ध गीतकार डॉ. लक्ष्मीशंकर वाजपेयी और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. देवेन्द्र चौबे। 'नई धारा' के संपादक डॉ. शिवनारायण ने बताया कि वर्ष -2026 का सम्मान जिन लेखकों को दिए जाने की घोषणा की गई है, उन्हें आगामी 28 नवम्बर, 2026 को पटना में आयोजित एक भव्य समारोह में विभूषित किया जाएगा।

# संपादकीय

## मिलावट के विरुद्ध हरियाणा की पहल सराहनीय

हरियाणा में आम लोगों को खुद जांच कराने की सुविधा मुहैया कराने का सरकार का फैसला महत्त्वपूर्ण है। सामान्य तौर पर बाजार से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर प्रयोगशाला में उनकी जांच कराने की जिम्मेदारी विभागीय कर्मियों की होती है। शुद्ध और सुरक्षित भोजन हर व्यक्ति का अधिकार है। मगर कुछ लोगों ने खाद्य पदार्थों के बाजार में मिलावट को मुनाफे का औजार बना लिया है। यह केवल कानून के उल्लंघन का प्रश्न नहीं, बल्कि आमजन के स्वास्थ्य और विश्वास के साथ खिलवाड़ का भी मसला है। रोजमर्रा के जरूरी खाद्य पदार्थों जैसे- दूध, घी, तेल, मसाले, मिठाइयां, दालें और यहां तक कि फलों एवं सब्जियों में भी मिलावट की शिकायतें अक्सर सामने आती रहती हैं।इस स्थिति में हरियाणा में आम लोगों को खुद जांच कराने की सुविधा मुहैया कराने का सरकार का फैसला महत्त्वपूर्ण है। इसके तहत सार्वजनिक स्थलों पर तैनात संचालित प्रयोगशालाओं में कोई भी व्यक्ति खाद्य वस्तुओं की जांच करा सकता है, जिनका नतीजा दस से बारह मिनट में मिल जाएगा।अन्य राज्यों को भी इस तरह की पहल करनी चाहिए, लेकिन साथ ही यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि जांच प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष हो।भारत में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 पहले से लागू है। असुरक्षित खाद्य पदार्थों के मामलों में कठोर दंड और मृत्यु जैसे गंभीर परिणामों पर आजीवन कारावास तक का प्रावधान भी मौजूद है। फिर भी यदि मिलावटखोरों में कानून का भय नहीं है, तो समस्या कानून की कमी नहीं, बल्कि उसके प्रभावी अमल की है।गंभीर मिलावट के मामलों के लिए विशेष न्यायिक व्यवस्था और समयबद्ध सुनवाई आवश्यक है। नमूना जांच से लेकर अभियोजन तक प्रत्येक चरण की समयसीमा तय हो। दोष सिद्ध होने पर लाइसेंस रद्द करने, कारोबार बंद कराने और आर्थिक दंड लगाने की कार्रवाई प्रभावी हो। बार-बार अपराध करने वालों के लिए दंड कई गुना कठोर होना चाहिए। यदि मिलावटी खाद्य पदार्थ से किसी व्यक्ति को गंभीर बीमारी, स्थायी क्षति अथवा मृत्यु होती है, तो ऐसे मामलों में कम-से-कम आजीवन कारावास जैसी कठोरतम सजा सुनिश्चित होनी चाहिए।बड़े कारोबारी प्रतिष्ठानों में केवल कंपनी पर जुर्माना लगाकर जिम्मेदारी समाप्त नहीं होनी चाहिए। जिन निदेशकों, संचालकों अथवा जिम्मेदार अधिकारियों की जानकारी, सहमति या लापरवाही से मिलावटी खाद्य बाजार में पहुंचा, उनकी व्यक्तिगत जवाबदेही तय हो। अपराध से अर्जित लाभ जब्त करने और पीड़ित परिवारों को पर्याप्त मुआवजा देने की व्यवस्था भी आवश्यक है।खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को डिजिटल और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए। नमूना कब लिया गया, किस अधिकारी ने लिया, किस प्रयोगशाला में भेजा गया, रिपोर्ट कब आई और उसके बाद क्या कार्रवाई हुई–इन सभी चरणों का डिजिटल रिकॉर्ड सार्वजनिक निगरानी के दायरे में होना चाहिए। अधिकारियों की मिलीभगत या जानबूझकर की गई लापरवाही को भी गंभीर अपराध माना जाए।

**यहीं सरकार के कार्य की सबसे महत्वपूर्ण कसौटी सामने आती है। नीति आयोग के बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार, देश में बहुआयामी गरीबी 2013-14 में 29.17 प्रतिशत थी, जो 2022-23 में घटकर 11.28 प्रतिशत रह गई। यानी एक दशक में करीब 25 करोड़ भारतीय बहुआयामी गरीबी से बाहर आए। मानव इतिहास में इतने बड़े पैमाने पर गरीबी से बाहर निकलने वाले लोगों की यह संख्या दुनिया में दर्ज की गई सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। इस बदलाव में वित्तीय समावेशन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मोदी जी के प्रधानमंत्री पद संभालने के कुछ ही महीनों बाद शुरू की गई प्रधानमंत्री जन-धन योजना के माध्यम से करीब 58 करोड़ भारतीय औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जुड़े, जिनमें लगभग आधी महिलाएं हैं। इनमें से बहुत से लोगों के लिए बैंक खाता और औपचारिक बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच का यह पहला अनुभव था। इसी मजबूत आधार पर यूपीआई का विस्तार हुआ।**

## नमो @ 25-एक चौथाई सदी की डिलीवरी, गांधीनगर से दिल्ली तक

(आदित्य त्रिवेदी)

गुजरात की बागडोर एक संकटग्रस्त राज्य के रूप में संभालने के पच्चीस वर्ष बाद, नरेंद्र मोदी का शासन मॉडल एक आत्मविश्वासी और परिणाम देने वाले भारत की आधारशिला बन चुका है।गुजरात की बागडोर एक संकटग्रस्त राज्य के रूप में संभालने के पच्चीस वर्ष बाद, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की शासन-यात्रा ने एक ऐसे भारत को परिभाषित किया है, जो अधिक आत्मविश्वासी और महत्वाकांक्षी है तथा दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ निर्धारित राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को पूरा करने पर केंद्रित है। जब नरेंद्र मोदी ने अक्टूबर 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, तब राज्य एक कठिन दौर से गुजर रहा था। भुज के भूकंप ने शहरों और कस्बों को तबाह कर दिया था, आर्थिक विकास नकारात्मक हो गया था और नए मुख्यमंत्री के सामने गुजरात को उबारने तथा उसका पुनर्निर्माण करने की एक बड़ी चुनौती थी।पच्चीस वर्ष बाद, उस राहत और पुनर्निर्माण के अभियान ने हमारे समय की सबसे अधिक अध्ययन की जाने वाली शासन-यात्राओं में से एक का रूप ले लिया है।जिन लोगों को नरेंद्र मोदी जी के साथ निकटता से कार्य करने का अवसर मिला है, वे जानते हैं कि इस पूरी यात्रा के दौरान एक सिद्धांत निरंतर बना रहा है; वह है लोककल्याण सुनिश्चित करने के साधन के रूप में सुशासन में उनका विश्वास। आधुनिक प्रबंधन सिद्धांतों के आने से बहुत पहले ही प्राचीन भारतीय चिंतन में इस विचार को अभिव्यक्त किया गया था। भगवद्गीता कर्म में कुशलता को योग के एक रूप के रूप में प्रस्तुत करती है। मोदी जी के लिए शासन का संबंध कर्मयोग की अवधारणा से गहराई से जुड़ा रहा है, अर्थात दूसरों की सेवा के लिए किया गया कर्म, जिसमें परिणाम और पंक्ति में सबसे पीछे खड़े व्यक्ति पर ध्यान केंद्रित हो। गुजरात के वर्षों के कुछ आंकड़े इस दृष्टिकोण की स्पष्ट तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। 2001 से 2012 के बीच राज्य की अर्थव्यवस्था लगभग 10 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ी, जबकि राष्ट्रीय औसत 7.6 प्रतिशत था। कृषि क्षेत्र में भी 8 से 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि गुजरात को व्यापक रूप से एक औद्योगिक राज्य के रूप में देखा जाता था। इसने विकास के स्रोतों को लेकर बनी पारंपरिक धारणाओं को चुनौती दी। 2003 में शुरू हुए वाइब्रेंट गुजरात समिट ने राज्य को निवेश के एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करने में मदद की। देश की लगभग पांच प्रतिशत आबादी वाले गुजरात ने भारत के कुल विदेशी निवेश का पांच से सात प्रतिशत आकर्षित किया। गुजरात में उस विकास की नींव रखी जा रही थी, जो आगे चलकर राष्ट्रीय विकास की एक व्यापक गाथा का आधार बनी। 2014 में मोदी जी के राष्ट्रीय मंच पर आने के साथ गुजरात का यह अनुभव 1.4 अरब लोगों वाले देश के शासन तक पहुंचा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) अब भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करता है और अनुमान है



कि 2026 की तीसरी तिमाही में भारत की नाममात्र जीडीपी चार ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर जाएगी। एक दशक से कुछ अधिक समय में भारत दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, यह बदलाव देश की आर्थिक महत्वाकांक्षाओं को वैश्विक स्तर पर कहीं अधिक व्यापक मंच पर ले गया है। लेकिन आर्थिक विकास को केवल बैलेंस शीट के आंकड़ों से नहीं मापा जा सकता। इसका वास्तविक महत्व इस बात में है कि इसका लाभ देश के दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों तक कितना पहुंचता है और उनके दैनिक जीवन में कितना सुधार लाता है। यहीं सरकार के कार्य की सबसे महत्वपूर्ण कसौटी सामने आती है। नीति आयोग के बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार, देश में बहुआयामी गरीबी 2013-14 में 29.17 प्रतिशत थी, जो 2022-23 में घटकर 11.28 प्रतिशत रह गई। यानी एक दशक में करीब 25 करोड़ भारतीय बहुआयामी गरीबी से बाहर आए। मानव इतिहास में इतने बड़े पैमाने पर गरीबी से बाहर निकलने वाले लोगों की यह संख्या दुनिया में दर्ज की गई सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। इस बदलाव में वित्तीय समावेशन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मोदी जी के प्रधानमंत्री पद संभालने के कुछ ही महीनों बाद शुरू की गई प्रधानमंत्री जन-धन योजना के माध्यम से करीब 58 करोड़ भारतीय औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जुड़े, जिनमें लगभग आधी महिलाएं हैं। इनमें से बहुत से लोगों के लिए बैंक खाता और औपचारिक बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच का यह पहला अनुभव था। इसी मजबूत आधार पर यूपीआई का विस्तार हुआ। अक्टूबर 2016 में जहां यूपीआई के जरिए हर महीने करीब 1 लाख लेन-देन होते थे, वहीं 2026 में एक महीने में 24.5 अरब से अधिक लेन-देन हुए, जिनका कुल मूल्य करीब 29 लाख करोड़ रुपये रहा। आज भारत यूपीआई को डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के ऐसे मॉडल के रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत करता है, जिसे अन्य देश भी अपना सकते हैं। यह बदलाव केवल वित्तीय क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भौतिक अवसंरचना के क्षेत्र में भी व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। रेलवे विद्युतीकरण 2014 से पहले के कुल नेटवर्क के लगभग पांचवें हिस्से से बढ़कर आज 99.6 प्रतिशत तक पहुंच गया है। चार लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई दोगुने से भी अधिक हो गई है। 2014 से 2026 के बीच निर्मित ग्रामीण सड़कों की लंबाई, उससे पहले के 14 वर्षों में निर्मित ग्रामीण सड़कों से भी अधिक है। आज ग्रामीण भारत में प्रतिदिन 22 घंटे से अधिक बिजली उपलब्ध है, जबकि पहले यह मुश्किल से 12 घंटे थी। स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता कवरेज भी पांच वर्षों के भीतर 39 प्रतिशत से बढ़कर पूर्ण कवरेज तक पहुंच गई। इन आंकड़ों के पीछे आम लोगों के रोजमर्रा के जीवन में आए बदलाव की कहानियां हैं, किसी ऐसे परिवार की, जिसे अब घर में बिजली मिलती है; ऐसे विद्यार्थी की, जो रात में रोशनी में पढ़ाई कर सकता है; या ऐसे परिवार की, जिसे बेहतर सड़कों और आवश्यक सेवाओं तक आसानी से पहुंच मिलती है। अवसंरचना का वास्तविक प्रभाव इन्हीं रोजमर्रा के अनुभवों में दिखाई देता है। इन प्रयासों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं और सम्मानजनक जीवन की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। आयुष्मान भारत के तहत अब 62 करोड़ से अधिक वंचित और कमजोर नागरिकों को हर वर्ष 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य कवर मिलता है। हाल ही में इसका विस्तार 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक तक भी किया गया है। 2014 के बाद से मेडिकल कॉलेजों में सीटों की संख्या दोगुने से अधिक हो चुकी है। रक्षा के क्षेत्र में भी भारत ने महत्वपूर्ण बदलाव दर्ज किया है। जहां भारत लंबे समय तक रक्षा उपकरणों के साथ-साथ आत्मविश्वास के मामले में भी आयात पर निर्भर रहा, वहीं पिछले एक दशक में रक्षा निर्यात 56 गुना से अधिक बढ़कर 80 से ज्यादा देशों तक पहुंच गया है। वहीं, चंद्रयान-3 की सफलता ने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला दुनिया का पहला और एकमात्र देश बनाया, जो देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारत की बदलती वैश्विक स्थिति ने भी विदेशों का ध्यान आकर्षित किया है। जब हाल ही में मोदी जी भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री बने, तो दुनिया भर के नेताओं की ओर से उन्हें बधाइयां मिलीं। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने लिखा कि यह उपलब्धि इस बात को दर्शाती है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र ने बार-बार उनके नेतृत्व पर अपना भरोसा जताया है। भूटान के प्रधानमंत्री ने उन्हें मित्र, भाई और मार्गदर्शक के रूप में संबोधित किया। अमेरिकी और रूसी राष्ट्रपतियों जैसे अलग-अलग दृष्टिकोण रखने वाले नेताओं ने भी परिणामों को आकार देने में उनकी व्यक्तिगत भूमिका का उल्लेख किया है। ये वक्तव्य विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बीच उनके नेतृत्व को मिली वैश्विक महत्ता को दर्शाते हैं। फिर भी, यदि मोदी जी से पूछा जाए कि ये पच्चीस वर्ष उनके लिए क्या मायने रखते हैं, तो शायद इसका उत्तर किसी आंकड़े या रैंकिंग में नहीं मिलेगा। इसके बजाय, इसका उत्तर एक प्राचीन संस्कृत आदर्श में मिल सकता है, सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः सभी सुखी हों, सभी रोग और दुख से मुक्त हों। 2001 में गुजरात से लेकर 2026 में भारत तक की उनकी यात्रा में शासन को सेवा के माध्यम के रूप में देखने का विचार लगातार प्रमुख रहा है। यह दृष्टि 'सेवा' की भावना में निहित है, इस विश्वास में कि सार्वजनिक पद दूसरों के कल्याण के प्रति जिम्मेदारी लेकर आता है।

## कर्ज में युवा- क्रेडिट कार्ड की आसान खरीदारी कैसे किस्तों में बांध रही है जिंदगी

(प्रियंका वल्लरी)

इस बात को हमेशा ध्यान में रखने की जरूरत है कि जिंदगी मासिक किस्त चुकाने में फिसलती जा रही है। बीते कुछ दशकों की तुलना में आज के युवा अधिक प्रतिभा और क्षमता वाले हैं, जो हर वक्त सीखने और नई चीजों को तलाशने के लिए उत्सुक रहते हैं। हालांकि वे नई हर चीज को पा लेने की जल्दबाजी में दिखते हैं। देखा-देखी की लत इस जल्दबाजी को गति प्रदान कर रही है और इसी वजह से आज की युवा पीढ़ी बाजारवाद के जाल में फंसती चली जा रही है।

ज्यादातर युवा सब कुछ पा लेने की ललक में मशगूल दिखते हैं। उन्हें ध्यान ही नहीं रहता कि वे क्या खरीद रहे हैं, किसलिए खरीद रहे हैं। इस क्रम में कई बार अनावश्यक चीजें भी खरीद ली जाती हैं। ऐसी चीजें, जिसकी उन्हें कोई जरूरत नहीं होती। फिर भी वह खरीदता है, क्योंकि उन्हें दुनिया की नजर में बड़ा दिखना होता है। यह बात दीगर है कि अपनी चाहतों को पूरा करने में वे कर्ज से अपनी पीठ टेढ़ी करते रहते हैं।

युवा पीढ़ी को इस स्थिति में लाने में बाजार के संजाल के बीच क्रेडिट कार्ड की बड़ी भूमिका है। इनका बाजार में अच्छा तालमेल है। दरअसल, आजकल क्रेडिट कार्ड से लेन-देन करना काफी आसान हो गया है। बहुत सारे लोग दो-चार ऐसे कार्ड रखना शान मानते हैं और मौके-बेमौके झट से उसका इस्तेमाल करते रहते हैं। इस तरह चुपके-चुपके उनके ऊपर उधार बढ़ता जाता है और वे कर्ज में डूबते जाते हैं।

एक अनुमान के मुताबिक, भारत में पांच करोड़ से ज्यादा लोग क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते हैं। यानी देश की कुल आबादी के करीब साढ़े पांच फीसद लोग अपने काम के लिए क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर रहे हैं। वैश्विक स्तर पर देखें, तो कनाडा में लगभग तिरासी फीसद लोग कार्ड इस्तेमाल करते हैं, वहीं अमेरिका जैसे देश में तकरीबन सड़सठ फीसद लोग कार्ड से खरीदारी करते हैं।

सही है कि क्रेडिट कार्ड समय की तेज रफ्तार के साथ होड़ में खड़ी कर देते हैं, लेकिन लोगों का दायरा सिकुड़ता चला जा रहा है। हर व्यक्ति एक-दूसरे को पीछे छोड़ने के लिए अंदर से बिखरता जा रहा है। किसी को किसी से मिलने के लिए वक्त नहीं है। अपने लक्ष्य को पूरा करने में लोग दिन-रात लगे रहते हैं। हर व्यक्ति सुबह से शाम और देर रात काम कर रहा है। ज्यादातर लोग काम को पूरा करने के लिए अकेले रहना पसंद कर रहे हैं।

इस क्रम में उनके व्यवहार में परिवर्तन हो रहा है और लंबे समय तक अकेले रहने पर कई लोग अवसाद में जा रहे हैं। अरस्तू ने कहा है- 'मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, अकेले देवता रहता है या दानव'। अकेलेपन से उपजा अवसाद अक्सर लोगों को द्रोही बना देता है। आज किसी से किसी को भावनात्मक लगाव महसूस होता नहीं दिखता है। लोग मतलब के आधार पर रिश्तों की पहचान कर रहे हैं और रिश्तों में औपचारिकता कर रहे हैं। हर व्यक्ति दूसरे की कमी ढूंढ कर अपने को बेहतर साबित करने में लगा है। जबकि साथ रह कर कई जटिल समस्याओं पर चर्चा करके सुलझाया जा सकता है।

जीवन को सुंदर सुगम बनाया जा सकता है, लेकिन दूरी हमेशा दूरी ही पैदा करती है। लोग अकेले रहने के लिए आमादा हैं। यह भी सच है कि लोग अपने काम में इस प्रकार तल्लीन हैं कि किसी के लिए किसी के पास वक्त नहीं है। कोई देर रात घर लौटता है। सुबह अलसाए मन से दफ्तर के लिए चल देता है। घर में रहने और सुनने-समझने के लिए समय की तंगी है। हर काम को डिजिटल तरीके से संपादित किया जा रहा है।

क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करना गलत नहीं है, पर अपने बजट के अनुसार किया जाना चाहिए, ताकि कर्ज में डूबने से बचा जा सके। जीवन में संतुष्ट होने के लिए हमें अथाह भौतिक वस्तुओं की आवश्यकता नहीं है। हमारा प्रथम प्रयास जरूरत की वस्तुओं का प्रबंध करना ही होना चाहिए।

अगर इसका उपयोग समझदारी से और समय पर न किया जाए, तो यह उच्च ब्याज दरों और खराब 'क्रेडिट स्कोर' का कारण बन जाता है। इस पर कई बार तीस फीसद से भी ज्यादा दर से ब्याज की भारी दर से वसूली की जाती है। चुकाने में नकारात्मक अंक होने से भविष्य में कर्ज मिलना कठिन हो सकता है।

सरल भाषा में कहें, तो क्रेडिट कार्ड एक व्यक्ति की वित्तीय योजनाओं के प्रबंधन का माध्यम हो सकता है। इसका मतलब है कि क्रेडिट कार्ड किसी को आर्थिक स्वतंत्रता की तरह भी लग सकता है। बस इतना हो कि हम बड़ी खरीदारी कर समयानुसार उस कर्ज को चुका दें।

कई क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले आकर्षक प्रस्ताव देते हैं और कैशबैक यानी नकद वापसी की सुविधा प्रदान करते हैं, जिससे ऑनलाइन खरीदारी करने पर कुछ छूट और विभिन्न रियायतें मिल सकती हैं। इसके लिए पहले अपना मासिक बजट तैयार करने की जरूरत होती है। अगर अपने बजट को सही से प्रबंधित नहीं किया जाए, तो वह खराब होगा ही। महीनों की तनख्वाह लाखों में क्यों न हो, पर मासिक बचत ही मूल कमाई है। अपने खर्चों पर नियंत्रण रख कर किसी भी कार्ड का इस्तेमाल किया जा सकता है।

## नागरिक की पहचान एक, दस्तावेज अनेक और सुधार का रास्ता उलझा हुआ, कागजों का दुश्चक्र आखिर कब टूटेगा?

**डिजिटल व्यवस्था के बावजूद क्यों बनी हुई है पहचान की उलझन? - डिजिटल प्रणाली के जरिए इस जटिल स्थिति को कई स्तरों पर सरल बनाने का प्रयास किया गया है, लेकिन यह भी सच है कि डिजिटल होने भर से प्रक्रिया नागरिक-केंद्रित नहीं हो जाती। जन सेवा केंद्रों और ऑनलाइन पोर्टलों ने आवेदन तथा दस्तावेज जमा करने की सुविधा बढ़ाई है, पर अंतिम सत्यापन और निर्णय का अधिकार अलग-अलग विभागों के पास बना हुआ है। इसका अर्थ यह है कि नागरिक को एक ही सूचना बार-बार अलग संस्थाओं के सामने सिद्ध करनी पड़ सकती है।**

(विकेश कुमार बडोला)

सत्यापन की प्रक्रिया में नागरिक को हर बार शून्य से शुरुआत करने के लिए विवश करना प्रशासनिक सुविधा नहीं, नागरिक के समय और श्रम पर अनावश्यक बोझ है। तकनीक का लाभ तभी व्यापक होगा, जब विभागीय डेटाबेस के बीच सुरक्षित और स्पष्ट समन्वय के साथ त्रुटि-सुधार की जिम्मेदारी भी तय हो। आधुनिक दौर में नागरिक की पहचान केवल नाम और चेहरे तक सीमित नहीं रह गई है। जन्म प्रमाणपत्र से लेकर आधार, मतदाता पहचानपत्र, पासपोर्ट, बैंक खाते, मोबाइल नंबर, स्थायी निवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक जीवन के लगभग हर महत्त्वपूर्ण पड़ाव पर किसी न किसी दस्तावेज की जरूरत पड़ती है। इनका उद्देश्य नागरिक और राज्य के बीच भरोसेमंद पहचान स्थापित करना है। मगर जब एक ही व्यक्ति की अलग-अलग संस्थाओं में दर्ज सूचनाओं में मामूली अंतर रह जाता है, तो यही व्यवस्था सुविधा के बजाय परेशानी का कारण बनने लगती है। समस्या दस्तावेज की संख्या भर नहीं है। असली कठिनाई उनके बीच समन्वय, जिम्मेदारी और सुधार की प्रक्रिया को लेकर है। किसी प्रमाणपत्र में नाम की वर्तनी, जन्मतिथि, पते या अन्य विवरण में त्रुटि हो जाए, तो नागरिक को अक्सर संबंधित कार्यालय, पोर्टल या सेवा केंद्र के बीच चक्कर लगाने पड़ते हैं। एक दस्तावेज में सुधार के लिए दूसरे दस्तावेज की मांग की जाती है और दूसरे में सुधार के लिए पहले प्रमाणपत्र का सहारा लेना पड़ सकता है। ऐसे में नागरिक एक ऐसे दुश्चक्र में फंस जाता है, जिसका हल उसके हाथ में नहीं होता।

**डिजिटल व्यवस्था के बावजूद क्यों बनी हुई है पहचान की उलझन?** – डिजिटल प्रणाली के जरिए इस जटिल स्थिति को कई स्तरों पर सरल बनाने का प्रयास किया गया है, लेकिन यह भी सच है कि डिजिटल होने भर से प्रक्रिया नागरिक-केंद्रित नहीं हो जाती। जन सेवा केंद्रों



और ऑनलाइन पोर्टलों ने आवेदन तथा दस्तावेज जमा करने की सुविधा बढ़ाई है, पर अंतिम सत्यापन और निर्णय का अधिकार अलग-अलग विभागों के पास बना हुआ है।इसका अर्थ यह है कि नागरिक को एक ही सूचना बार-बार अलग संस्थाओं के सामने सिद्ध करनी पड़ सकती है। तकनीक का लाभ तभी व्यापक होगा, जब विभागीय डेटाबेस के बीच सुरक्षित और स्पष्ट समन्वय के साथ त्रुटि-सुधार की जिम्मेदारी भी तय हो। आधार एक विशिष्ट पहचान संख्या है, जिसका उपयोग अनेक सेवाओं में पहचान के सत्यापन के लिए किया जाता है। बैंक खातों और मोबाइल सेवाओं से जुड़े विवरणों में आधार का इस्तेमाल व्यापक है। ऐसे में आधार या उससे जुड़े रिकॉर्ड में नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर अथवा अन्य सूचना की गड़बड़ी का असर दूसरी सेवाओं पर पड़ सकता है। प्रश्न यह है कि गलती हुई कहां है। यदि त्रुटि किसी विभागीय रिकॉर्ड में हुई है, तो उसके सुधार का पूरा बोझ नागरिक पर डालना प्रशासन की न्यायसंगत भावना के अनुरूप नहीं माना जा सकता। नागरिक से आवश्यक प्रमाण मांगना अलग बात है, लेकिन विभागों के पास उपलब्ध प्रमाणों और अभिलेखों का परस्पर सत्यापन करना व्यवस्था की जिम्मेदारी होनी चाहिए। यहां एक बुनियादी सिद्धांत सामने आता है- राज्य को नागरिक से पहचान का प्रमाण मांगने के साथ अपनी संस्थागत पहचान और जिम्मेदारी भी स्पष्ट करनी चाहिए। यदि किसी व्यक्ति ने दशकों तक कर चुकाया है, मतदाता के रूप में पंजीकृत है, उसके जन्म, शिक्षा, संपत्ति या पारिवारिक संबंधों के सरकारी अभिलेख उपलब्ध हैं, तो इन सूचनाओं को अलग-अलग द्वीपों की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। सत्यापन की प्रक्रिया में नागरिक को हर बार शून्य से शुरुआत करने के लिए विवश करना प्रशासनिक सुविधा नहीं, नागरिक के समय और श्रम पर अनावश्यक बोझ है। एकीकृत व्यवस्था हो, लेकिन नागरिक के अधिकारों के साथ इसलिए एकीकृत नागरिक प्रलेख एवं प्रमाणन तंत्र की आवश्यकता पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। इसे किसी नई पहचान संख्या या अतिरिक्त कागजी व्यवस्था के रूप में नहीं, बल्कि मौजूदा प्रणालियों के बीच समन्वयकारी ढांचे के रूप में विकसित किया जाना अधिक उपयोगी होगा। केंद्र और राज्यों के संबंधित विभागों, स्थानीय निकायों, आधार व्यवस्था, निर्वाचन तंत्र, पासपोर्ट प्रणाली तथा अन्य वैधानिक संस्थाओं के बीच स्पष्ट प्रोटोकॉल बनाया जा सकता है। इसमें यह तय होना चाहिए कि कौन-सा मूल रिकॉर्ड किस संस्था के पास रहेगा, कौन-सी सूचना किस परिस्थिति में साझा की जा सकती है, गलती सुधारने की जिम्मेदारी किसकी होगी और नागरिक को आवेदन का कौन-सा रास्ता मिलेगा। इस व्यवस्था का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष घर-द्वार तक सेवा पहुंचाने की अवधारणा हो सकता है। बुजुर्गों, दिव्यांगों, दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और उन नागरिकों के लिए, जिन्हें बार-बार कार्यालय जाना कठिन होता है, उन्हें प्रशिक्षित सरकारी कर्मचारियों के माध्यम से सत्यापन और दस्तावेजी सहायता उपलब्ध कराई जा सकती है। इसके लिए निर्धारित शुल्क हो, तो वह पारदर्शी और सीमित हो तथा गरीब और जरूरतमंद नागरिकों के लिए छूट या निशुल्क सेवा का प्रावधान रखा जाए। नागरिकता के प्रश्न पर विशेष सावधानी जरूरी है। आधार संख्या नागरिकता का प्रमाण नहीं है और किसी पहचान दस्तावेज की मौजूदगी अपने आप भारतीय नागरिकता सिद्ध नहीं करती। इसलिए नागरिकता निर्धारित करने की किसी भी व्यवस्था को मौजूदा कानूनों, तय प्रक्रियाओं और न्यायिक संरक्षण के अनुरूप ही काम करना होगा। केवल संबंधित अधिकारी की व्यक्तिगत धारणा के आधार पर किसी व्यक्ति से नागरिकता छीन लेना गंभीर परिणाम पैदा कर सकता है। नागरिकता से जुड़े मामलों में सुनवाई, प्रमाण प्रस्तुत करने, अपील और स्वतंत्र समीक्षा की पर्याप्त व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए।

# बैंक हड़ताल : अधिकारी-कर्मचारी आर-पार के मूड में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

धनबाद। रविवार को छुट्टी होने के बावजूद धनबाद समेत झारखंड भर के सरकारी बैंक खुले रहे। काउंटरों पर सामान्य दिनों से ज्यादा भीड़ देखी गई। खास बात यह रही कि अधिकारी-कर्मचारी काले कपड़े पहनकर ड्यूटी पहुंचे। महिला कर्मचारी भी काली ड्रेस में थीं। पूछने पर बोले - सरकार हमें दोयम दर्जे का समझ रही है, इसलिए विरोध करना पड़ रहा है।

## कोई पीछे हटने को तैयार नहीं

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर राष्ट्रीयकृत बैंकों के लगभग साढ़े सात लाख अधिकारी-कर्मचारी हड़ताल पर हैं। धनबाद में भी इसका असर दिखा। जमा-निकासी, चेक क्लियरिंग, पासबुक अपडेट जैसे काम प्रभावित हो रहे हैं। कई ग्राहक बैंक पहुंचकर मायूस लौट रहे हैं। कर्मचारियों की सबसे बड़ी मांग सप्ताह में पांच दिन बैंकिंग व्यवस्था लागू करने की है। यानी सोमवार से शुक्रवार काम और सभी शनिवार-रविवार को छुट्टी। फिलहाल दूसरे और चौथे शनिवार को ही अवकाश मिलता है। यूनियन का कहना है कि 8 मार्च 2024 को हुए 12वें द्विपक्षीय समझौते में इस पर सहमति बन गई थी, लेकिन अब तक सरकार ने अधिसूचना जारी नहीं की है। कर्मचारी इसके बदले रोज 40 मिनट अतिरिक्त काम करने को तैयार हैं।

दूसरी मांग योजना को वापस लेने की है। यूनियन का आरोप है कि यह व्यक्तिगत प्रदर्शन पर आधारित और भेदभावपूर्ण है।

सरकार और रिजर्व बैंक के निर्देश पर ग्राहकों की सुविधा के लिए 27 सितंबर रविवार को सभी सरकारी बैंक और ग्रामीण बैंक खोले गए थे।

यूएफबीयू ने ऐलान किया है कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज होगा। 28, 29 और 30 सितंबर को तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल होगी। अगर तब भी समाधान नहीं निकला तो 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी।

# वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा का एक साथ हुआ निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार को बोकारो जिले के सभी एसडीपीओ, डीएसपी और थाना प्रभारियों ने एक साथ विभिन्न वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान जिले के बैंक, एटीएम, एलआईसी समेत अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की बारीकी से जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान संस्थानों में लगे सीसीटीवी कैमरों, अलार्म सिस्टम, सुरक्षा गार्ड और सुरक्षा से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं को देखा गया। जांच के क्रम में जहां भी छोटी-छोटी कमियां पाई गईं, वहां संबंधित संस्थान के प्रबंधकों को तत्काल उन्हें दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया।

पुलिस की ओर से सभी वित्तीय संस्थानों की दीवारों पर संबंधित थाना प्रभारी, पुलिस कंट्रोल रूम, फायर ब्रिगेड और डायल-112 का नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने को कहा गया है, ताकि किसी आपात स्थिति में तत्काल सहायता ली जा सके।

साथ ही संस्थान के आसपास अथवा परिसर में किसी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि नजर आने पर इसकी सूचना तत्काल संबंधित थाना को देने का निर्देश दिया गया। सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग कम से कम 15 दिनों तक सुरक्षित रखने को भी कहा गया है।

सभी थाना प्रभारियों को वित्तीय संस्थानों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए क्यूआर कोड स्कैनिंग के माध्यम से लगातार गश्ती करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा थाना प्रभारियों से संस्थानों के प्रबंधकों के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रखने को कहा गया है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा में किसी तरह की लापरवाही न हो, इसके लिए नियमित रूप से निरीक्षण और निगरानी की व्यवस्था जारी रखी जाएगी।

# वाहन जांच अभियान में 48 पर कार्रवाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर डीसी आवास चौक पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के आदेश पर चलाए गए अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी मोहम्मद मोजाहिद अंसारी, नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक रितेश कुमार सिंह समेत पुलिस बल मौजूद रहा।अभियान के दौरान करीब 50 से 100 वाहनों की जांच की गई। दोपहिया, तीनपहिया और चारपहिया वाहनों के कागजात, हेलमेट, नंबर प्लेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाण-पत्र और अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई।

जांच में 36 दोपहिया चालक बिना हेलमेट के पकड़े गए,

## वसूली गई 74 हजार रुपये जुर्माने की राशि

जिन पर ऑनलाइन चालान के माध्यम से 36 हजार रुपये जुमार्ना लगाया गया। 19 दोपहिया वाहन बिना नंबर प्लेट के मिले, जिनसे 9,500 रुपये तथा तीन चालकों के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं मिलने पर 15 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया। एक चालक को नशे की हालत में वाहन चलाते पकड़े जाने पर 10,500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। दोपहिया वाहनों में अनधिकृत रूप से संशोधित साइलेंसर लगाने वाले दो वाहनों को जब्त कर नगर थाना में रखा गया है। इनके साइलेंसर बदलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वाले दो चारपहिया चालकों से दो हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया। प्रशासन के अनुसार विभिन्न यातायात उल्लंघनों में कुल 48 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 74 हजार रुपये जुमार्ना वसूलने की प्रक्रिया की गई। जिला प्रशासन ने वाहन चालकों से लंबित ई-चालान का भुगतान करने और मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का पालन करने की अपील की है। प्रशासन ने बताया कि वाहन जांच अभियान अलग-अलग थाना क्षेत्रों में स्थान और समय बदलकर नियमित रूप से जारी रहेगा। वाहन चालकों से हेलमेट, सीट बेल्ट, वैध लाइसेंस, पंजीकरण, इंश्योरेंस और प्रदूषण प्रमाण-पत्र दुरुस्त रखने तथा नशे में वाहन नहीं चलाने की अपील की गई है।


# हाईवा से टकरायी अनियंत्रित बाइक, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजनगर ।** हाता-चाईबासा मुख्य मार्ग पर रविवार दोपहर एक बार फिर तेज रफ्तार बाइक सवार की मौत हो गई। राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रोला-खैरबानी के समीप सड़क किनारे खड़े कोयला डस्ट लदे हाइवा के पीछे तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर जा टकराई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार 18 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गमदेसाई निवासी वर्षा टुडू के 18 वर्षीय पुत्र कृष्णा टुडू के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही राजनगर थाना प्रभारी सोनू कुमार पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम और अग्रिम कागजी कार्रवाई के लिए राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद भेजा।

हादसे की खबर मिलते ही मृतक के माता-पिता और रिश्तेदार बदहवास हालत में राजनगर सीएचसी पहुंचे।



जैसे ही मां-बाप ने बेटे का शव देखा, वे दहाड़ मारकर रोने लगे। परिजनों की चीख-पुकार और करुण क्रंदन से अस्पताल परिसर का माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। परिजनों को संभालना वहां मौजूद लोगों के लिए मुश्किल हो रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कृष्णा टुडू अपनी यामाहा आर-15 बाइक पर सवार होकर जा रहा था। रोला-खैरबानी के पास सड़क पर एक कोयला डस्ट लदा भारी हाइवा खड़ा था। हाइवा सड़क पर बने बम्पर (स्पीड ब्रेकर) से लगभग 50 फीट आगे खड़ा था। बम्पर के बावजूद तेज रफ्तार में आ रही बाइक अनियंत्रित हो गई और सीधे खड़े हाइवा के पिछले हिस्से में जा घुसी।

# करंट से दो शावकों सहित तीन हाथियों की मौत

## पर्यावरणविदों ने वन विभाग पर उठाये सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीपुर।** भोजन की तलाश में धान का खेत पार करते समय एक बड़ी हाथी और उसके दो बच्चों की करंट लगने से मौत हो गई। रविवार सुबह पश्चिम मेदिनीपुर जिले के मेदिनीपुर फॉरेस्ट डिवीजन अंतर्गत पीड़ाकाटा रेंज में रांजा बिट के तहत हाटोडा गांव के एक खेत से तीन हाथियों की लाशें मिलीं। स्थानीय लोगों ने सबसे पहले हाथियों को मरा हुआ देखा।

शुरू में यह माना गया कि तीनों हाथियों की मौत जमीन पर पड़े एक पंप के बिजली के तारों के संपर्क में आने से हुई। सूचना मिलने के बाद हरकत में आए वन विभाग के कर्मियों ने घटनास्थल का मौका-मुआयना करने के साथ हाथियों के शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस घटना से जंगल में हाथियों की सुरक्षा एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। हाथियों का रिहायशी इलाकों में घुसना, करंट लगने से मरना या



रेलवे ट्रैक पर एक्सीडेंट - ऐसी घटनाओं में हाथी बार-बार अपनी जान गंवा रहे हैं। लेकिन इंसान-हाथी टकराव और हाथियों की मौत को रोकने के लिए कितने असरदार कदम उठाए जा रहे हैं, इस पर सवाल उठ रहे हैं।

जंगलमहल में पहले भी ऐसी दुखद घटनाएं हो चुकी हैं। करीब एक साल पहले, झाड़ग्राम के बांशतोला रेलवे स्टेशन के पास एक बड़ा हाथी, अपने दो बच्चों के साथ, जनशताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया था। रेलवे लाइन पर हुए हादसे में तीन हाथियों की मौत से जंगल और वाइल्डलाइफ प्रेमियों में चिंता फैल गई है।

पर्यावरणविदों और वाइल्डलाइफ प्रेमियों के अनुसार हाथियों के प्राकृतिक आवास के धीरे-धीरे सिकुड़ने और उनके जाने-पहचाने रहने की जगह में बदलाव के कारण हाथियों के समूह भोजन की तलाश में बस्तियों और खेती की जमीनों की ओर बढ़ रहे हैं। ज़िंदा रहने के लिए उन्हें जंगलमहल के अलग-अलग इलाकों में घूमना पड़ता है।

उस रास्ते में कभी बिजली की लाइनों, कभी रेलवे लाइनों, और कभी लोगों के साथ टकराव के कारण उनकी जान खतरे में पड़ जाती है। हाथियों की समस्या से निपटने के लिए लंबे समय के प्लान के बजाय, हाथियों के समूहों को एक जंगल डिवीजन से दूसरे जंगल डिवीजन में खदेड़ने का चलन है।

नतीजतन, न केवल हाथियों की समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं है, बल्कि एक इलाके से दूसरे इलाके में जाते समय हादसों का खतरा भी बढ़ रहा है। हाथियों के प्राकृतिक आवास को बचाने, सुरक्षित कॉरिडोर पक्का करने और खेती की जमीनों में खतरनाक बिजली कनेक्शनों की निगरानी बढ़ाने की मांग की जा रही है।

इसके अलावा वाइल्डलाइफ लवर्स हाथी-इंसान टकराव को कम करने के लिए फॉरेस्ट डिपार्टमेंट, बिजली विभाग और स्थानीय प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल पर भी जोर दे रहे हैं। घटना ने एक बार फिर याद दिलाया कि वाइल्डलाइफ की सुरक्षा पक्की करना कितना जरूरी है। घटना के बाद ग्रामीण अब जांच के साथ-साथ बिजली कनेक्शन की सुरक्षा और हाथियों की सुरक्षा में वन विभाग की भूमिका को लेकर उठाए गए कदमों पर भी ध्यान दे रहे हैं।

# आवास सूची के अनुमोदन को लेकर विशेष आमसभा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी (बेगूसराय)।** नावकोठी. प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस की सूची को आमसभा से पारित कराने को लेकर विशेष आमसभा का आयोजन किया गया। नावकोठी पंचायत भवन में मुखिया राष्ट्रपति कुमार तथा रजाकपुर पंचायत भवन में मुखिया श्वेता भारती की अध्यक्षता में विशेष आमसभा आयोजित हुई। आमसभा में आवास प्लस की सूची में शामिल जरूरतमंद परिवारों के नामों पर चर्चा की गई। रजाकपुर पंचायत भवन में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए मुखिया श्वेता भारती ने कहा कि पंचायत में जरूरतमंद परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से 1,671 लाभुकों की सूची तैयार की गई है। आमसभा में चर्चा के बाद सूची को सर्वसम्मति से पारित किया गया। नावकोठी में मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने बताया कि मैंने अपने साथियों और योग्य कर्मियों के सहयोग से पंचायत के सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए 1456 लाभुकों की सूचि बनाया है। आपत्ति के लिए 24 घंटे का समय दिया गया ताकि कोई जरूरतमंद लोग छुटे नहीं और अपात्र का नाम जुड़े नहीं। सर्वसम्मति से सूचि को अनुमोदित किया गया।

इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार,पंचायत के सभी वार्ड सदस्य,पंचायत सचिव चंदन कुमार, आवास सहायक प्रवीण कुमार, आलोक कुमार, उपप्रमुख नंदकिशोर पासवान, अशोक कुमार रंजन,उप मुखिया विजय सहनी,सलमान खान, मो अमजद,सुधीर कुमार रजक, कन्हैया कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# जल सहिया एवं ग्रामीणों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

## जन-जागरूकता पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** अमड़ापाड़ा में स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत अमड़ापाड़ा प्रखंड क्षेत्र में विशेष सफाई एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला जल एवं स्वच्छता समिति, पाकुड़ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्क, दुर्गा मंदिर परिसर एवं मंदिर स्थित सीढ़ी घाट की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अनंत प्रसाद सिंह, जिला समन्वयक इमरान आलम सहित जल सहियाएं एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।इस दौरान अधिकारियों, जल सहियाओं आशा देवी, मेरीलीना हेम्ब्रम, रीता देवी समेत अन्य सहभागियों ने




उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर, पार्क एवं सीढ़ी घाट में फैले कचरे की सफाई की। श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी एवं जनभागीदारी का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के दौरान कार्यपालक अभियंता अनंत प्रसाद सिंह एवं जिला समन्वयक इमरान आलम ने जल सहियाओं एवं ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया। उन्होंने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, कचरे के उचित निस्तारण तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सभी ने प्रत्येक वर्ष 100 घंटे अर्थात प्रति सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करने, न स्वयं गंदगी फैलाने और न ही दूसरों को गंदगी फैलाने देने तथा कम से कम 100 अन्य लोगों को स्वच्छता अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से आमजनों से स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई।

# जदयू नेता को मातृशोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रसूलपुर(एकमा)।** जदयू नेता व प्रसिद्ध समाजसेवी मुरली प्रसाद सोनी तथा रसूलपुर के उपमुखिया मनोज कुमार सोनी उर्फ नन्हे की माता मुन्नी देवी का पटना में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे लगभग 70 वर्ष की थी। जो काफी लंबे समय से बीमार चल रही थीं।उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके आकस्मिक निधन पर स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने के लिए स्थानीय विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह उनके आवास पर पहुंचे। विधायक ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त।मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद,सरपंच प्रतिनिधि विकास ओम क्लासेज के संचालक समाजसेवी अनूप दूबे आदि ने परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया।अंतिम संस्कार सोमवार की सुबह डूमाईगढ़ घाट पर संपन्न होगा।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्रामीणों के साथ स्वच्छता संवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी (बेगूसराय)।** स्वच्छता ही सेवा 2026 के तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायत में स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। नावकोठी मे मुखिया राष्ट्रपति कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ स्वच्छता संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान ग्रामीणों को




कचरे के उचित प्रबंधन और चार प्रकार के डस्टबिन के उपयोग के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि कचरे को अलग-अलग रखना और उसका उचित निस्तारण स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के लिए आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ एवं सुंदर पंचायत के निर्माण में ग्रामीणों की सहभागिता के महत्व पर भी चर्चा की गई.रजाकपुर में मुखिया श्वेता भारती, उप प्रमुख नंदकिशोर पासवान,पर्यवेक्षक अशोक कुमार रंजन ने स्वच्छता संवाद में हिस्सा लिया।

उपस्थित लोगों से अपने घर, गली-मोहल्ले और पंचायत को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई.कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण,वार्ड सदस्य, उपमुखिया,स्वच्छता पर्यवेक्षक,स्वच्छता कर्मी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# फुटबॉल व भैंसा लड़ाई प्रतियोगिता, तेतुलिया टीम बनी फुटबॉल विजेता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** पाकुड़ जिले के पाकुड़िया प्रखंड क्षेत्र के छोटा उदलबनी पहाड़ी की ओर दो दिवसीय फुटबॉल एवं भैंसा लड़ाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और खेलप्रेमियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष जुली ख्रिष्टमणी हेम्ब्रम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

फुटबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में तेतुलिया की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं बलिया की टीम द्वितीय स्थान पर रही। आयोजन समिति की ओर से विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान भैंसा लड़ाई का भी आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज के क्षेत्रों से प्रतिभागी अपने भैंसों के साथ पहुंचे। प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले भैंसों को अलग-अलग पुरस्कार प्रदान किए गए। भैंसा लड़ाई प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार दुगार्पुर निवासी सुनील हांसदा के भैंसे ने हासिल किया।

इसके लिए उन्हें पांच हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया।

आयोजन के दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। खेल प्रतियोगिता के साथ पारंपरिक भैंसा लड़ाई ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच मिलने के साथ लोगों को सामूहिक रूप से मनोरंजन और पारंपरिक आयोजनों से जुड़ने का अवसर मिलता है।

मौके पर क्लब अध्यक्ष परमेश्वर मुर्मू, सचिव सिमोन बास्की, देवीधन टुडू, रायमन टुडू, भीमसेट मुर्मू, दिनेश मरांडी, मिलियस मुर्मू सहित क्लब के अन्य सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# एलआईसी भवन में आग के दौरान सुरक्षाकर्मियों की दिखी सतर्कता

## 45 एसी, 20 लैपटाप और सैकड़ों कंप्यूटर जलकर खाक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र बिष्टुपुर स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) भवन की चौथी मंजिल पर देर रात भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में एलआईसी कार्यालय का पूरा कान्फ्रेंस हाल, 45 एसी, 20 लैपटाप और सैकड़ों कंप्यूटर जलकर खाक हो गए।

गनीमत यह रही कि समय रहते इमारत में फंसे दो कर्मचारियों (रात्रि प्रहरी) को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। टाटा स्टील और झारखंड अग्निशमन विभाग की पांच दमकल गाड़ियों ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

यह घटना रात करीब सवा दो बजे की है। शहर जब गहरी नींद में था, तब एलआइसी बिल्डिंग की चौथी मंजिल से अचानक धुआं और आग की तेज लपटें उठने लगीं।

सबसे पहले पड़ोस में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के सतर्क सुरक्षाकर्मियों ने इसे देखा। उन्होंने बिना



समय गंवाए इसकी सूचना पुलिस, अग्निशमन विभाग और एलआइसी के अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग और टाटा स्टील की दमकल टीमें मौके पर पहुंच गईं। बिष्टुपुर एक घनी आबादी और व्यस्त बाजार वाला इलाका है। इसलिए प्रशासन की पहली प्राथमिकता आग को आसपास की व्यावसायिक इमारतों तक फैलने से रोकना था।

दमकल कर्मियों ने चारों तरफ से पानी की बौछार शुरू की। करीब तीन घंटे के सघन अभियान के बाद सुबह चार बजे के आसपास आग पर नियंत्रण पाया जा सका। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी थी। आग एलआइसी के महत्वपूर्ण दफ्तर और कांफ्रेंस हाल में लगी थी। प्रारंभिक जांच में आग लगने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग की भयावहता इतनी अधिक थी कि भीतर रखे सारे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, फर्नीचर और कई अहम विभागीय दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए।

घटना की सूचना पाते ही एलआइसी के वरीय अधिकारी रात में ही घटनास्थल पर पहुंच गए थे। हालांकि, इमारत में अत्यधिक गर्मी और धुआं भरा होने के कारण तुरंत अंदर जाना संभव नहीं था।

अब आग पूरी तरह से बुझने और स्थिति सामान्य होने के बाद ही नुकसान का सटीक और विस्तृत आकलन किया जा सकेगा। पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है और भवन की सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की जा रही है।

# एएसआई ने खोजे हजारों वर्ष पुराने अवशेष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण।** चौपारण की धरती हजारों वर्ष पुराने पुरातात्विक अवशेषों से समृद्ध है। प्रखंड के दुर्गम जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों में जगह-जगह बिखरे पुरावशेष एक बार फिर इस क्षेत्र की प्राचीन ऐतिहासिकता को प्रमाणित कर रहे हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), रांची अंचल की टीम ने चोरदाहा पंचायत के सिलोदर, छोटकी मुर्तिया और बड़की मुर्तिया सहित आसपास के जंगली क्षेत्रों का भ्रमण कर वहां मौजूद प्राचीन मूर्तियों और अन्य पुरातात्विक अवशेषों का निरीक्षण किया।

एएसआई रांची मंडल के सहायक पुरातत्वविद् डॉ. नीरज मिश्रा ने इन स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अधीक्षण पुराविद डॉ. करबी साहा के निर्देशन में चौपारण क्षेत्र के पुरातात्विक स्थलों का सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इस क्रम में प्रमुख पुरास्थलों पर मौजूद पुरावशेषों का दस्तावेजीकरण और रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

डॉ. मिश्रा के अनुसार चौपारण प्राचीन उत्तरापथ पर स्थित महत्वपूर्ण क्षेत्र रहा है। यहां से कई सहायक मार्ग झारखंड के अन्य हिस्सों, लंबी दूरी वाले मार्गों और छोटानागपुर के पठारी क्षेत्र से जुड़ते रहे हैं। क्षेत्र में बौद्ध और जैन परंपरा के साथ सनातन धर्म से जुड़े पुरातात्विक साक्ष्य भी बड़ी संख्या में मिलते हैं। उन्होंने बताया कि चौपारण के घने जंगलों और दुर्गम रास्तों के बीच बौद्ध देवी तारा, मनौती स्तूप, प्राचीन शिवलिंग, प्रस्तर प्रतिमाएं और मंदिर संरचनाओं के अवशेष मौजूद हैं। ये अवशेष इस क्षेत्र में प्राचीन आवागमन के साथ सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों के विस्तार की ओर संकेत करते हैं। इस दौरान उनके साथ विभाग के वरिष्ठ छायाकार कन्हैया कुमार झा, जगदीश यादव, राजकुमार यादव, कृष्णा पासवान, राहुल कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# आम लोगों को झटका, त्योहारी सीजन से पहले एसी-टीवी सहित इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के दाम बढ़ेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्योहारी सीजन से पहले देश में एयर कंडीशनर, एलईडी टीवी, वॉशिंग मशीन और अन्य उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स सामान महंगे हो सकते हैं। प्रमुख उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियां तांबा, इस्पात जैसे कच्चे माल की कीमतों में तेजी के मद्देनजर अपने उत्पादों के दाम पांच से आठ प्रतिशत तक बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। कंपनियों के मुताबिक तांबा, एल्युमिनियम, इस्पात, प्लास्टिक और कच्चे तेल से जुड़े उत्पादों की बढ़ती लागत के साथ-साथ माल ढुलाई खर्च और विदेशी मुद्रा में उतार-चढ़ाव के कारण कीमतें बढ़ाना जरूरी हो गया है।

इस साल यह तीसरी मौका होगा जबकि उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियां दाम बढ़ाएंगी। एयर कंडीशनर की कीमतों में जहां करीब पांच से आठ प्रतिशत तक बढ़ोतरी की संभावना है, वहीं कुछ कंपनियां वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर और एलईडी टीवी के दाम



तीन से चार प्रतिशत बढ़ाने जा रही हैं। हालांकि, कुछ कंपनियां अभी स्थिति का आकलन कर रही हैं। कई कंपनियों का मानना है कि कीमत बढ़ाने से मांग पर असर पड़ सकता है। वहीं कुछ अन्य की राय है कि कीमत वृद्धि का असर सीमित रहेगा, क्योंकि डीलर और वितरकों के पास पहले ही पुराने दाम का स्टॉक है।

ब्लू स्टार, गोदरेज अप्लायंसेज, हायर, डइकिन और सुपर प्लास्ट्रॉनिक्स समेत कई कंपनियां विभिन्न श्रेणियों में कीमतें बढ़ाने की घोषणा कर चुकी हैं। एलजी और बॉश होम कम्फर्ट, जो हिताची ब्रांड के एयर कंडीशनर का कारोबार करती है, ने भी एसी की कीमतों में करीब पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। पैनासोनिक अभी कीमत बढ़ाने को लेकर स्थिति का आकलन कर रही है।

### नवरात्रि से दिवाली तक आती है बिक्री में तेजी

आमतौर पर नवरात्रि से दिवाली तक उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरणों की बिक्री में तेजी आती है और कंपनियां आकर्षक छूट एवं ऑफर देती हैं। ऐसे में बढ़ी हुई कीमतें ग्राहकों के खरीद निर्णय को प्रभावित कर सकती हैं। हालांकि, कंपनियों का कहना है कि डीलर और वितरकों के पास अगस्त-सितंबर में पुराने दाम पर खरीदा गया पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। इसलिए दिवाली तक कुछ उत्पाद पुराने दाम पर उपलब्ध रह सकते हैं। इसके बाद नए दाम बाजार में अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई देने की संभावना है। उद्योग की रिपोर्ट के अनुसार ओणम से लेकर दशहरा और दिवाली तक का त्योहारी दौर घरेलू उपकरण विनिर्माताओं की सालाना बिक्री में करीब 30 से 40 प्रतिशत का योगदान देता है। ऐसे में कंपनियों के लिए बढ़ती लागत और त्योहारी मांग के बीच संतुलन बनाना बड़ी चुनौती होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 3 दिन की हड़ताल के दौरान नहीं लगेगा कोई एटीएम चार्ज

नई दिल्ली, एजेंसी। आगामी 28 सितंबर से शुरू होने वाली बैंक कर्मचारियों की तीन दिवसीय देशव्यापी हड़ताल को देखते हुए देश के बैंकिंग क्षेत्र ने आम जनता को बड़ी राहत दी है. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक सहित सभी प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने एक बड़ा फैसला लिया है. इन बैंकों ने 28 से 30 सितंबर 2026 तक सभी एटीएम ट्रांजैक्शन फीस को पूरी तरह से माफ करने का ऐलान किया है. इस फैसले के बाद ग्राहक तय मासिक मुफ्त सीमा समाप्त होने के बाद भी देश के किसी भी बैंक के एटीएम से बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के कैश निकाल सकेंगे. बैंक ऑफ बड़ौदा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी पुष्टि करते हुए लिखा, 'आपकी सुविधा हमारी प्राथमिकता है. 28 से 30 सितंबर तक पूरे भारत में किसी भी बैंक के एटीएम पर ट्रांजेक्शन चार्ज माफ कर दिए गए हैं.' यह प्रस्तावित हड़ताल सोमवार (28 सितंबर) से शुरू हो रही है, जो ठीक वीकेंड (26 और 27 सितंबर) के बाद आती है. यदि सरकार और रिजर्व बैंक समय पर कदम नहीं उठाते, तो देश में लगातार 5 दिनों तक बैंकिंग कामकाज पूरी तरह ठप हो जाता. इसका देश के व्यापार, वेतन भुगतान और अर्थव्यवस्था पर बेहद बुरा असर पड़ सकता था. इसी संकट से निपटने और आर्थिक गतिविधियों को सुचारू रखने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्रालय और आरबीआई ने एक निर्देश जारी किया है. इसके तहत, कल रविवार को देश के सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक आम दिनों की तरह पूरी तरह खुले रहेंगे. आरबीआई ने सभी बैंक शाखाओं, प्रशासनिक कार्यालयों और करेंसी चेस्ट को रविवार को भी सामान्य रूप से संचालित करने की विशेष मंजूरी दी है, ताकि लोग हड़ताल से पहले अपने जरूरी काम निपटा सकें. सभी प्रमुख बैंकों ने स्पष्ट किया है कि हड़ताल का असर केवल भौतिक बैंक शाखाओं के कामकाज पर पड़ सकता है. आम जनता के लिए डिजिटल लेनदेन के सभी रास्ते खुले रहेंगे. यह देशव्यापी हड़ताल 'यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस' के आह्वान पर बुलाई गई है, जो बैंकिंग कार्यबल के लगभग 90 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करने का दावा करता है. बैंक कर्मचारी संगठनों की मुख्य मांगों में हफ्ते में केवल 5 दिन काम की व्यवस्था लागू करना, पेंशन में सुधार, सभी पेंशनभोगियों के लिए समान महंगाई भत्ता फॉर्मूला और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना चुनने का विकल्प देना शामिल है. चूंकि यह हड़ताल छमाही क्लोजिंग के समय हो रही है, इसलिए इसका असर गहरा सकता है.

### एनटीपीसी और ईडीएफ ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए किया समझौता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी और ईडीएफ पावर सॉल्यूशंस इंडिया ने भारत में पंप्ड स्टोरेज, जलविद्युत और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास, स्वामित्व तथा संचालन के लिए साझेदारी की है। एनटीपीसी ने एक बयान में कहा कि दोनों कंपनियों के बीच 50 :50 का एक संयुक्त उद्यम (जेवी) बनाया गया है। यह संयुक्त उद्यम भारत और पड़ोसी देशों में परियोजनाओं पर काम करेगा। समझौते पर 25 सितंबर को एनटीपीसी के चेयरमैन गुरदीप सिंह और ईडीएफ एसए के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बर्नार्ड फोंटाना की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए। इस रणनीतिक साझेदारी के तहत एनटीपीसी और फ्रांस की बिजली कंपनी ईडीएफ की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी इकाई ईडीएफ पावर सॉल्यूशंस मिलकर कम कार्बन उत्सर्जन वाले बिजली संयंत्रों के विकास, निर्माण और संचालन के साथ-साथ ग्रिड स्थिरता बढ़ाने वाले समाधानों तथा पारेषण परिसंपत्तियों पर काम करेंगी। एनटीपीसी ने कहा कि यह साझेदारी भारत के 2036 तक पंप्ड स्टोरेज (भंडारण) परियोजनाओं की 100 गीगावाट स्थापित क्षमता के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के अनुरूप है।

### 112 कैप्टिव कोयला प्लांटों को पूरी क्षमता से चलाने का आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में आने वाले महीनों में बिजली की मांग बढ़ने की उम्मीद के बीच केंद्र सरकार ने 112 कैप्टिव कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को अपनी उपलब्ध अधिकतम क्षमता पर चलाने का निर्देश दिया है। ये निर्देश 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2026 तक लागू रहेंगे। सरकार का मकसद बिजली उत्पादन की उपलब्ध क्षमता का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल कर ग्रिड में पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराना है। विद्युत मंत्रालय ने 25 सितंबर को जारी आदेश में 50 मेगावाट या उससे अधिक क्षमता वाले कैप्टिव कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को अपनी उपलब्ध क्षमता के अधिकतम स्तर पर बिजली उत्पादन करने को कहा है। यह निर्देश बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 11 के तहत जारी किया गया है। कैप्टिव पावर प्लांट ऐसे बिजली संयंत्र होते हैं मुख्य रूप से किसी कंपनी या औद्योगिक इकाई की अपनी बिजली जरूरत पूरी करने के लिए लगाया जाता है। विद्युत मंत्रालय के मुताबिक मौजूदा समय में बिजली की मांग और आपूर्ति की स्थिति को देखते हुए आने वाले महीनों में मांग बढ़ने की उम्मीद है। ऐसे में सरकार बिजली की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कई कदम उठा रही है। मंत्रालय का कहना है कि बिजली उत्पादन के सभी स्रोतों की उपलब्ध क्षमता का अधिकतम इस्तेमाल करना जरूरी है। कैप्टिव प्लांट भी इसी व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। कैप्टिव प्लांटों को अपनी औद्योगिक जरूरत पूरी करने के बाद बची हुई बिजली को पावर एक्सचेंजों के जरिए बेचने के लिए उपलब्ध कराना होगा।

## 10 प्रतिशत से ज्यादा की रफ्तार से बढ़ सकती है भारत की अर्थव्यवस्था, निर्मला सीतारमण ने बताया क्या करना होगा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत 10 प्रतिशत से अधिक आर्थिक वृद्धि हासिल कर सकता है, लेकिन इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में और अधिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप, प्रौद्योगिकी, नवाचार और कृषि अगले चरण की आर्थिक वृद्धि को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सीतारमण ने आईआईटी मद्रास एल्युमनी एसोसिएशन के 'संगम 2026' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हासिल करना संभव है।'' उन्होंने कहा कि तेज आर्थिक वृद्धि से भारत की आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की दिशा में यात्रा भी तेज होगी। हालांकि, इसके लिए सभी हितधारकों की ओर से अधिक प्रयास करने की आवश्यकता होगी। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रतिभा और प्रौद्योगिकी के लिए लगातार नए अवसर खोलकर तथा लंबे समय से चली आ रही आर्थिक चुनौतियों के समाधान में नवाचार का इस्तेमाल कर भारत के पास आर्थिक वृद्धि बढ़ाने की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी आधारित समाधान उत्पादकता बढ़ाकर, किसानों को बाजारों से जोड़कर और कृषि कार्यों के विभिन्न चरणों में तेजी लाकर ''असाधारण बदलाव'' ला सकते हैं। सीतारमण ने कहा कि ड्रोन और भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी भूमि मानचित्रण जैसे क्षेत्रों में पहले से बदलाव ला रहे हैं। प्रौद्योगिकी कृषि क्षेत्र में अल्परोजगार की समस्या से निपटने में भी मदद कर सकती है। इसके लिए उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ श्रमिकों को नई तकनीकों के इस्तेमाल का प्रशिक्षण दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत में हुआ आर्थिक बदलाव अपने आप नहीं आया, बल्कि इसके पीछे सोच-समझकर किए गए नीतिगत हस्तक्षेप रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में सुधार और बैंकों को मजबूत करने के लिए संसाधन उपलब्ध कराना संस्थागत विश्वास बहाल करने के लिए उठाए गए प्रमुख कदमों में शामिल थे। उन्होंने उन क्षेत्रों को निजी भागीदारी के लिए खोलने की सरकार की नीति का भी उल्लेख किया, जहां पहले निजी क्षेत्र की भागीदारी सीमित थी। उन्होंने अंतरिक्ष क्षेत्र को इसका प्रमुख उदाहरण बताया। सीतारमण ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र को खोले जाने से उपग्रहों और अन्य प्रौद्योगिकियों के विकास में जुटे स्टार्टअप की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा, परमाणु प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अन्य उभरते क्षेत्रों को भी भारत की अगली आर्थिक वृद्धि में योगदान देने वाले महत्वपूर्ण क्षेत्र बताया। एआई के संबंध में उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति का आकलन केवल शेयर बाजारों में सूचीबद्ध कंपनियों की संख्या के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कई स्टार्टअप और यूनिकॉर्न पहले से सक्रिय हैं।



# महिंद्रा फिर बढ़ा सकती है एसयूवी के दाम, अगले दो हफ्ते में होगा अंतिम फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिंद्रा एंड महिंद्रा बढ़ती लागत के कारण अपने एसयूवी पोर्टफोलियो की कीमतें फिर बढ़ा सकती है, जिसका फैसला अगले दो सप्ताह में होगा। इसके बावजूद कंपनी को त्योहारी सीजन में मजबूत मांग बने रहने की उम्मीद है। इसके अलावा, महिंद्रा इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर देते हुए अपनी कुल मासिक उत्पादन क्षमता 84,000 वाहन तक पहुंचाएगी।

महिंद्रा एंड महिंद्रा अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) पोर्टफोलियो की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी कर सकती है। कंपनी जिंस कीमतों में हालिया वृद्धि को देखते हुए अगले दो सप्ताह में इस संबंध में फैसला ले सकती है। महिंद्रा समूह के वाहन प्रभाग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नलिनीकांत गोल्लागुंटा ने पीटीआई-के साथ साक्षात्कार में कहा कि कंपनी इस साल जनवरी, अप्रैल और जुलाई में पहले ही तीन बार कीमतें बढ़ा चुकी है। जुलाई में एसयूवी की कीमतों में करीब 2.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। उन्होंने कहा कि जिंस कीमतों में हालिया वृद्धि को देखते हुए कंपनी अगले कुछ सप्ताह में तय करेगी कि एक और बढ़ोतरी की जरूरत है या नहीं। गोल्लागुंटा के मुताबिक, कीमतों में हालिया बढ़ोतरी का ग्राहकों की पूछताछ और बुकिंग पर फिलहाल कोई खास असर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि महिंद्रा के वाहन अब भी माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती से पहले की कीमतों के मुकाबले कम कीमत पर उपलब्ध हैं, जिससे मांग मजबूत बनी हुई है।



उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारी सीजन में महिंद्रा के साथ-साथ पूरे वाहन उद्योग में मांग मजबूत रहने की उम्मीद है। उन्होंने इसकी वजह जीएसटी कटौती के बाद कीमतों में कमी और उत्पाद पोर्टफोलियो में बदलाव को बताया। हाइब्रिड प्रौद्योगिकी के बारे में गोल्लागुंटा ने कहा कि महिंद्रा का मुख्य ध्यान इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पर है।

उन्होंने कहा कि यदि नियामकीय व्यवस्था में बदलाव होता है तो कंपनी उसके अनुरूप अपनी रणनीति बदल सकती है, लेकिन फिलहाल बिजलीचालित परिवहन कंपनी की प्राथमिकता है। कंपनी की उत्पादन क्षमता के बारे में उन्होंने बताया कि महिंद्रा के पास फिलहाल हर महीने करीब 60,000 पारंपरिक इंजन (आईसीई) वाहन और 8,000 इलेक्ट्रिक वाहन की उत्पादन क्षमता है।

मार्च के अंत या अप्रैल की शुरुआत तक आईसीई क्षमता बढ़ाकर 70,000 और ईवी क्षमता बढ़ाकर 12,000 वाहन प्रति माह करने की योजना है। इस तरह कुल मासिक क्षमता करीब 84,000 वाहन तक पहुंच जाएगी। गोल्लागुंटा ने कहा कि कंपनी अगली दो तिमाहियों में कई नए उत्पाद बदलाव के साथ पेश करेगी और दो नए मॉडल उतारेगी।

# अब साबुन और टूथपेस्ट पर भी लगेगा वेज-नॉनवेज का मार्क, सरकार ने बदले नियम

**हैदराबाद, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने उपभोक्ताओं की सहूलियत और धार्मिक प्राथमिकताओं के अधिकार को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है. लीगल मेट्रोलॉजी (पैक्ड कमोडिटीज) रूल्स, 2011 में हाल ही में किए गए संशोधन के तहत अब दैनिक उपयोग की प्रसाधन सामग्रियों पर शाकाहारी या मांसाहारी होने का प्रतीक चिन्ह लगाना पूरी तरह अनिवार्य कर दिया गया है. यह नया नियम अधिसूचना जारी होने के साथ ही तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है. नए नियमों के मुताबिक, अब सभी कंपनियों को अपने उत्पादों जैसे साबुन, शैम्पू, टूथपेस्ट, कॉस्मेटिक्स और अन्य प्रसाधन सामग्रियों के मुख्य डिस्प्ले पैनल पर स्पष्ट रूप से प्रतीक चिन्ह देना होगा

यह नियम पहले वर्ष 2014 में नियम 6(8)



के तहत लाया गया था, जिसे अब तकनीकी तौर पर संशोधित कर नियम 6(4ए) में स्थानांतरित किया गया है. हालांकि, इन दावों के वैज्ञानिक सत्यापन को लेकर ड्रग टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड और लीगल मेट्रोलॉजी विभाग के बीच कुछ पुराने नीतिगत मतभेद रहे हैं, जिन्हें सुलझाने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट ने एक एकीकृत व्यवस्था बनाने का निर्देश दिया है.

पैकेज्ड उत्पादों के इस राष्ट्रीय नियम के बीच, राज्य स्तर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने भी खान-पान उद्योग में बदलाव की घोषणा की है. खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन द्वारा तैयार किए गए नए मानकों के तहत, प्रदेश के सभी होटलों, रेस्तरां और फास्ट-फूड काउंटरों में शाकाहारी और मांसाहारी भोजन को एक-दूसरे से पूरी तरह अलग रखने की व्यवस्था नवंबर 2026 से अनिवार्य होने जा रही है.

# अमेजन, फ्लिपकार्ट पर 10-10 लाख व जियोमार्ट पर पांच लाख का जुर्माना, सीसीपीए ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने अमेजन व फ्लिपकार्ट पर 10-10 लाख रुपये व जियोमार्ट पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। तीनों ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर साइक्लोसिनोन हर्बिसाइड नामक बिना पंजीयन वाले कृषि-रसायन उत्पाद को बेचने और उसका विज्ञापन करने का आरोप है। 22 सितंबर के एक अलग आदेश में उपभोक्ता संरक्षण नियामक ने तीनों ई-कॉमर्स कंपनियों को उस उत्पाद की बिक्री और विज्ञापन तुरंत रोकने का निर्देश दिया है जिसे उसके एक्टिव इंग्रीडिएंट के रसायन नाम या उसके कंपोजिशन का खुलासा किए बिना बेचा जा रहा था। सीसीपीए ने इन प्लेटफॉर्म्स को ऐसे उत्पाद की लिस्टिंग रोकने के लिए सेल्फ-ऑडिट करने का भी निर्देश दिया जो मौजूदा कानूनों का उल्लंघन करते हैं या उपभोक्ता की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं। नियामक ने तीन प्लेटफॉर्म से 15 दिनों के भीतर अनुपालन रिपोर्ट जमा करने को कहा है।




दरअसल, सीसीपीए को केंद्रीय कृषि मंत्रालय से मिली एक शिकायत के बाद यह जांच शुरू हुई। इसे मूल रूप से क्रॉप केयर फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीसीएफआई) ने दर्ज कराया था। जांच के दौरान कृषि मंत्रालय ने सीसीपीए को बताया कि साइक्लोसिनोन नाम का कोई भी रसायन कीटनाशक अधिनियम-1968 की अनुसूची में शामिल नहीं है। इसका मतलब है कि इस उत्पाद की बिक्री और मार्केटिंग में कानून के तहत जरूरी सुरक्षा, बायो-एफिकेसी, गुणवत्ता और कानूनी जांच को नजरअंदाज किया गया। सीसीपीए ने पाया कि मार्केटप्लेस ने उत्पाद की लिस्टिंग को लाइव करने से पहले उसके रेगुलेटरी स्टेटस की पर्याप्त स्वतंत्र जांच नहीं की थी पोस्ट में जीएसटी को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने लिखा कि मुझे खुशी है कि बीसीसीआई को टैक्स में राहत मिलती है। वह प्रोत्साहन का हकदार है। लेकिन शोध प्रयोगशालाओं को आवश्यक उपकरणों और सॉफ्टवेयर पर क्यों टैक्स चुकाना पड़ता है? अनुसंधान और विकास को भी जीएसटी से मुक्त कर भारत के भविष्य के निर्माण में मदद की जाए। टाटा कार्स ने एरिस कॉम्पैक्ट सेडान लॉन्च की है। इसे विशेष रूप से व्यक्तिगत कार खरीदारों के लिए तैयार किया गया है। इसकी शुरुआती कीमत 5.29 लाख रुपये है। यह सेडान पेट्रोल और आईसीएनजी विकल्पों में उपलब्ध होगी। ग्राहकों को इसमें एएमटी सुविधा भी मिलेगी। एरिस सभी डीलरशिप पर उपलब्ध है। पेट्रोल मॉडल की शुरुआती कीमत 5.29 लाख रुपये और आईसीएनजी मॉडल की 6.29 लाख रुपये है। इसकी बुकिंग शुरू हो गई है और डिलीवरी 11 अक्तूबर से शुरू होगी। शैलेश चंद्रा, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने कहा, एरिस हमारे ग्राहकों की प्रगति और व्यक्तित्व का प्रतीक है। इसे विशेष रूप से व्यक्तिगत स्वामित्व के लिए तैयार किया गया है। एरिस में एलईडी हेडलैंप, डीआरएल और अलॉय व्हील्स दिए गए हैं।

## रिन्यूएबल एनर्जी इंडिया एक्सपो2026 से जैव ऊर्जा क्षेत्र में 2,800 करोड़ से ज्यादा के निवेश की उम्मीदः आईबीए


**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में 22 से 24 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले रिन्यूएबल एनर्जी इंडिया एक्सपो 2026 से जैव ऊर्जा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पूंजी आने का अनुमान है। इंडियन बायोगैस एसोसिएशन के अनुसार यह राशि केंद्र सरकार की गोवर्धन योजना के कुल परिव्यय का करीब 12 फीसदी है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य निवेशकों और नीति-निर्माताओं को एक मंच पर लाकर कंप्रेस्ड बायोगैस उत्पादन को बढ़ावा देना है।

भारत के जैव ऊर्जा क्षेत्र में निवेश को नई गति मिलने की उम्मीद है। इंडियन बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने कहा है कि अगले महीने आयोजित होने वाले रिन्यूएबल एनर्जी इंडिया एक्सपो (आरईआई) 2026 से जैव ऊर्जा क्षेत्र में ?2,800 करोड़ से अधिक के नए निवेश का रास्ता खुल सकता है। इस बार एक्सपो में जैव ऊर्जा या बायोगैस को भारत के हरित विकास के प्रमुख माध्यम के रूप में विशेष महत्व दिया जा रहा है। इतिहासकिताबें खोजें

आरईआई-2026 का आयोजन 22 से 24 अक्टूबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट एंड सेंटर में होगा। आईबीए के मुताबिक, एक्सपो से अपेक्षित ?2,800 करोड़ का निवेश ?23,731 करोड़ के गोबरधन (गैल्वानाइजिंग ऑर्गेनिक बायो-एग्रो रिसोर्सेज धन) राष्ट्रीय चक्रीय जैव ऊर्जा योजना के कुल परिव्यय का करीब 12 प्रतिशत है। केंद्र सरकार ने अगस्त, 2026 में गोबरधन योजना को मंजूरी दी थी, जो एक सितंबर 2026 से प्रभावी




हो गई है। वर्ष 2035-36 तक लागू रहने वाली इस योजना का उद्देश्य देश में कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) के उत्पादन को करीब दस गुना बढ़ाना, बड़े पैमाने पर निजी निवेश जुटाना और देश में संसाधनों के महत्तम उपयोग वाली जैव अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। आईबीए के अनुसार, आरईआई-2026 में निवेशकों, परियोजना डेवलपर, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं और नीति-निर्माताओं को एक मंच पर लाकर नीतिगत पहल को बड़े पैमाने की परियोजनाओं में बदलने में मदद मिल सकती है। एक्सपो में इस बार जैव ऊर्जा मंडप अबतक का सबसे बड़ा होगा, जिसमें 2025 की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे।



# पहली बार होस्ट के तौर पर नजर आएंगे पंकज त्रिपाठी

अभिनेता पंकज त्रिपाठी आईआईएफए डिजिटल अवॉर्ड्स 2027 में पहली बार होस्ट के तौर पर नजर आने वाले हैं। अभिनेता ने इसे एक्टिंग से 'बिल्कुल अलग' अनुभव बताया। अभिनेता ने बताया कि उन्होंने अपने पूरे करियर में दूसरे के किरदार को निभाया और आईआईएफए डिजिटल अवॉर्ड्स 2027 में होस्ट करना रोमांचक और सम्मान देने वाला है। उन्होंने कहा, 'एक एक्टर के लिए कुछ पल ऐसे होते हैं जो थोड़ी ज्यादा घबराहट और बहुत सारी खुशी लेकर आते हैं और पहली बार आईआईएफए डिजिटल अवॉर्ड्स को होस्ट करना उन्हीं में से एक है। मैंने अपने सफर का ज्यादातर समय कैमरे के सामने किरदारों के जरिए कहानियां सुनाते हुए बिताया है, इसलिए आईआईएफए के मंच पर बिल्कुल अलग भूमिका में आना मेरे लिए रोमांचक और सम्मान की बात दोनों है।' उन्होंने आगे कहा, 'ऐसा पहली बार होगा जब मैं किसी अवॉर्ड शो को होस्ट करूंगा, जो इस पल को मेरे लिए और भी खास बनाता है। डिजिटल दुनिया ने कहानियां बनाने, खोजे जाने और पसंद किए जाने के तरीके को बदल दिया है और आईएफएफए का इस नई पीढ़ी को पहचान देना बहुत मायने रखता है। इतने सारे प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रिएटर्स के साथ इस जश्न का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है।

अभिनेता पंकज त्रिपाठी का मानना है कि आईआईएफए ने हमेशा ही सिनेमा को दुनिया के सामने दिखाया है। उन्होंने कहा, 'आईआईएफए हमेशा से भारतीय सिनेमा को दुनिया भर के दर्शकों तक लेकर गया है और मैं भी जोश, गर्मजोशी और थोड़े से ह्यूमर के साथ आईआईएफए डिजिटल अवॉर्ड्स 2027 के मंच पर आने के लिए उत्सुक हूं। मैं स्टेज के दूसरी तरफ से आईआईएफए के जादू को महसूस करने का इंतजार नहीं कर सकता और उम्मीद करता हूं कि मैं इसके साथ न्याय कर पाऊंगा।' इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्ड्स (आईआईएफए) के अपकमिंग एडिशन में डिजिटल और मेन अवॉर्ड सेरेमनी के लिए होस्ट के दो जोड़े होंगे। पंकज त्रिपाठी और अली फजल आईआईएफए डिजिटल अवॉर्ड्स 2027 को होस्ट करेंगे, जबकि करण जौहर और वरुण धवन आईआईएफए अवॉर्ड्स 2027 को होस्ट करेंगे। स्टार-स्टडेड सेलिब्रेशन में सलमान खान, शाहिद कपूर, करीना कपूर खान और जाह्नवी कपूर की स्पेशल परफॉर्मेंस भी होंगी।



# संजना सांघी ने यूएन में उठाई युवाओं की आवाज

एक्ट्रेस संजना सांघी ने एक बार फिर भारत के युवाओं से जुड़े मुद्दों को वैश्विक मंच पर उठाया है। उन्होंने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक आधिकारिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने युवा सशक्तीकरण, शिक्षा और जमीनी स्तर पर विकास को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या आज की पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए उतने संसाधन और मौके मिल रहे हैं, जितने उन्हें मिलने चाहिए? संजना ने कहा, ''मैं पिछले करीब 12 साल से युवाओं और शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर काम करती आ रही हूं। जब मैं टीनएजर थी, तब मुझे खुद महसूस हुआ था कि शिक्षा किस तरह मेरी जिंदगी बदल सकती है। उस समय मुझे यह बताने के लिए किसी का इंतजार नहीं करना पड़ा कि मुझे नेतृत्व करना चाहिए या शिक्षा ही बदलाव का रास्ता है। मैंने खुद इसे महसूस किया और उसी सोच के साथ आगे बढ़ी।''

संजना ने कहा, ''भारत के पास दुनिया में सबसे बड़ी युवा आबादी है। ऐसे में यह सवाल बेहद जरूरी हो जाता है कि हम आने वाली पीढ़ियों को किस तरह तैयार कर रहे हैं। मैं लंबे समय से युवाओं के नेतृत्व में होने वाले विकास से जुड़ी रही हूं और इसी वजह से मेरे मन में यह सवाल उठता है कि क्या युवाओं को वह तैयारी और सुविधाएं मिल रही हैं, जिसके वे हकदार हैं।''

अपने भाषण में संजना ने सैन्य खर्च का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''जब खबरों में बड़े सैन्य खर्च के आंकड़े दिखाई देते हैं, तो मैं सोचती हूं कि अगर उस रकम का छोटा सा हिस्सा भी शिक्षा और जमीनी विकास पर लगाया जाए तो काफी बदलाव लाया जा सकता है। इस तरह के संसाधनों से प्राथमिक स्कूल, बेहतर मेडिकल सुविधाएं, वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर और आर्ट सेंटर बनाए जा सकते हैं, जिससे समाज की कई बुनियादी समस्याओं को स्थानीय स्तर पर हल करने में मदद मिल सकती है।'' संजना ने युवाओं और व्यवस्था के बीच भरोसे की कमी को भी एक अहम मुद्दा बताया। उन्होंने कहा, ''असली समस्या सिर्फ संसाधनों की नहीं, बल्कि भरोसे की भी है। युवा सिर्फ ऐसी नीतियों के लाभार्थी बनकर नहीं रहना चाहते, जिनका फैसला ऐसे लोग करें, जो उन फैसलों के लंबे समय के असर का सामना खुद नहीं करेंगे। युवाओं को फैसले लेने और बदलाव की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल किया जाना चाहिए।''

संजना ने कहा, ''मेरा सपना है कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों से जुड़ी समस्याओं को सामूहिक प्रयास के जरिए जल्द से जल्द हल किया जाए। मैं नहीं चाहती हूं कि हालात ऐसे बनें कि युवाओं को अपनी बात रखने के लिए सड़कों पर उतरना पड़े। बदलाव की शुरुआत समाज के भीतर मिलकर काम करने से हो सकती है।''

संजना को संयुक्त राष्ट्र में भारत की प्रमुख युवा महिला आवाजों में से एक के तौर पर प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया। उन्होंने वहां दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से आए प्रतिनिधियों, बदलाव के लिए काम करने वाले लोगों और प्रभावशाली हस्तियों के साथ युवा भागीदारी, नए तरीके से सामाजिक काम और सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में प्रगति जैसे मुद्दों पर चर्चा की।



# भारतीय-अमेरिकी समुदाय पर है आधारित अपकमिंग वेब सीरीज 'अनकस्टमड अर्थ'

यह सीरीज कैम्ब्रिज, बोस्टन और मैसाचुसेट्स में रहने वाले कई पीढ़ियों के भारतीय-अमेरिकी समुदाय की कहानी है। यह कहानी अलग-अलग पीढ़ियों के बीच प्यार, नुकसान, अपनापन और रिश्तों जैसे विषयों को दिखाती है।

फ्रीडा पिंटो ने पारुल चौधरी का रोल निभाया है, जो एक पत्नी और मां हैं और जिन्होंने कभी अपने पिता की इच्छा का सम्मान करने के लिए अपने कॉलेज के रोमांस को छोड़ दिया था। कैंसर का पता चलने के बाद, पारुल अपने परिवार को भारत से वापस कैम्ब्रिज ले आती हैं, जिसे वह अपना घर मानती हैं। अपनी बीमारी का सामना करते हुए, पारुल उस जिंदगी को जीने का फैसला करती हैं, जिसे उन्होंने कभी छोड़ दिया था। उनके फैसलों का असर उनके परिवार और उनके आस-पास के बड़े प्रवासी समुदाय पर पड़ता है।

फ्रीडा पिंटो और सिद्धार्थ के अलावा, सीरीज में इंद्रनील सेनगुप्ता 'जय' के रोल में, परवीन कौर 'नीना' के रोल में, सरायु ब्लू 'रूमा' के रोल में, जस्टिन बार्थ 'एडम' के रोल में, आदि रॉय 'कौशिक' के रोल में, आइला सुंदरसिंह मैकेग 'हेमा' के रोल में और जयंत कृपलानी 'प्रणब' के रोल में हैं। अन्य कलाकारों में इशिता बंसल 'दिव्या' के रोल में, मीरा सिम्हम 'स्वाति' के रोल में, रवि कपूर 'विशाल' के रोल में, स्वयं भाटिया 'सुधा' के रोल में और पलोमी घोष 'अंजलि' के रोल में हैं। '3 बॉडी प्रॉब्लम' और 'द नेवर्स' पर अपने काम के लिए जानी जाने वाली माधुरी शेखर इस शो की राइटर और शो-रनर हैं। वह जॉन वेल्स, झुम्पा लाहिड़ी, निशा गनात्रा, एरिका सालेह, एरिन जोंटो और सेलिया कोस्टास के साथ एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर भी हैं।

## कब रिलीज होगी सीरीज

रितेश बत्रा ने पहले दो एपिसोड को डायरेक्ट किया है और एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूस किया है। 'अनकस्टमड अर्थ' को वार्नर ब्रदर्स टेलीविजन ने प्रोड्यूस किया है। यह 17 दिसंबर, 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

# 'संस्कार' को लेकर पहले थोड़ी झिझक में थीं मुग्धा गोडसे

एक्ट्रेस मुग्धा गोडसे इन दिनों अपने नए प्रोजेक्ट 'संस्कार' को लेकर चर्चा में हैं। इस शो में वह अपने अब तक के ग्लैमरस अंदाज से बिल्कुल अलग एक साधारण गृहिणी के किरदार में नजर आ रही हैं। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए बताया कि जब उन्हें पहली बार इस प्रोजेक्ट का ऑफर मिला था, तो वह इसे लेकर थोड़ी झिझक में थीं लेकिन कहानी ने उनका ध्यान अपनी ओर खींचा। बातचीत में मुग्धा ने कहा, ''मैंने पहले कभी इस तरह का किरदार नहीं किया था, इसलिए ऑफर मिलने पर मेरे मन में थोड़ी हिचक थी। शो की कहानी ऐसी थी जिसने मुझे इसके बारे में और जानने के लिए उत्सुक किया। एक एक्टर के तौर पर मैं खुद को नए किरदारों में आजमाना चाहती थीं और कुछ ऐसा करना चाहती थीं, जो मेरे लिए एक चैलेंज हो।'' मुग्धा ने कहा, ''शूटिंग शुरू होने के बाद मेरी शुरुआती झिझक पूरी तरह दूर हो गई। जैसे-जैसे मैं प्रोजेक्ट का हिस्सा बनती गईं, मुझे महसूस हुआ कि इसे करने का फैसला सही था। इस तरह के शो बहुत कम देखने को मिलते हैं, इसलिए मैं इसका हिस्सा बनकर खुश हूं। जब मुझे पता चला कि इसे डीडी नेशनल के साथ-साथ उनके डिजिटल प्लेटफॉर्म वेव्स ओटीटी पर भी टेलीकास्ट किया जाएगा, तो मेरी खुशी और बढ़ गई।''



# 'जेलर 2' की कास्ट में शामिल हुईं विद्या बालन

'जेलर 2' के मेकर्स धीरे-धीरे उन कलाकारों के किरदारों से पर्दा उठा रहे हैं जो इस बहुप्रतीक्षित सीक्वल में रजनीकांत के साथ नजर आएंगे। इस कड़ी में अब विद्या बालन का नाम भी जुड़ गया है। मेकर्स ने अब विद्या के किरदार का पहला लुक जारी किया है। वह 'कांथा' का किरदार निभा रही हैं। इस किरदार के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं है लेकिन नए वीडियो में उन्हें एक जबरदस्त अंदाज में पेश किया गया है। वीडियो में विद्या नीली साड़ी और काले ब्लाउज में नजर आ रही हैं। उनके हाथ में सिगरेट है और वह सीढ़ियों से उतरकर एक कमरे में दाखिल होती हैं। वीडियो में ज्यादा कुछ तो नहीं दिखाया गया है लेकिन एक बात साफ है कि कांथा का किरदार कोई शांत या दब्बू किस्म का नहीं है। इस सीन में विद्या का अंदाज काफी प्रभावशाली और दबंग है।


## क्या होगा विद्या बालन का किरदार?

मेकर्स ने अभी तक यह नहीं बताया है कि कहानी में कांथा का क्या रोल है। हालांकि, रिपोर्ट्स के मुताबिक, विद्या मिथुन चक्रवर्ती की बड़ी बेटी का किरदार निभाएंगी। कहा जा रहा है कि मिथुन 'जेलर 2' में मुख्य विलेन (खलनायक) की भूमिका में होंगे और रजनीकांत के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। हिंदुस्तान टाइम्स ने पहले एक सूत्र के हवाले से कहा था, 'विद्या मिथुन चक्रवर्ती की बड़ी बेटी का रोल निभा रही हैं।'

## खास हुई 'जेलर 2' की कास्ट

'जेलर 2' में ओरिजिनल कास्ट के कई सदस्य भी वापसी कर रहे हैं, जिनमें राम्या कृष्णन, योगी बाबू, मिर्ना और ऋत्विक शामिल हैं। इस सीक्वल में कलाकारों की एक शानदार नई टीम भी शामिल है, जिसमें एसजे सूर्या, मिथुन चक्रवर्ती, विद्या बालन, सूरज वेंजारामूडु, अन्ना राजन और जतिन सरना शामिल हैं। फिल्म में कई कैमियो रोल भी होने की उम्मीद है। खबरों के अनुसार मोहनलाल, शिवा राजकुमार, जैकी श्रॉफ, विजय सेतुपति और ऋतिक रोशन इस प्रोजेक्ट से जुड़ सकते हैं, हालांकि मेकर्स ने अभी तक इन सभी नामों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। विद्या के 'कांथा' के रूप में शामिल होने के साथ ही, 'जेलर 2' की कास्ट का एक और अहम हिस्सा तय हो गया है।





# 'लास्ट मैन इन टावर' में अपने किरदार के बारे में मनोज बाजपेयी ने बात की

नेशनल अवॉर्ड विनर एक्टर मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'लास्ट मैन इन टावर' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में उनके किरदार को दर्शकों की तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में मनोज ने बताया कि उनका किरदार परिवार में हमेशा 'अच्छा इंसान' और 'बड़ा इंसान' बने रहने की चाह में इतना आगे निकल जाता है कि वह अपने ही परिवार की जरूरतों को नजरअंदाज करने लगता है। मनोज बाजपेयी फिल्म में एक ऐसे रिटायर्ड स्कूल टीचर और विधुर का किरदार निभा रहे हैं, जो अपनी जिंदगी में खुद को हमेशा परिवार का सही और जिम्मेदार इंसान मानता रहा है। उसे लगता है कि उसने अपने परिवार के लिए बहुत कुछ किया है और जरूरत पड़ने पर हमेशा अपने भाइयों के साथ खड़ा रहा है। लेकिन, जब उसका बेटा उसे उसकी ही सोच का दूसरा पहलू दिखाता है, तो उसके लिए खुद को सही मानने की तस्वीर बदलने लगती है।

बात करते हुए मनोज ने कहा, ''मेरा किरदार हर चीज को सही और गलत के नजरिए से देखने का आदी है। उसके लिए किसी भी परिस्थिति को बीच के रास्ते से देखने की गुंजाइश कम है। अगर मेरे किरदार की बैकस्टोरी को समझा जाए तो उसके बारे में कई बातें उसके बेटे के जरिए सामने आती हैं। वह परिवार में हमेशा खुद को अच्छा और दूसरों से बड़ा साबित करने की कोशिश करता रहा है। उसे लगता है कि उसने अपने भाइयों के लिए बहुत कुछ किया है। उनकी मदद करके वह परिवार में अपनी जिम्मेदारी पूरी कर रहा है। यही सोच धीरे-धीरे उसके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाती है।'' मनोज ने कहा, ''अपने परिवार के लिए कुछ करने और खुद को परिवार का 'बड़ा इंसान' समझने की इस कोशिश में वह अपने सबसे करीबी परिवार को ही कहीं पीछे छोड़ देता है। उसे हमेशा लगता है कि उसने अपने भाइयों के लिए इतना कुछ किया है, इसलिए उसके फैसलों और त्याग की कद्र होनी चाहिए। लेकिन जब उसका बेटा उसके सामने यह बात रखता है कि उसकी इस सोच और व्यवहार का असर उसके अपने परिवार पर भी पड़ा है, तो उसके अंदर की पूरी तस्वीर हिल जाती है।'' उन्होंने कहा, ''उस वक्त मेरे किरदार को एहसास होता है कि जिस काम को वह इतने समय से अपनी सबसे बड़ी अच्छाई मानता आया था, वही उसके आसपास के लोगों के लिए परेशानी की वजह भी बन रहा था। कई बार हम अपनी ही अच्छाई या महानता के इतने आदी हो जाते हैं कि यह देखना बंद कर देते हैं कि हमारी वही 'महानता' दूसरों के लिए किस तरह मुश्किलें पैदा कर रही है।''

उन्होंने कहा, ''इंसान अक्सर अपने किए हुए कामों को एक खास नजरिए से देखता है और खुद को सही साबित करने की कोशिश करता रहता है। असल चुनौती खुद को समझने की होती है। मेरे किरदार के साथ भी कुछ ऐसा ही होता है, जहां उसे अपनी सोच और अपने फैसलों को एक अलग नजरिए से देखने का मौका मिलता है।''

'लास्ट मैन इन टावर' अरविंद अडिगा के इसी नाम के नॉवेल पर आधारित है। फिल्म की कहानी तेजी से बदलती मुंबई की पृष्ठभूमि में सेट है। इसमें मनोज के किरदार की जिंदगी तब बदल जाती है, जब एक बड़ा बिल्डर उस पुरानी इमारत के सभी लोगों को अच्छी रकम देकर घर खाली करने का ऑफर देता है। ज्यादातर लोग इस ऑफर को स्वीकार करने के लिए तैयार हो जाते हैं, क्योंकि इसके बदले उन्हें बड़ी रकम मिल रही होती है। लेकिन मनोज का किरदार अपना घर छोड़ने से साफ इनकार कर देता है। इसके बाद वह पूरी बिल्डिंग को खाली कराने और वहां लग्जरी टावर बनाने की योजना के बीच अकेली बड़ी रुकावट बन जाता है। कहानी सिर्फ घर बचाने की लड़ाई तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसके जरिए परिवार, रिश्तों, पैसे, सोच और इंसान के अपने बारे में बनाए नजरिए को भी दिखाया गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### नोटबंदी के बाद दिल्ली में पहली बार रविवार को खुले बैंक, फिर भी 90% कामकाज ठप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में रविवार को बैंकों में सामान्य कामकाज है। सोमवार से बुधवार तक तीन दिनों की बैंक हड़ताल के मद्देनजर आज ऐतिहासिक रूप से रविवार को बैंकों को खोला गया है। बैंक कर्मचारियों के संगठन सप्ताह में पांच दिन कामकाज समेत अन्य मांगों को लेकर सोमवार से बुधवार तीन दिन तक हड़ताल की घोषणा की है। जिसके मद्देनजर रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने रविवार को भी बैंक खोलने का आदेश दिया था। ताकि, लोग जरूरी कामकाज निपटा सके। वैसे बैंक कर्मियों के अनुसार क्योंकि अधिकतर सिस्टम इंटरनेट आधारित हो गया है, इसलिए बैंकों में अब कामकाज को लेकर उतनी मारामारी नहीं रहती है। ऊपर से रविवार होने की वजह से लोग छुट्टी के मूड में होते हैं। इसलिए आज बैंक शाखाओं में उतनी भीड़ नहीं है। पुरानी दिल्ली के थोक बाजारों तथा लुटियंस दिल्ली के मंत्रालय क्षेत्रों में तो बैंक का कामकाज महज दो से पांच प्रतिशत है। क्योंकि, बाजार से लेकर मंत्रालयों में रविवार की वजह से अवकाश है।

### ट्रैफिक पुलिस ने 3 घंटे में धड़ाधड़ काटे 1930 चालान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में सड़क सुरक्षा और महिला सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार को विभिन्न इलाकों में विशेष अभियान चलाया। शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक चले अभियान में ट्रैफिक पुलिस ने स्थानीय पुलिस और पीसीआर के साथ मिलकर गंभीर यातायात उल्लंघनों के खिलाफ कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, अभियान के दौरान करीब 290 पुलिसकर्मियों को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया और नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के 1,930 चालान किए गए। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, ट्रिपल राइडिंग, वाहनों में टिंटेड शीशे लगाने, शराब पीकर वाहन चलाने और गलत दिशा में वाहन चलाने वालों पर विशेष नजर रखी गई। गलत दिशा में वाहन चलाने के मामलों में आवश्यकता के अनुसार एफआईआर भी दर्ज की गई। ट्रैफिक पुलिस ने अभियान के लिए दिल्ली के 24 संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों को चिन्हित किया था। इनमें अंतरराज्यीय बस अड्डे (आइएसबीटी), विश्वविद्यालय और बड़े कॉलेज व शिक्षण संस्थानों के आसपास के इलाके शामिल रहे। इन स्थानों पर पैदल यात्रियों, दोपहिया और अन्य वाहनों की अधिक आवाजाही को देखते हुए पुलिस की विशेष तैनाती की गई। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक मुख्यालय) प्रतीक्षा गोदारा के मुताबिक, अभियान का उद्देश्य केवल नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करना नहीं, बल्कि लोगों में जिम्मेदार सड़क व्यवहार को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने वाहन चालकों, विशेषकर युवाओं और छात्रों से हेलमेट पहनने, गलत दिशा में वाहन न चलाने और शराब पीकर वाहन न चलाने की अपील की।

### वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने की तारीख 30 अक्टूबर तक बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में चल रही एसआईआर के लिए दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) द्वारा जारी ड्राफ्ट पर आपत्तियां दर्ज कराने की समय सीमा एक माह के लिए बढ़ा दी गई है। मतदाता एसआईआर पर अपने दावे और आपत्तियां 30 अक्टूबर तक दर्ज करा सकते हैं। जबकि 30 नवंबर तक ड्राफ्ट एसआईआर में आए नोटिस का निस्तारण किया जाएगा। जबकि अंतिम मतदाता सूची 4 दिसंबर को जारी करने की तारीख तय की गई है। जबकि पहले यह तारीख चार नवंबर थी। नागरिक उपरोक्त समयावधि में ड्राफ्ट सूची में नाम न होने पर फार्म 6 भर सकते हैं। साथ ही पता या आवास बदलने पर फार्म आठ भर सकते हैं। वहीं, सीईओ कार्यालय रविवार यानि 27 सितंबर को को एसआईआर के तहत दिल्ली भर के 14,947 पोलिंग बूथों पर विशेष शिविर लगाएगा। इन शिविरों का उद्देश्य उन पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करना है, जिनका नाम अभी तक सूची में दर्ज नहीं हो पाया है। आयोग के अनुसार, दिल्ली में अब तक फार्म- 6 के करीब सवा तीन लाख आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। फार्म- 6 नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। आयोग ने पात्र नागरिकों से विशेष शिविरों का लाभ उठाकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की अपील की है। शिविरों में मतदाता नाम जुड़वाने के साथ ही एसआईआर से संबंधित अन्य प्रक्रियाओं और दस्तावेजों को लेकर भी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

दलित और मुस्लिम प्रभाव वाली 150 सीटें चिन्हित की हैं

# यूपी में सीट बंटवारे पर फंसेगा पेच: कांग्रेस ने चिन्हित की ये 150 सीटें, सपा को ओवैसी-चंद्रशेखर की भी चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे पर लंबा पेच फंसेगा। दरअसल, कांग्रेस ने चुनाव लड़ने के लिए ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम प्रभाव वाली 150 सीटें चिन्हित की हैं। सपा पर दबाव बनाने के लिए पार्टी के अपने मुस्लिम चेहरों इमरान प्रतापगढ़ी और इमरान मसूद को सक्रिय किया है। पार्टी नेतृत्व का इरादा इस बार राज्य में कम से कम सौ सीटों पर लड़ने की है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक अगले हफ्ते से सपा से सीट बंटवारे के लिए संभावित बातचीत से पहले पूरी तैयारी की गई है। प्रदेश की 403 सीटों को कांग्रेस ने तीन श्रेणियों में विभाजित किया है।

इनमें से 150 ऐसी सीटें चुनी हैं जो सपा के वोट बैंक को मिला दें तो पार्टी के अनुकूल हो जाती है। इनमें से ज्यादातर मुस्लिम, ब्राह्मण व दलित प्रभाव वाली सीटें हैं। सूत्रों ने कहा कि प्रारंभिक बातचीत में सपा से 150 सीटें मांगी जाएगी। हालांकि अंतिम लाइन सौ सीटों की है। इससे नीचे का प्रस्ताव पार्टी मंजूर नहीं करेगी।



**सपा को ओवैसी की भी चिंता**

पार्टी सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में अगर सपा-कांग्रेस गठबंधन नहीं हुआ तो मुस्लिम-दलित वोटों में बिखराव की संभावना भी बढ़ेगी। ऐसा इसलिए कि इस चुनाव में ओवैसी चंद्रशेखर आजाद समेत कुछ अन्य दलों के साथ गठबंधन करेंगे। ऐसी स्थिति में सपा-कांग्रेस गठबंधन में मुस्लिम मतों में बिखराव को रोक सकती है। चूंकि सपा को इसका अंदाजा है, इसलिए कांग्रेस को लड़ने के लिए सपा से अधिक सीटें मिलने की उम्मीद है।

**सपा को कराएगी जरूरत का अहसास**

पार्टी के वरिष्ठ नेता ने गठबंधन के संदर्भ में कहा कि सपा को कांग्रेस की ताकत का अंदाजा है। सपा जब 2019 के चुनाव में बसपा के साथ लड़ी थी तब उसे महज पांच सीटें मिली थी। जब हमारे साथ 2024 में लड़ी तो सपा को 37 सीटें मिली। कांग्रेस 2009 में 21 सीटें जीती थी। जब 2019 में अकेले लड़ी तब भी उसे एक सीट मिली। सपा को पता है कि सामाजिक न्याय की नई राजनीति के बाद राहुल गांधी और पार्टी का प्रभाव मुसलमानों, वंचित वर्गों में बढ़ा है। ब्राह्मणों में भी पुरानी साख लौटने के संकेत हैं। ऐसे में सपा इस चुनाव में कांग्रेस को प्रतीकात्मक साथी के रूप में नहीं ले सकती।

# चुनाव आयोग के काम में सरकार का कोई दखल नहीं: रविशंकर प्रसाद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने एसआईआर को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर विपक्ष के आरोपों की तीखी आलोचना की. उन्होंने कहा कि पिछले 4-5 दिनों से एक अखबार की रिपोर्ट के आधार पर विपक्षी पार्टियां, खासकर कांग्रेस और राहुल गांधी, चुनाव आयोग पर बेबुनियाद और शर्मनाक आरोप लगा रही हैं. यह दुर्भाग्यपूर्ण है और भाजपा इसकी भर्त्सना करती है.

प्रसाद का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने 27 मई 2026 को एसआईआर की पूरी प्रक्रिया को उचित माना. कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी और टीएमसी की ओर से इस प्रक्रिया को अदालत में चुनौती दी गई थी. सबको सुनने के बाद कोर्ट ने स्ढ्ढक्रको सही ठहराया. उन्होंने टीएमसी के संदर्भ में यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर न्यायिक अधिकारी तैनात किए गए थे और उस समय उन पर हमला हुआ था. शनिवार को दिल्ली में चुनाव आयोग की बैठक हुई, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त और दोनों आयुक्त मौजूद थे. चुनाव आयोग के एक प्रेस नोट में कहा गया है कि स्ढ्ढक्रसे जुड़े जितने फैसले हुए, वे मुख्य चुनाव आयुक्त और दोनों आयुक्तों की सहमति से हुए. देश के विभिन्न हिस्सों में स्ढ्ढक्र संबंधी कदम को सुप्रीम कोर्ट ने वैध ठहराया है.



सरकार की लाइन भी इसी से जुड़ती है-किसी भी संस्था में आंतरिक मतभेद सामान्य हैं, अंतिम फैसले सर्वसम्मति से होते हैं. एसआईआर अवैध मतदाताओं की सफाई है, राजनीतिक हथियार नहीं. सरकार एसआईआर संबंधित आदेश को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 21(3) के अनुरूप बता रही है. भाजपा का तर्क है कि जब अंतिम आदेश सर्वसम्मति से हैं, तो 'वन-मैन ऑटोक्रेसी' का आरोप नहीं टिकता. भाजपा राहुल गांधी को 'मास्टर ऑफ डिसेप्शन' कह रही है. पार्टी का आरोप है कि कांग्रेस चुनावों में हार के बाद संस्थाओं को बदनाम करती है. भाजपा द्वारा तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की लंबे समय से सत्ता-विहीनता का हवाला दिया जा रहा है. सरकार की आधिकारिक पंक्ति यह है कि चुनाव आयोग स्वतंत्र है।

# थाईलैंड कछुआ तस्करी मामला: दिल्ली हाईकोर्ट का मुरुगेसन मणिवन्नन को रिहा करने का आदेश, भारत में ही चलेगी जांच सीबीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने थाईलैंड में 840 रेडिएटेड कछुओं को आयात करने के मामले में वांछित अपराधी मुरुगेसन मणिवन्नन को रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने थाईलैंड प्रत्यर्पण की कार्यवाही से भी उसे मुक्त कर दिया। केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि मणिवन्नन को थाईलैंड प्रत्यर्पित नहीं किया जा रहा है और मामले में भारत में स्थानीय स्तर पर मुकदमा चलाने के लिए इसे सीबीआई को भेजा गया है। न्यायमूर्ति मधु जैन की पीठ ने कहा कि जब सरकार का स्पष्ट रुख है कि याचिकाकर्ता को थाईलैंड प्रत्यर्पित नहीं किया जाएगा, तो प्रत्यर्पण के आदेश के तहत उसकी हिरासत जारी नहीं रखी जा सकती। कोर्ट ने निर्देश दिया कि यदि किसी अन्य मामले में उसकी जरूरत नहीं है तो उसे जेल से तत्काल रिहा किया जाए। मणिवन्नन को छह जनवरी 2026 को पटियाला हाउस कोर्ट ने थाईलैंड प्रत्यर्पित किए जाने तक जेल में रखने का आदेश दिया था। हालांकि, प्रत्यर्पण आदेश के दो माह के भीतर उसे भारत से बाहर नहीं भेजा गया। याचिकाकर्ता ने इसी आधार पर कहा था कि छह मार्च 2026 के बाद उसकी हिरासत प्रत्यर्पण अधिनियम, 1962 की धारा 24 और संविधान के अनुच्छेद 21 के खिलाफ है। थाईलैंड के प्रत्यर्पण अनुरोध के मुताबिक मणिवन्नन को 27 अगस्त 2012 को बैंकाक के सुवर्णभूमि एयरपोर्ट पर 840 रेडिएटेड कछुओं के साथ गिरफ्तार किया गया था। उस पर थाईलैंड के वन्यजीव संरक्षण एवं सुरक्षा अधिनियम, पशु महामारी अधिनियम और सीमा शुल्क अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए थे। इन अपराधों में एक वर्ष से अधिक की सजा का प्रविधान था।



# युवराज मनचंदा हत्याकांड: 'परिवार से अंतिम संस्कार का अधिकार छीना', अदालत ने गुरुग्राम पुलिस को लगाई फटकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक नामी रियल्टी कंपनी में सेल्स मैनेजर युवराज सिंह मनचंदा की हत्या के मामले में शव के निस्तारण और जांच प्रक्रिया को लेकर शनिवार को साकेत कोर्ट ने गुरुग्राम पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल जैन ने बादशाहपुर थाने के पुलिस अधिकारी से शव बरामद होने से लेकर उसके अंतिम संस्कार तक की कार्रवाई पर एक-एक कर कड़े सवाल किए। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता ने अपना भाई खोया और शव का इस तरह अंतिम संस्कार किए जाने से परिवार से विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार करने का अधिकार भी छिन गया। बता दें कि कोर्ट ने गुरुग्राम पुलिस की कार्रवाई को लेकर पहले भी नाराजगी जताई थी। वहीं, सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सबसे पहले अज्ञात शव की जांच प्रक्रिया को लेकर सवाल किया। अदालत ने पूछा कि अज्ञात शव मिलने के दूसरे दिन ही कार्यकारी मजिस्ट्रेट या एसडीएम को पंचनामा कार्रवाई की सूचना देना सामान्य प्रक्रिया है, फिर ऐसा क्यों नहीं किया गया। कोर्ट ने जिप नेट पर शव की जानकारी अपलोड करने में हुई देरी पर भी सवाल उठाया। जिप नेट दिल्ली, हरियाणा समेत कई राज्यों की पुलिस के बीच अज्ञात शव और गुमशुदा लोगों की जानकारी साझा करने का नेटवर्क है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, युवराज का शव 10 सितंबर को बरामद हुआ था, जबकि परिवार की ओर से अदालत



में आरोप लगाया गया कि शव का विवरण और फोटो 16 सितंबर को जिप नेट पर अपलोड किए गए। वहीं 14 सितंबर को ही शव का अज्ञात के रूप में अंतिम संस्कार कर दिया गया। युवराज की बहन हरसिमरन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अमित प्रसाद ने दलील दी कि अंतिम संस्कार स्थल से जली हुई घड़ी और कड़ा बरामद हुआ।

# नेपाल में एक और त्रासदी: हिमलुंग हिमाल बेस कैंप में अचानक हिमस्खलन, 10 लोग लापता; कई दिन से हो रही थी बर्फबारी

**काठमांडो, एजेंसी।** नेपाल के पश्चिमी हिस्से में तिब्बत की सीमा के पास स्थित हिमलुंग हिमाल के बेस कैंप में रविवार सुबह भीषण हिमस्खलन हुआ। इस हादसे के बाद कम से कम 10 लोगों के लापता होने की जानकारी सामने आई है। लापता लोगों में अलग-अलग पर्वतारोहण अभियानों से जुड़े लोग शामिल हैं। अभियान आयोजकों के मुताबिक, दो लापता लोग रसोई में काम करने वाले कर्मचारी हैं। इलाके में पिछले कई दिनों से भारी बर्फबारी हो रही थी और खराब मौसम के कारण पर्वतारोहण अभियान पहले ही मुश्किल हो गए थे। अभियान आयोजक मिंगमा ग्यालजे शेरपा के मुताबिक, हिमस्खलन रविवार सुबह आया। उन्होंने बताया कि उनके रसोई कर्मचारियों में से दो लोग भी लापता हैं। पिछले सप्ताह मौसम को लेकर चेतावनी जारी होने के बाद पर्वतारोहण दल और रस्सी लगाने वाली टीमें पहाड़ की ढलानों से नीचे लौट आई थीं। हालांकि, कुछ लोग वहां रुक गए थे। रविवार को आए हिमस्खलन की चपेट में आने के बाद कम से कम 10 लोगों के लापता होने की जानकारी मिली है। ये सभी लोग अलग-अलग अभियान कंपनियों से जुड़े हुए थे। हिमलुंग हिमाल क्षेत्र में पिछले कई दिनों से भारी बर्फबारी हो रही थी। खराब मौसम के कारण पर्वतारोहियों को शरद ऋतु में होने वाली चढ़ाई से पीछे हटना पड़ा था। लगातार बारिश और बर्फबारी ने नेपाल के पहाड़ी इलाकों में हालात और मुश्किल कर दिए हैं। मौसम बिगड़ने के बाद पर्यटन अधिकारियों ने ट्रेकिंग और पर्वतारोहण गतिविधियों को रोकने की सलाह दी है। पर्यटन विभाग ने भी लोगों को मौसम साफ होने तक पर्यटन गतिविधियां स्थगित रखने को कहा है। हिमलुंग हिमाल की ऊंचाई 7,126 मीटर है और यह नेपाल के मनांग जिले में स्थित है। ऊंचाई पर पर्वतारोहण का अनुभव हासिल करने वाले पर्वतारोहियों के बीच यह चोटी काफी लोकप्रिय है। हालांकि, यहां पहुंचना आसान नहीं है। हिमलुंग हिमाल क्षेत्र में हेलीकॉप्टर उड़ाने के लिए अतिरिक्त अनुमति की जरूरत होती है।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सीट के लिए भारत की दावेदारी का रूस ने समर्थन किया

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासभा में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट के लिए भारत की उम्मीदवारी का जोरदार समर्थन किया. साथ ही पश्चिमी देशों के पुनः प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी.

संयुक्त राष्ट्र महासभा में दुनिया के नेताओं को संबोधित करते हुए लावरोव ने इस बात पर जोर दिया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में किसी भी सुधार से परिषद और उसके परमानेंट सदस्यों के खास अधिकार कम नहीं होने चाहिए. मॉस्को के उसूलों वाले रुख को बताते हुए उन्होंने जोर दिया कि सुधारों में पश्चिमी देशों को और सीटें देने से बचना चाहिए.

लावरोव ने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार में पश्चिमी देशों, खासकर जर्मनी और जापान को अतिरिक्त सीट नहीं दी जा सकती, जो अब सैन्यवाद और बदला लेने की राह पर हैं.' ज़्यादा सबको साथ लेकर चलने वाले और भौगोलिक रूप से संतुलित वैश्विक वास्तुकला की वकालत करते हुए रूसी विदेश मंत्री ने ग्लोबल साउथ से पुनः प्रतिनिधित्व बढ़ाने का ज़ोरदार समर्थन किया.

लावरोव ने कहा, 'हम एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के रिप्रेजेंटेशन को बढ़ाने के पक्ष में हैं. हम परमानेंट सीट के लिए ब्राजील और भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करते हैं. और साथ ही, मैं इस बात पर ज़ोर देना चाहता हूं कि हमें इजराइली आम सहमति और एसईएटी घोषणा



के अनुसार अफ्रीकी महाद्वीप के हितों को पूरा करना चाहिए.' रूस समेत ब्रिक्स देशों ने पहले नई दिल्ली डिक्लेरेशन में संयुक्त राष्ट्र जिसमें सुरक्ष परिषद भी शामिल है, में ब्राजील और भारत की बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीदों के लिए अपना सपोर्ट दोहराया था. संयुक्त राष्ट्र हेडक्वार्टर में चल रही आम बहस के दौरान इसी मोमेंटम को आगे बढ़ाते हुए दुनिया भर के नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि परिषद को आज की जियोपॉलिटिकल और इकोनॉमिक हकीकतों को दिखाने की तुरंत जरूरत है. मॉरिशस ने अपने भाषण के दौरान भारत की दावेदारी का साफ तौर पर समर्थन किया. मॉरिशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफुल ने नई दिल्ली का साथ देते हुए कहा, 'हम काउंसिल सुधार पर जी4 और एल69 की बातों का सपोर्ट करते हैं, और हम ग्लोबल मामलों में भारत की कंस्ट्रक्टिव भूमिका के हिसाब से परमानेंट सीट के लिए भारत की उम्मीदवारी के लिए अपना सपोर्ट दोहराते हैं.' भारत को अपने सपोर्ट के साथ-साथ, मॉरिशस ने कॉमन अफ्रीकन पोजीशन का भी समर्थन किया, जिसमें सही रीजनल रिप्रेजेंटेशन, नए परमानेंट मेंबर्स के लिए समान अधिकार और छोटे आइलैंड डेवलपिंग देशों के लिए खास जगह देने पर ज़ोर दिया गया. पुर्तगाल ने भी स्ट्रक्चरल रिफॉर्म की मांग को और बढ़ाया, पुर्तगाली प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो ने अफ्रीका, ब्राजील और भारत के लिए परमानेंट रिप्रेजेंटेशन वाली एक ज़्यादा रिप्रेजेंटेटिव काउंसिल की वकालत की. नई दिल्ली की महत्वाकांक्षाओं को चार देशों के जी4 अलायंस के जरिए अप्रत्यक्ष सपोर्ट मिला.

# जयशंकर की कनाडा, मेक्सिको और वेनेजुएला के विदेश मंत्रियों से मुलाकात, ऊर्जा और एआई पर हुई चर्चा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के दौरान भारत की कूटनीतिक गतिविधियां तेज रहीं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को अलग-अलग बैठकों में कनाडा, मेक्सिको और वेनेजुएला के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। इन बैठकों में द्विपक्षीय संबंधों, आपसी सहयोग और मौजूदा क्षेत्रीय मुद्दों पर बातचीत हुई। जयशंकर ने इन मुलाकातों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि अलग-अलग देशों के साथ भारत के संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। जयशंकर ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ बैठक की। उन्होंने इस मुलाकात को उपयोगी बताया। जयशंकर ने कहा कि दोनों देश अपने संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। बैठक में दोनों देशों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब भारत और कनाडा के संबंधों को आगे बढ़ाने की दिशा में दोनों पक्षों की बातचीत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

जयशंकर ने मेक्सिको के विदेश मंत्री रॉबर्टो वेलास्को अल्वारेज के साथ भी बैठक की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की। जयशंकर ने इस बैठक की जानकारी भी साझा की। भारत और मेक्सिको के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग रहा है और संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान हुई यह बैठक दोनों देशों के बीच संपर्क को आगे बढ़ाने का अवसर बनी। हालांकि, उपलब्ध जानकारी में बैठक में उठाए गए प्रत्येक मुद्दे का अलग-अलग विवरण नहीं दिया गया है।

**वेनेजुएला के साथ ऊर्जा सहयोग क्यों अहम रहा:** जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में वेनेजुएला के विदेश मंत्री फेलिक्स प्लासेंसिया गोंजालेज से मुलाकात



की। उन्होंने बैठक को अच्छा बताया। जयशंकर के अनुसार, भारत और वेनेजुएला के बीच ऊर्जा संबंधों में तेजी आ रही है। दोनों देशों के बीच सहयोग के दूसरे क्षेत्रों पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा मौजूदा क्षेत्रीय मुद्दे भी बातचीत का हिस्सा रहे। ऊर्जा क्षेत्र भारत और वेनेजुएला के संबंधों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए इस बैठक में इस मुद्दे पर विशेष ध्यान रहा।

इन द्विपक्षीय बैठकों से पहले जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई को लेकर भारत की सोच भी रखी। उन्होंने कहा कि हर देश को अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों और प्राथमिकताओं के अनुसार अपना एआई तंत्र तैयार करने का अधिकार है। इसके लिए देश अपने मॉडल विकसित कर सकते हैं और उनके इस्तेमाल की रणनीति तय कर सकते हैं। भारत एआई को ग्लोबल साउथ के साथ अपनी साझेदारी के एजेंडे का महत्वपूर्ण हिस्सा मानता है। जयशंकर ने एआई को मानव सशक्तीकरण, आर्थिक समृद्धि और बड़े पैमाने पर लोगों की समस्याओं के समाधान में बदलाव लाने वाली तकनीक बताया। उन्होंने तकनीक को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने और अलग-अलग संस्कृतियों को समझने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने फरवरी में एआई इंपैक्ट समिट की मेजबानी की थी, जिसमें इस क्षेत्र के विशेषज्ञ और प्रमुख लोग शामिल हुए थे। जयशंकर की इन बैठकों में भारत के अलग-अलग साझेदार देशों के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने पर जोर दिखाई दिया। कनाडा के साथ संबंधों को नई ऊंचाई देने, मेक्सिको के साथ द्विपक्षीय संपर्क बढ़ाने और वेनेजुएला के साथ ऊर्जा सहयोग को गति देने पर चर्चा हुई। इसके साथ ही एआई को लेकर भारत ने अपनी प्राथमिकताओं को भी वैश्विक मंच पर सामने रखा।

## संक्षिप्त समाचार

**एशियन गेम्स**

### भारतीय फैंस को झटका, शटलर आयुष शेट्टी का 'मेंस सिंगल्स' में सफर समाप्त

इचिनोमिया सिटी । एशियन गेम्स 2026 में भारतीय शटलर आयुष शेट्टी का सफर 'मेंस सिंगल्स' के तीसरे राउंड में समाप्त हो गया। शनिवार को एक कड़े मुकाबले में उन्हें चीनी ताइपे के टिएन-चेन चाउ के हाथों 16-21, 21-19, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। आयुष ने कजाकिस्तान के मखसुत ताजीबुल्लायेव को 21-7, 21-7 से मात देकर तीसरे राउंड में जगह बनाई थी। वह चाउ से पहला गेम हारने के बाद वापसी करने में कामयाब रहे थे। टिएन-चेन चाउ के खिलाफ आयुष को यह हार तब मिली, जब उन्होंने दूसरे राउंड में ताजीबुल्लायेव को हराने में सिर्फ 21 मिनट लिए थे। वर्ल्ड नंबर 20 भारतीय खिलाड़ी ने



शुरू से ही उस मुकाबले पर अपना दबदबा बनाए रखा और अपने प्रतिद्वंद्वी को लय हासिल करने का कोई मौका नहीं दिया था।

वहीं, उन्नति हुड्डा ने मलेशिया की वोंग लिंग चिंग के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत हासिल की और विमेंस सिंगल्स के 'राउंड ऑफ 16' में जगह बनाते हुए सिंगल्स इवेंट में भारत की उम्मीदों को जिंदा रखा है। 79 मिनट तक चले इस मुकाबले में उन्नति हुड्डा ने 21-14, 20-22, 21-19 से जीत हासिल की। वर्ल्ड नंबर 38 मलेशियाई खिलाड़ी के खिलाफ 25वीं रैंकिंग वाली भारतीय खिलाड़ी ने मजबूत शुरुआत करते हुए पहला गेम 21-14 से जीता। इसके बाद वोंग ने दूसरे गेम में बढ़त बनाई और आखिरी पलों में 22-20 से जीत हासिल करते हुए मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। आखिरी गेम में कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन उन्नति ने 20-18 पर दो मैच प्वाइंट्स हासिल कर लिए।

### केवी नेशनल गेम्स में जयपुर की बेटियां बनी चैम्पियन

### देहरादून को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया

**नई दिल्ली।** गोलकीपर वृंदा टिंकर ने शानदार प्रदर्शन कर रोकी दो पेनल्टी जयपुर। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बीरपुर देहरादून में आयोजित 55वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में जयपुर केन्द्रीय विद्यालय नम्बर 1 की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फुटबॉल अंडर-14 बालिका वर्ग का खिताब अपने नाम कर लिया। यहां खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में केवी-1 जयपुर की




टीम ने मेजबान देहरादून को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से शिकस्त देकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मुकाबले के दौरान दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और निर्धारित समय के साथ-साथ अतिरिक्त समय में भी कोई टीम बढ़त हासिल नहीं कर सकी। फाइनल मुकाबला शुरू से ही रोमांच और संघर्ष से भरपूर रहा। दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने गोल करने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन मजबूत रक्षापंक्ति और गोलकीपिंग के कारण निर्धारित समय तक स्कोर बराबर रहा। अतिरिक्त समय में भी स्थिति नहीं बदली। इसके बाद विजेता का फैसला पेनल्टी शूटआउट से किया गया, जहां जयपुर की टीम ने शानदार संयम और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए बाजी मार ली। जयपुर की जीत में गोलकीपर वृंदा टिंकर की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही।



अभय और अनाहत सिंह ने दिलाया रजत

चिनप्पा-सेंथिलकुमार ने जीता था कांस्य

# स्क्वाश में भारत को मिले तीन पदक

**नागोया।** एशियन गेम्स 2026 में भारत का स्क्वाश में अभियान समाप्त हो गया है। भारत को इस स्पर्धा में कुल पदक मिले। जोशना चिनप्पा और सेंथुलकुमार वेलावन की मिश्रित युगल जोड़ी ने शनिवार को कांस्य पदक जीते थे। वहीं, अभय सिंह और अनाहत सिंह ने अपने-अपने एकल मुकाबले में देश को रजत पदक दिलाए। पुरुष एकल में अभय और महिला एकल के फाइनल में अनाहत को हार मिली और इन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

**स्वर्ण से चूके**

### अभय और अनाहत

अभय सिंह को पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में मलयेशिया के ऐन योउ एंग के हाथों हार मिली। विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान पर काबिज अभय 18वीं रैंकिंग वाले योउ को चुनौती नहीं दे सके। पिछली बार के चैंपियन मलयेशियाई खिलाड़ी ने 11-9, 11-5, 11-5 से जीत दर्ज की। यह मलयेशियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अभय की आठवीं हार थी। इस स्पर्धा में बेस्ट ऑफ-5 होता है। यानी तीन गेम जीतने वाला खिलाड़ी मैच जीतता है। स्क्वाश में महिला एकल की फाइनल में अनाहत सिंह को मलयेशिया की सिवासंगारी सुब्रमणयम से 3-0 से हार मिली। सिवांसगारी ने 11-4, 11-4, 11-7 से मैच जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सिवासंगारी की विश्व रैंकिंग पांच है। वह पिछले एशियन गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट हैं। अनाहत के खिलाफ सिवासंगारी ने लगातार तीसरा मैच जीता है।

## शॉट पुट में तेजिंदरपाल सिंह तूर ने भारत को दिलाया सिल्वर



**नागोया।** दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन तेजिंदरपाल सिंह तूर लगातार तीसरी बार एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल से चूक गए। शनिवार को नागोया सिटी मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में पुरुषों के शॉट पुट फाइनल में उन्हें सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा, जबकि ईरान के मोहम्मदरेजा तयेबी ने गेम्स रिकॉर्ड के साथ पहला स्थान हासिल किया। 2018 जकार्ता और 2022 हांग्जो एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाले तूर ने शनिवार को 20.06 मीटर के थ्रो के साथ मजबूत शुरुआत की और अपने दूसरे प्रयास में 20.26 मीटर का थ्रो करके मेडल की दौड़ में बने रहे। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी अपनी लय पाने के लिए संघर्ष करते दिखे; उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 19.77 मीटर और चौथे प्रयास में 19.71 मीटर का थ्रो किया। तूर ने अपने पांचवें थ्रो में 20.64 मीटर का बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन यह शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए नाकाफी था। तूर का छठा और अंतिम प्रयास फाउल करार दिया गया, जिससे प्रतियोगिता में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 20.64 मीटर ही रहा।

दूसरी तरफ, मोहम्मदरेजा तयेबी ने 20.81 मीटर का निर्णायक थ्रो करके गोल्ड मेडल जीता और तूर के पिछले एशियन गेम्स के 20.75 मीटर के रिकॉर्ड को बेहतर किया। तूर ने यह रिकॉर्ड 2018 में जकार्ता में खिताब जीतते समय बनाया था। सिल्वर जीतने के साथ तूर ने प्रत्येक एशियन गेम्स में मेडल जीतने का अपना शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखा।

31 वर्षीय खिलाड़ी ने हांगझोऊ में 20.36 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ सफलतापूर्वक अपना खिताब बचाया था। वह जून 2023 में भुवनेश्वर में बनाए गए 21.77 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक के तौर पर इस प्रतियोगिता में उतरे थे।

इससे पहले, कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में तूर पुरुषों के शॉट पुट में पांचवें स्थान पर रहे थे।

## ओह येओनजी को हराकर प्रिया ने किया बड़ा उलटफेर

### क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**निशियो।** कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट प्रिया घांघस ने शनिवार को यहां निशियो जिम्नेजियम में महिलाओं के 60 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ 16 में साउथ कोरिया की दो बार की वर्ल्ड मेडलिस्ट ओह येओनजी को सर्वसम्मति से 5-0 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। प्रिया ने प्री-क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और तीनों राउंड जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। उन्हें पांच जजों से 30-27 के तीन कार्ड और 29-28 के दो कार्ड मिले। प्रिया ने पहला राउंड 5-0 से जीता; उन्होंने सटीक पंच लगाए और ओह को 'स्टैंडिंग काउंट' के लिए मजबूर किया, क्योंकि उनके जैब्स



का सामना करना दो बार की मेडलिस्ट के लिए मुश्किल हो रहा था। प्रिया दूसरे राउंड में भी शानदार रहीं। उन्होंने बहुत अच्छी तरह से बचाव किया और काउंटर-पंच भी लगाए। उनके बाएं जैब्स ने उन्हें दूसरा राउंड 5-0 से जीतने में मदद की। ओह ने प्रिया पर अटैक किया और हावी होने की कोशिश की, लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने कुछ काउंटर-पंच लगाए और राउंड 3-2 से अपने पक्ष में करके मैच जीत लिया। प्रिया अब सोमवार को क्वार्टर फाइनल में ताजिकिस्तान की मिजगोना समादोवा से भिड़ेंगी और सेमीफाइनल में जगह बनाने का प्रयास करेंगी। इससे पहले, कपिल ने पुरुषों के 90 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ 16 में ईरान के सैम एस्ताकी को सर्वसम्मति से 5-0 के फैसले से हराया। कपिल सोमवार को क्वार्टर फाइनल (अंतिम आठ) मुकाबले में साउथ कोरिया के किम गिचे का सामना करेंगे। वहीं, कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के सिल्वर मेडलिस्ट जादुमनी सिंह पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ 16 में फिलीपींस के कार्लो पालाम से हार गए।

ऐतिहासिक ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद कोच रवींद्र ने कहा

## 'थाईलैंड में कबड्डी लोकप्रिय हो रही है'

**तोकाई (जापान)।** थाईलैंड की पुरुष कबड्डी टीम के कोच रवींद्र शेट्टी ने कहा कि एशियन गेम्स में देश का ऐतिहासिक ब्रॉन्ज मेडल वहां इस खेल की बढ़ती लोकप्रियता का संकेत है। 1990 में इस खेल की शुरुआत के बाद से महाद्वीपीय प्रतियोगिता में थाईलैंड का यह पहला पुरुष कबड्डी मेडल है। शुक्रवार को तोकाई सिटिजन्स जिम्नेजियम में सेमीफाइनल में भारत से 28-66 से हारने के बाद थाईलैंड ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस नतीजे के साथ थाईलैंड का अभियान ऐतिहासिक पोडियम फिनिश के साथ खत्म हुआ और पुरुष कबड्डी में 36 साल बाद एशियन गेम्स में उनका पहला मेडल आया। रवींद्र पिछले तीन वर्षों से थाईलैंड में कबड्डी की कोचिंग दे रहे हैं, उन्होंने कहा कि उन्होंने 2022 हांगझोऊ एशियन गेम्स के बाद वहां बिल्कुल शुरुआत से काम शुरू किया था।



रवींद्र ने 'आईएएनएस' को बताया, 'मैं पिछले तीन वर्षों से वहां कबड्डी की कोचिंग दे रहा हूं। मैंने तीन साल पहले वहां शून्य से शुरुआत की थी। मैंने हांगझोऊ एशियन गेम्स के बाद शुरुआत की थी। उसके बाद मैंने काम शुरू किया। अब, कबड्डी सीखने के बाद वे आगे बढ़ रहे हैं। अब, थाईलैंड में भी कबड्डी लोकप्रिय हो रही है।'

भारतीय कंपाउंड और रिकर्व आर्चरी मिक्स्ड टीमें

## सेमीफाइनल में पहुंचीं

**नागोया।** भारत की कंपाउंड महिला और पुरुष मिक्स्ड टीमें रविवार को यहां ओकाजाकी चुओ सोगो पार्क मल्टीपर्पस स्क्वायर में सेमीफाइनल में पहुंच गईं। चिकिथा तानिपार्थी और साहिल जाधव की कंपाउंड मिक्स्ड टीम ने राउंड ऑफ 16 में मंगोलियाई टीम को 160-146 से हराया और फिर क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान को 159-154 से हराकर आखिरी चार में जगह बनाई। इस बीच, धीरज बोम्मादेवरा और कुमकुम अनिल मोहोद की रिकर्व जोड़ी ने राउंड ऑफ 16 में यूएई को 6-0 से हराया और बाद में क्वार्टर फाइनल में वियतनाम को 6-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

कंपाउंड मिक्स्ड टीम मुकाबला भी अहम होगा। एलए28 में इस डिसिप्लिन का ऐतिहासिक ओलंपिक डेब्यू होने वाला है, ऐसे में एशियन गेम्स में एक कोटा जगह खाली है, जिससे कॉन्टिनेंटल सम्मान की लड़ाई में एक और रोमांच जुड़ गया है।




इससे पहले, कंपाउंड महिला और पुरुष टीमों ने रविवार को यहां ओकाजाकी चुओ सोगो पार्क मल्टीपर्पस स्क्वायर में कजाकिस्तान और भूटान को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

ज्योति सुरेखा वेन्नम, चिकिथा तनिपार्थी और पृथिका प्रदीप की महिला टीम ने क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान की रोक्साना यूनुसोवा, विक्टोरिया ल्यान और एडेल जेक्सेनबिनोवा को 233-230 से हराया।

कुशल दलाल, साहिल जाधव और गणेश मणिरत्नम की पुरुष टीम ने क्वार्टर फाइनल में भूटान के केजांग नोरबू, त्सेतुम गेत्शे और टंडिन दोरजी को 235-232 से हराया।

कुल मिलाकर, एशियन गेम्स में एलए28 ओलंपिक गेम्स के लिए आठ कोटा जगहें खाली हैं।


## अंकुश पुरुषों के 80 किग्रा, तो परवीन महिलाओं के 65 किग्रा में सेमीफाइनल में पहुंचे, दो पदक पक्के



**नागोया।** एशियन गेम्स 2026 में भारतीय बॉक्सिंग के लिए रविवार का दिन शानदार रहा। कॉमनवेल्थ गेम्स चैंपियन अंकुश पंघाल और परवीन ने अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। इसके साथ ही भारत के दो और पदक पक्के हो गए हैं। अंकुश ने पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग में ताजिकिस्तान के नेक्रूज सलीमोव को 5-0 से हराया, जबकि महिलाओं के 65 किग्रा में परवीन ने उज्बेकिस्तान की नवबाखोर खामिदोवा को इसी अंतर से मात दी।

**अंकुश ने 5-0 से दर्ज की शानदार जीत-** निशियो जिमनैजियम में खेले गए मुकाबले में अंकुश ने शुरुआत से ही सलीमोव पर दबाव बनाए रखा। पहले दो राउंड में भारतीय मुक्केबाज ने अपनी गति, पंच और डिफेंस से मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी। दोनों राउंड अंकुश ने 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से अपने नाम किए। पहले राउंड में उन्होंने राइट हुक और 1-2 पंच का अच्छा इस्तेमाल किया। दूसरे राउंड में अंकुश ने अपने लेफ्ट हुक और काउंटर पंच से ताजिक मुक्केबाज को परेशान किया। तीसरे राउंड में सलीमोव ने वापसी की कोशिश की और 4-1 से राउंड अपने नाम किया। वह नॉकडाउन की तलाश में आक्रामक हुए, लेकिन अंकुश ने अपना डिफेंस मजबूत रखा। शुरुआती दो राउंड की बढ़त के दम पर भारतीय मुक्केबाज ने 5-0 से मुकाबला जीत लिया।

**परवीन ने भी 5-0 से पक्का किया पदक-** अंकुश के बाद परवीन ने महिलाओं के 65 किग्रा क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान की नवबाखोर खामिदोवा को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीनों राउंड में भारतीय मुक्केबाज को सभी जजों का



समर्थन मिला। परवीन की जीत के साथ ही भारत ने इस वर्ग में कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया है। अब उनकी नजर फाइनल में जगह बनाने और पदक का रंग बदलने पर होगी। बॉक्सिंग प्रतियोगिता के कार्यक्रम के मुताबिक अंकुश और परवीन दोनों के सेमीफाइनल मुकाबले 29 सितंबर को होने हैं।

**सचिन और नरेंद्र से भी उम्मीद-** भारत के लिए बॉक्सिंग में रविवार को दो और अहम मुकाबले बाकी हैं। सचिन सिवाच पुरुषों के 60 किग्रा क्वार्टर फाइनल में जापान के शुनसुके कितामोटो के खिलाफ उतरेंगे। वहीं, पुरुषों के 90+ किग्रा वर्ग में नरेंद्र का सामना थाईलैंड के अदथापोंग सेंगटेप से होगा। दोनों मुकाबले जीतकर भारतीय मुक्केबाज पदकों की संख्या और बढ़ा सकते हैं।

**कुराश में भारत को निराशा-** कुराश में भारतीय खिलाड़ियों का अभियान पदक के बिना समाप्त हुआ। विशाल पुरुषों के +90 किग्रा क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड के कुनाथिप ये-ऑन से 0-5 से हार गए। संगीता बलहारा महिलाओं के 57 किग्रा राउंड ऑफ 32 में फिलीपींस की चार्मिया क्वेलिनो से 0-10 से हारीं। भारती को महिलाओं के 57 किग्रा राउंड ऑफ 16 में ईरान की ताहेरेह अजरपेइवांड ने हराया, जबकि यश कुमार चौहान पुरुषों के +90 किग्रा राउंड ऑफ 16 में ताजिकिस्तान के शकरमामद मिरमामदोव से हार गए।

## संक्षिप्त समाचार

### छठ तालाब में नहाने के दौरान एक व्यक्ति डूबा,

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के बिनोद बिहारी महतो चौक अंतर्गत नावाडीह बस्ती के छठ तालाब में रविवार को नहाने के दौरान 42 वर्षीय व्यक्ति डूब गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से तालाब में तलाश अभियान शुरू कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, 42 वर्षीय जामनी पाल उर्फ पचन अपने पिता के श्राद्ध कार्य को लेकर तालाब में पानी देने पहुंचे थे। पानी देने के बाद वह तालाब में नहाने लगे। इसी दौरान वह गहरे पानी में चले गए और डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तालाब में उनकी तलाश शुरू की, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी उनका पता नहीं चल सका। सूचना मिलने पर धनबाद थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। इसके बाद प्रशासन की ओर से भटिंडा से गोताखोरों को बुलाया गया, जिसके बाद तालाब में लगातार तलाश अभियान चलाया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक गोताखोरों की मदद से जामनी पाल की तलाश जारी थी। हादसे के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति ने लगाया रक्तदान शिविर

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति की ओर से रविवार को श्याम नगर, भूली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समिति वर्ष 2017 से लगातार समाजसेवा एवं रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय होकर जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में योगदान दिया।



समाचार प्रेषण तक शिविर में कुल 32 यूनिट रक्तदान किया जा चुका था। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद मरीज के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। समिति ने कहा कि भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों की सहायता और रक्तदान के क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियां लगातार जारी रहेंगी। शिविर में समिति के अध्यक्ष राकेश कांति विश्वास, संयोजक राजेंद्र प्रसाद साहू, सचिव दिलबाग सिंह, कोषाध्यक्ष राजीव बनर्जी, रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर सिंह तथा मीडिया प्रभारी नीलकमल खवास सहित संदीप साव, सोनू दास, प्रदीप श्रीवास्तव, राजेश साव और मुस्कान उपस्थित रहे। समिति की ओर से रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों, स्वयंसेवकों एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। समिति ने लोगों से भविष्य में भी रक्तदान जैसे जनहितकारी कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

### युवाओं को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' का विधिवत शुभारंभ रविवार को सदर अस्पताल, धनबाद के परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा एवं सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष मेडिकल हेल्थ कैंप (स्वास्थ्य शिविर) का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 युवाओं की स्वास्थ्य जाँच की गई। इसके बाद युवाओं एवं आमजनों के लिए एक विशेष उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन एवं उपाधीक्षक ने नशे के गंभीर शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि एक सशक्त और विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं का स्वस्थ और नशा-मुक्त होना अत्यंत आवश्यक है। टंककककार्यशाला में एनसीडी सेल के तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के सोशल वर्कर श्री शुभांकर मैत्रा ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से तम्बाकू और अन्य मादक पदार्थों से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन पर सिविल सर्जन ने सभी लोगों एवं युवाओं को जीवन में कभी भी नशा न करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की सामूहिक शपथ दिलाई। इस अवसर पर सदर अस्पताल के चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी, सिविल सर्जन कार्यालय के कर्मचारी, एनसीडी सेल के कर्मी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय युवा एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### धनबाद में 25-26 हाथियों के झुंड का आतंक

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के मरिचो पंचायत अंतर्गत भोलमारा गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। करीब 25 से 26 हाथियों के झुंड ने पहले खेतों में लगी तैयार धान की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। इसके बाद हाथियों का दल गांव में घुस आया और मरिचो पंचायत के पूर्व मुखिया स्वर्गीय प्रभु झांझी के घर की दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के दौरान घर के सदस्य समय रहते बाहर निकल गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हाथियों के गांव में प्रवेश की



सूचना मिलते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद ग्रामीणों ने एकजुट होकर मशाल जलाया और काफी मशक्कत के बाद हाथियों के झुंड को गांव से बाहर जंगल की ओर खदेड़ा। हालांकि ग्रामीणों के अनुसार हाथियों का दल अभी भी आसपास के जंगल में मौजूद है। इसके चलते गांव के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों की मौजूदगी के कारण वे रात में अपने घरों में भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। कई ग्रामीण रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। खासकर खेतों और आबादी वाले इलाके में हाथियों के दोबारा आने की आशंका बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और स्थिति पर नजर रख रही है। हाथियों के उत्पात से किसानों की तैयार धान की फसल को काफी नुकसान हुआ है। मकान की दीवार क्षतिग्रस्त होने से भी ग्रामीणों में चिंता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों के झुंड को आबादी वाले क्षेत्रों से दूर खदेड़ने के लिए प्रभावी कदम उठाने तथा फसल और मकान के नुकसान का उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# लुगुबुरु राजकीय महोत्सव की तैयारियों को 18 नवंबर तक पूरा करने का निर्देश

## 22 से 24 नवंबर तक होगा तीन दिवसीय आयोजन, पार्किंग-यातायात, सुरक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और स्वच्छता पर विशेष जोर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ललपनिया स्थित श्यामली गेस्ट हाउस में उपायुक्त अजय नाथ झा ने लुगुबुरु घंटाबाड़ी राजकीय महोत्सव-2026 की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों, आयोजन समिति एवं टीटीपीएस प्रबंधन के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में पिछले वर्ष श्रद्धालुओं को हुई असुविधाओं और प्राप्त सुझावों की समीक्षा करते हुए इस बार व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। 22 से 24 नवंबर तक तीन दिवसीय महोत्सव आयोजित होगा। उपायुक्त ने सभी आवश्यक तैयारियां 18 नवंबर तक पूरी करने को कहा। उन्होंने कहा कि लुगुबुरु घंटाबाड़ी संथाल आदिवासी समाज की धार्मिक आस्था, संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण केंद्र है। बड़ी संख्या में



श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। महोत्सव परिसर और आसपास रंग-रोगन, मरम्मत व सौंदर्यीकरण के कार्य समय पर पूरा करने, पहाड़ी मार्गों, प्रवेश द्वारों और विश्राम स्थलों में आवश्यक मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया। खराब सोलर लाइट की मरम्मत के साथ महोत्सव परिसर से मुरपा तक पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने को कहा गया। दुर्घटना संभावित स्थानों पर मजबूत बैरिकेडिंग और फिसलन वाले रास्तों को सुरक्षित बनाने पर भी जोर दिया गया। पार्किंग और यातायात व्यवस्था को लेकर मुख्य पार्किंग स्थल भरने की स्थिति में वैकल्पिक पार्किंग की व्यवस्था, अलग प्रवेश-निकास मार्ग, साइनेज तथा प्रमुख ट्रैफिक प्वाइंट पर पुलिस बल और वॉलंटियर तैनात करने का निर्देश दिया गया। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से महोत्सव स्थल तक श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त बसों की व्यवस्था करने को कहा गया। दुकानदारों के लिए अग्निशमन यंत्र अनिवार्य करने का निर्देश दिया गया। आयोजन स्थल और पहाड़ी मार्गों पर मेडिकल कैंप, चिकित्सक, दवाइयां, एंबुलेंस और स्ट्रेचर उपलब्ध रखने को कहा गया। पेयजल, अस्थायी शौचालय और 24 घंटे सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वन विभाग को श्रद्धालुओं के लिए बांस के बेंच और डस्टबिन लगाने को कहा गया। महोत्सव में स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट, एलईडी स्क्रीन, साउंड सिस्टम, सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे की व्यवस्था मजबूत की जाएगी। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और प्रमुख स्थानों पर मार्ग, पार्किंग, चिकित्सा केंद्र व अन्य सुविधाओं की जानकारी वाले सूचना पट और मानचित्र लगाने का भी निर्देश दिया गया।

# लुगुबुरु घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ में उपायुक्त ने की पूजा-अर्चना, महोत्सव की तैयारियों का शुभारंभ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोमिया प्रखंड के ललपनिया स्थित पवित्र लुगुबुरु घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ में रविवार को उपायुक्त अजय नाथ झा जिला प्रशासन की टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर जिले एवं राज्यवासियों की शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। साथ ही क्षेत्र में अमन-चैन, सामाजिक सौहार्द और निरंतर विकास के लिए प्रार्थना की। पूजा-अर्चना के साथ ही लुगुबुरु घांटाबाड़ी राजकीय महोत्सव-2026 की तैयारियों का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त ने कहा कि यह पवित्र स्थल श्रद्धा, आस्था, संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां आयोजित होने वाला राजकीय महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को सम्मान देने का अवसर है। इस दौरान उपायुक्त ने आयोजन समिति के सदस्यों के साथ लुगुबुरु घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ परिसर एवं आसपास चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की



प्रगति, श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं और महोत्सव को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने सभी विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए श्रद्धालुओं के लिए बेहतर एवं सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही श्रद्धालुओं की आस्था और भावनाओं का सम्मान करते हुए सभी व्यवस्थाओं को संवेदनशीलता के साथ पूरा करने पर जोर दिया। मौके पर जिला प्रशासन के संबंधित पदाधिकारी-कर्मी तथा आयोजन समिति के सदस्य बबुली सोरेन, सुरेंद्र, रोबिन हेंब्रम समेत अन्य लोग उपस्थित थे। सभी ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर जिले एवं राज्य की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

# तेज रफ्तार ट्रेलर सर्विस रोड किनारे दुकानों में घुसा, चाय दुकान क्षतिग्रस्त

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के लोहारबरवा में तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर सर्विस रोड किनारे स्थित दुकानों में जा घुस-ा। हादसे में एक चाय दुकान पूरी



तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि बगल में खड़ी चार मोटरसाइकिलें भी ट्रेलर की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गईं। गनीमत रही कि चाय दुकान में मौजूद दुकानदार बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार, लोहारबरवा स्थित सर्विस रोड किनारे सुनील की चाय दुकान और लिट्टी दुकान के पास अचानक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित हो गया और दुकानों की ओर जा घुसा। ट्रेलर की टक्कर से सुनील की चाय दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, दुकान के बाहर खड़ी चार मोटरसाइकिलों को भी नुकसान पहुंचा। दुकानदार के अनुसार, हादसे के वक्त वह दुकान में अकेले मौजूद थे। अचानक ट्रेलर के दुकान में घुसने से अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने किसी तरह वहां से हटकर अपनी जान बचाई। दुकानदार ने चाय दुकान को करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान होने का दावा किया है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर बरवाअड्डा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रेलर को हटाने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए पूरे मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

# निरंतर अभ्यास और सीखने की प्रवृत्ति से ही लक्ष्य हासिल होता है : ब्रजेश कुमार सिंह

## 37वें अखिल भारतीय जूडो एवं कुराश प्रतियोगिता का समापन, 100 खिलाड़ी एसजीएफआई के लिए चयनित

**बोकारो/रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कुदलुम, रांची में आयोजित पांच दिवसीय 37वें अखिल भारतीय जूडो एवं कुराश प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में देश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए विद्या भारती झारखंड के प्रदेश मंत्री डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि





खिलाड़ियों के अंदर सीखने की प्रवृत्ति ही उन्हें लक्ष्य तक पहुंचाती है। सीखने का जुनून निरंतर अभ्यास से विकसित होता है। जितना अधिक नियमित अभ्यास होगा, खेल प्रतिभा में उतनी ही गुणवत्ता आएगी। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के खिलाड़ी देश के भविष्य हैं और उन्हें स्वस्थ शरीर, अनुशासित जीवन तथा निरंतर अभ्यास के माध्यम से अपने लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता से चयनित करीब 100 खिलाड़ी एसजीएफआई की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों से अपनी सफलता के माध्यम से परिवार, समाज और विद्या भारती का नाम रोशन करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता का वृत्त प्रस्तुत करते हुए जूडो एवं कुराश के अखिल भारतीय संयोजक पप्पू कुमार ने बताया कि जूडो में 147 भैया और 130 बहनों सहित कुल 277 प्रतिभागियों, जबकि कुराश में 121 भैया और 115 बहनों सहित कुल 236 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जूडो से 52 और कुराश से 48 खिलाड़ियों का चयन एसजीएफआई के लिए हुआ। जूडो में पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र 138 अंकों के साथ प्रथम, राजस्थान 124 अंकों के साथ द्वितीय और उत्तर क्षेत्र 83 अंकों के साथ तृतीय रहा। कुराश में पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र 160 अंकों के साथ प्रथम, राजस्थान 82 अंकों के साथ द्वितीय और उत्तर क्षेत्र 71 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहा। समापन की घोषणा सुरेश मंडल ने की। धन्यवाद ज्ञापन दिनेश कुमार सिंह ने किया। अतिथियों का परिचय रामकेश पाण्डेय तथा मंच संचालन प्रदीप कुमार ने किया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ।

# युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही देश को आगे ले जाने में मिलेगी गति : विधायक

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इंकलाबी नौजवान सभा की महत्वपूर्ण बैठक धनबाद सर्किट हाउस में जिला संयोजक सोनू शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो मुख्य अतिथि तथा इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय महासचिव नीरज कुमार



विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में युवाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। देश को आगे ले जाने के लिए युवाओं को बढ़-चढ़कर आगे आना होगा। उन्होंने युवाओं से सामाजिक और सार्वजनिक मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा अभियान को प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाने की रणनीति पर विचार किया गया। इंकलाबी नौजवान सभा के आगामी सम्मेलन को लेकर भी चर्चा हुई। सम्मेलन की रूपरेखा, तैयारियों और इसमें युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा धनबाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संगठन के विस्तार और युवाओं से जुड़े मुद्दों को उठाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में राजीव मुखर्जी, विधायक प्रतिनिधि शीतल दत्ता, बिमल रवानी, सम्राट चौधरी, विजय रजक, मंटू कुमार, राजू कुमार रजक, मोहम्मद हसन अंसारी, टीटू सिंह, जितेंद्र शर्मा, सुजीत कुमार, महेश रवानी, प्रदीप कुमार महतो, नृपेंद्र कुमार झा, नागेंद्र राय, कृष्णा दान, आकाश भूमिज, सूरज दुबे, सनी सिंह, मिहिर कुमार दास, शेख अतीकुर रहमान, राज डे, शम्पादो बाउरी, आदित्य मुखर्जी, आकाशदीप महतो और चेतलाल महतो समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक के अंत में संगठन की मजबूती तथा जनहित के मुद्दों पर सक्रियता बढ़ाने को लेकर उपस्थित सदस्यों ने प्रतिबद्धता जताई।

# पितरों की अमूल्य धरोहर है सनातन धर्म, इसकी रक्षा हमारी जिम्मेदारी : गुरुदेव श्रीमाली

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेक्टर-4 स्थित बुद्ध विहार में रविवार को निखिल मंत्र विज्ञान (सिद्धाश्रम साधक परिवार) की ओर से एकदिवसीय पितृ प्रसन्न कुल देवी-देवता साधना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल समेत विभिन्न राज्यों से पहुंचे हजारों साधक-साधिकाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम परमपूज्य गुरुदेव श्री नंदकिशोर श्रीमाली के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

### एसआईआर को लेकर कांग्रेस का चुनाव आयोग पर हमला, डॉ. तौसीफ ने जांच की मांग उठाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास के रविंद्र भवन में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. एम. तौसीफ ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर बदलाव किए गए, जिसका राजनीतिक लाभ भाजपा को मिला। हालांकि, ये आरोप कांग्रेस की ओर से लगाए गए हैं। चुनाव आयोग स्वयं एसआईआर को मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया के रूप में संचालित कर रहा है। डॉ. तौसीफ ने दावा किया कि मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया में एक आईटी कंपनी की भूमिका रही और कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम भी काटे गए। उन्होंने एसआईआर की प्रक्रिया को गैरकानूनी बताते हुए इसकी जांच कराने और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग भी उठाई। साथ ही कहा कि मांगें पूरी नहीं होने पर कांग्रेस जिला स्तर से लेकर देशभर में आंदोलन करेगी। झारखंड कांग्रेस ने एसआईआर और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन का कार्यक्रम भी घोषित किया है।

# बोकारो में कर्ण कायस्थ महासभा का पारिवारिक स्नेह मिलन

## अंतर्राष्ट्रीय कर्ण कुंभ में भागीदारी का आह्वान



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेक्टर-5 स्थित बोकारो क्लब में कर्ण कायस्थ महासभा की स्थानीय इकाई की ओर से पारिवारिक स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी 19 एवं 20 दिसंबर को जमशेदपुर में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय कर्ण कुंभ सम्मेलन में बोकारो से अधिक से अधिक कर्ण कायस्थ समाज के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम में महासभा के पदाधिकारियों ने समाज के लोगों को सम्मेलन में शामिल होने का न्योता दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तन, मन और धन से सहयोग करने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक अनूप कुमार दत्त के अलावा कर्ण कायस्थ महासभा झारखंड के अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार, महासचिव निर्मला कर्ण, कर्ण समागम बोकारो के अध्यक्ष अनिल कुमार कर्ण, सचिव अमरनाथ लाल दास तथा महिला अध्यक्ष पुष्पा रानी कर्ण ने अधिक से अधिक लोगों से सम्मेलन में पहुंचने की अपील की। मौके पर जमशेदपुर चित्रगुप्त समिति एवं कर्ण कायस्थ महासभा के अशोक चौधरी और आशीष दास, धनबाद के महासचिव शिशिर कुमार, संयुक्त सचिव एवं कवि जीतेन्द्र प्रसाद कर्ण, कर्ण समागम बोकारो के महासचिव मिहिर चंद कंठ, कोषाध्यक्ष परिणव कुमार, उपाध्यक्ष राजेंद्र मल्लिक, सिधेश नारायण दास, संरक्षक विजय शंकर मल्लिक, चंद्रपति मल्लिक, उप महासचिव अमरनाथ लाल दास समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्थानीय बच्चों ने नृत्य और गीत की प्रस्तुति दी। इसके अलावा विजय शंकर मल्लिक, जीतेन्द्र प्रसाद कर्ण, राजीव कंठ और निर्मला कर्ण ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में कर्ण कायस्थ महासभा बोकारो के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# बोकारो में रातभर पुलिस का विशेष अभियान, सिटी डीएसपी ने किया औचक निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जमशेदपुर में मंत्री की पुत्री की सड़क हादसे में मौत के बाद राज्य में सड़क सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन की सक्रियता बढ़ गई है। इसी क्रम में बोकारो एसपी के निर्देश पर देर रात शहर में विशेष चेकिंग और निगरानी अभियान चलाया गया। सिटी डीएसपी राजीव रंजन ने खुद सड़क पर उतरकर शहर के तीन प्रमुख थाना क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। सिटी डीएसपी ने सेक्टर-4, सेक्टर-6 और बीएस सिटी थाना क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्ती दल और रक्षक राइडर की सक्रियता का जायजा लिया। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की हाजिरी भी जांची गई। डीएसपी ने पुलिसकर्मियों को रात्रि गश्ती व्यवस्था को और प्रभावी बनाने तथा संवेदनशील इलाकों में लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया।



**गश्ती व्यवस्था की जांच, एंटी क्राइम और ड्रंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान चला**

औचक निरीक्षण के साथ पुलिस टीम ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान भी चलाया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन जांच की गई। वाहनों के कागजात की भी जांच की गई। पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई के लिए ड्रंक एंड ड्राइव अभियान चलाया। अभियान के दौरान वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रात्रिकालीन गश्ती, वाहन जांच और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी का अभियान आगे भी जारी रहेगा। मंत्री की पुत्री की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद सड़क सुरक्षा को लेकर राज्य स्तर पर दिए गए निर्देशों के बीच बोकारो पुलिस की यह कार्रवाई सामने आई है। देर रात चले अभियान में अपराध नियंत्रण, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी और सड़क सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया।

### जितिया पर्व से पहले जरूरतमंदों के बीच बांटी साड़ी, धोती और गमछा

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार प्रखंड के बरई पंचायत अंतर्गत बेमरोटांड़ आदिवासी टोला में रविवार को वनवासी कल्याण केंद्र बोकारो जिला समिति की ओर से वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जितिया पर्व से पूर्व आयोजित सेवा कार्य के तहत जरूरतमंद और असहाय महिला-पुरुषों के बीच 100 साड़ी, 50 धोती और 50 गमछा वितरित किए गए। कार्यक्रम में वनवासी कल्याण केंद्र बोकारो जिला समिति के संरक्षक रत्नेश्वर प्रसाद, बोकारो महानगर के सदस्य गोपाल दुबे, जिला संगठन मंत्री आलोक कुमार माजी, पेटरवार प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार सिन्हा एवं कामेश्वर ठाकुर आर्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर संरक्षक रत्नेश्वर प्रसाद ने कहा कि जरूरतमंदों के बीच वितरित किए जा रहे वस्त्र ग्रामीण एवं आदिवासी समाज के प्रति प्रेम, सम्मान और अपनत्व का प्रतीक हैं।

# राष्ट्रीय पोषण माह के तहत रघुनाथपुर में जागरूकता शिविर आयोजित

**कसमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय पोषण माह के तहत सहयोगिनी संस्था की ओर से बागदा पंचायत के रघुनाथपुर गांव में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, किशोरियों एवं महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण और संतुलित आहार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में सहयोगिनी संस्था के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों और किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए परिवार और समुदाय को पोषण संबंधी जानकारी के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से नियमित और पौष्टिक भोजन लेने तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करने की अपील की। प्रशिक्षक कुमारी मंजू ने स्वास्थ्य एवं पोषण के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक



विकास के लिए पौष्टिक भोजन जरूरी है। उन्होंने जंक फूड के अत्यधिक सेवन से होने वाली परेशानियों के बारे में विस्तार से बताया और बच्चों को पौष्टिक एवं संतुलित आहार देने पर जोर दिया। इस दौरान बच्चों के पोषण, संतुलित आहार तथा जंक फूड से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। बोकारो जिला समाज कल्याण शाखा तथा फोर्सज झारखंड राष्ट्रीय पोषण माह के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन सहयोगिनी के द्वारा किया गया है। किशोरियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं किशोरियों ने स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याएं और सवाल भी साझा किए। मौके पर सहयोगिनी संस्था की एनिमेटर संगीता देवी, रूपा, सपना, अंजली, प्रीति, सीमा, पिंकी, भगवती, डोली एवं सहिया बिलासी देवी सहित अन्य महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK